सुप्रभात
रांची, सोमवार
27.02.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, अष्टमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 225



11 महिला टी20 विश्व कप : ऑस्ट्रेलिया छठी बार बना विश्व चैंपियन

ESTD : 2007 BACET
B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
Flagship Courses :
B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95%
•Bank Education Loan Facility.
•Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives.
•Thrust on Research & Development.
•Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on:
9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

## न्यूज डायरी

### नागालैंड में झारखंड पुलिस की बस पलटी, एक की मौत

रांची। नागालैंड में चुनाव ड्यूटी पर जा रहे झारखंड पुलिस के जवानों से भरी एक बस पलट गयी। हादसे में बस चालक की मौत हो गयी। कई जवान घायल हैं। बस में सवार सभी जैप और आईआरबी के जवान हैं। दुर्घटना का कारण बस का ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि ड्राइवर नागालैंड के लोकल बस का चालक था।

### पुलवामा में एक बार फिर कश्मीरी पंडित की हत्या

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर टारगेट किलिंग की घटना सामने आयी है। आतंकियों ने एक कश्मीरी पंडित संजय पंडित (40) को निशाना बनाया। वह बैंक का सुरक्षागार्ड था। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है।

### गुजरात में भूकंप के झटके, अफरातफरी

राजकोट। गुजरात के राजकोट में रविवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किये गये। लोग घरों से निकल गये। भूकंप का केंद्र राजकोट से 270 किमी दूर था। इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.3 की थी। भूकंप से जिले समेत आस-पास के जिलों में लोगों के बीच भय का माहौल बन गया।

### 8 घंटे पूछताछ के बाद मनीष सिसोदिया गिरफ्तार

नयी दिल्ली। शराब घोटाले में डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को लंबी पूछताछ के बाद रविवार देर शाम सीबीआइ ने अरेस्ट कर लिया। हाजिर होने से पहले सुबह सिसोदिया ने राजघाट जाकर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद रोड शो करते हुए वह सीबीआइ दफ्तर पहुंचे थे। पूछताछ के विरोध में दिल्ली भर में आप के कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन किया। ( पेज 12 भी देखें)

### खूंटी में गैस सिलेंडर फटा, बच्चे की मौत

रांची। खूंटी के घनी आबादी वाले महादेव टोली में रविवार शाम एक गैस सिलिंडर फटने से मकान में आग लग गयी, जिसमें झुलस कर एक बच्चे की मौत हो गयी। वहीं परिवार के चार सदस्य गंभीर रूप से झुलस गये। मृत बच्चा सिकंदर लाल का पुत्र शुभम (4) है। गंभीर रूप से घायल पिता सिकंदर लाल, मां नीलू देवी, छह वर्षीय भाई सुमित लाल और नाना सुरेश लाल को रिम्स रांची रेफर कर दिया गया।

### सिमडेगा की दो बच्ची राष्ट्रीय कैंप में चयनित

रांची। सिमडेगा की 2 महिला फुटबॉल खिलाड़ी विकसित बाड़ा और सौलीना डांग का चयन अंडर-17 भारतीय महिला फुटबॉल टीम के राष्ट्रीय कैंप के हुआ है। 20 से बांग्लादेश में अंडर-17 सैफ महिला फुटबॉल चैंपियनशिप 2023 का आयोजन होना है।

## राज्यपाल के अभिभाषण के साथ आज से बजट सत्र

# यूपीए ने बनायी विपक्ष की धार कुंद करने की रणनीति

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। इसे लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन सोमवार को अपना अभिभाषण पढ़ेंगे। स्पीकर रवींद्र नाथ महतों ने सदन में दोनों पक्षो से संयम बरतने और कार्यवाही सुचारू ढंग से चलाने में सहयोग का आग्रह किया। वजट सत्र को ले कर सत्ता पक्ष की रविवार को सीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में विपक्ष क की धार को कुमद करने की रणनीति बनायी गयी। सीएम हेमंत ने वरिष्ठ सहयोगियों को कई टास्क दिये। बैठक में कहा गया कि सदन में विपक्षी दलों के सवालों का वे हर सवाल का करारा जवाब देने को तैयार हैं। वहीं दूसरी ओर विपक्षी दल सोमवार को ही बैठक कर अपनी रणनीति तय करेंगे। स्पीकर की बुलाई बैठक में विपक्षी दलों भाजपा व आजसू पार्टी ने हिस्सा न लेकर अपना इरादा साफ कर दिया है। (शेष पेज 11 पर)

**विपक्षी दल आज बैठक करेंगे**



### सीएम की अध्यक्षता में बैठक

बजट सत्र को लेकर सत्तारूढ़ महागठबंधन के नेताओं ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास पर बैठक की। बैठक में सीएम ने अपने वरिष्ठ सहयोगियों को बजट सत्र को लेकर टास्क दिया। इसमें विपक्ष की धार को कुंद करने की रणनीति बनायी गयी। बैठक में बजट पेश करने की तैयारियों के अलावा सदन में विपक्षी दलों के सवालों और रणनीतियों का तोड़ निकालने पर भी मंथन किया गया। बैठक में सारे मंत्रियों व विधायकों ने कहा कि विपक्ष के हर सवाल का करारा जवाब दिया जायेगा। बैठक में मंत्री बन्ना गुप्ता, मिथलेश ठाकुर, जोबा माझी, चंपई सोरेन, सत्यानंद भोक्ता, हफीजुल हसन, बादल पत्रलेख, विधायक दीपिका सिंह पांडे, अंबा प्रसाद, शिल्पी नेहा तिर्की, सीता सोरेन, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर कांग्रेस सहित यूपीए के कई नेता मौजूद थे।

# कड़ी सुरक्षा के बीच आज रामगढ़ में होगी वोटिंग

## सुबह 7 से शाम 5 बजे तक 405 बूथों पर मतदान



### ➲ मतदानकर्मी रवाना निषेधाज्ञा लागू

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। कड़ी सुरक्षा के बीच रामगढ़ विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए सोमवार को वोटिंग होनी है। प्रशासन ने जिले में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा आदेश जारी कर दिया है। रामगढ़ में मौजूद विभिन्न दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं को बाहर चले जाने को कहा गया है। पांच या इससे अधिक व्यक्ति एक साथ कहीं भी जमा नहीं होंगे। रविवार को रामगढ़ कॉलेज परिसर से सेक्टर अधिकारी और पोलिंग पार्टी को रवाना किया गया। मौके पर मौजूद डीसी माधवी मिश्रा ने मतदान कार्य में लगे 2025 कर्मचारियों को शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त चुनाव संपन्न कराने की बात कही। डीसी ने सभी कर्मचारियों को शुभकामना देते हुए रवाना किया। (शेष पेज 11 पर)

### 335734 वोटर डालेंगे वोट

डीसी ने बताया कि रामगढ़ विधानसभा में कुल 335734 मतदाता हैं। इनमें 173550 पुरुष एवं 162184 महिला मतदाता हैं। डीसी माधवी मिश्रा, एसपी पीयूष पांडे सहित अन्य वरीय अधिकारियों ने डिस्पैच सेंटर पर उपस्थित रहकर कार्यों का जायजा लिया और सभा को शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त तरीके से मतदान संपन्न कराने के लिए शुभकामनाएं दी। डीसी ने सभी सेक्टर दंडाधिकारी व मतदान पदाधिकारियों को मतदान के दिन समय का विशेष रूप से ध्यान रखने एवं निर्धारित समय पर मतदान शुरू कर देने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान बतायी गयी बातों को ध्यान में रखते हुए कार्य करने का निर्देश दिया।

## कांग्रेस अधिवेशन : भारत जोड़ो यात्रा-2 समेत कई संकल्प

# कांग्रेस सत्याग्रही पर भाजपा सत्ताग्राही

एजेंसी

रायपुर। कांग्रेस ने भाजपा और आरएसएस की विभाजनकारी ताकतों को परास्त करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा 2.0 शुरू करने और मोदी की मित्रवादी पूंजीवाद के खिलाफ जनजागृति अभियान चलाने का संकल्प लिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के किसानों, मजदूरों, दलितों के हितों के लिए लड़ने, बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ आवाज बुलंद करने और नफरत की विचारधारा के खिलाफ लड़ाई को और मजबूती से लड़ने के आह्वान के साथ कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न हो गया।

कृषि नीति, विदेश नीति, सामाजिक न्याय समेत 6 प्रस्ताव पर चर्चा हुई तीन दिन तक चले इस अधिवेशन के बाद कांग्रेस ने रायपुर में हाथ से हाथ जोड़ो जनसभा की। इसमें कांग्रेस नेताओं ने मोदी सरकार पर निशाना साधा। राहुल गंधी ने कहा, महात्मा गांधी सत्याग्रह की बात करते थे। सत्याग्रह का मतलब सत्य के रास्ते को कभी मत छोड़ो। हम सत्यग्राही हैं, लेकिन आरएसएस-भाजपा वाले सत्ताग्राही हैं। वे सत्ता के लिए किसी से भी मिल जायेंगे। (शेष पेज 11 पर)



### पूरब से पश्चिम तक निकलेगी यात्रा

राहुल गांधी ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष तपस्या को आगे बढ़ाने का कार्यक्रम तैयार करें, जिसमें सभी भाग लेने के लिए तैयार हैं। राहुल कई मौकों पर अपनी इस यात्रा को तपस्या का नाम दे चुके हैं। राहुल ने कांग्रेस के सभी नेताओं कार्यकर्ताओं से इसमें जुड़ने की अपील की। महाधिवेशन के समापन के बाद जयराम रमेश ने कहा, संभावना है कि यह यात्रा पासीघाट से शुरू हो और इसका समापन पोरबन्दर में हो। कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब देश के पूर्वी हिस्से से पश्चिमी भाग के बीच यात्रा निकालने पर विचार रही है। कांग्रेस महासचिव ने बताया कि कुछ हफ्ते में सबकुछ तय कर लिया जायेंगे।

### प्रियंका गांधी ने मोदी सरकार को घेरा

हाथ से हाथ जोड़ो जनसभा में प्रियंका गांधी ने कहा कि " संविधान आपको व्यक्तिगत आजादी और धार्मिक आजादी देता है। हाल के दिनों में सरकार ने मीडिया को दबाकर रखा है। न्यायपालिका पर दबाव डालने का काम किया गया है। कई मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी बात करना चाहती है लेकिन सरकार उन चर्चाओं को रोकने का काम करती है। हमारे नेताओं की सदन में कही बातों को रिकॉर्ड से मिटाने का काम हो रहा है। छत्तीसगढ़ में ईडी और इनकम टैक्स के छापे पड़े हैं। हमारे नेताओं पर दवाब डाला जा रहा है, लेकिन हमारे कार्यकर्ता इससे डरने वाले नहीं है।

## पीएम मोदी से मिले झारखंड के राज्यपाल

रांची। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को प्रधानमंत्री मोदी से नयी दिल्ली में भेंट की। पीएम से मुलाकात में राज्यपाल ने झारखंड के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल की पीएम मोदी से यह शिष्टाचार मुलाकात थी। इससे पहले शनिवार को उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी मुलाकात की थी।



## राष्ट्रीय महिला हॉकी : झारखंड ने हरियाणा को हराकर जीता कांस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। आंध्रप्रदेश के काकीनाडा में 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में रविवार को झारखंड की महिला टीम ने अपने प्रतिद्वंद्वी हरियाणा को 2-1 गोल से पराजित कर कांस्य पदक जीता। झारखंड टीम की ओर से रोशनी डुंगडुंग 25वें मिनट में तथा रेशमा सोरेंग ने 59 वें मिनट में 1-1 फील्ड गोल किये। वहीं हरियाणा की ओर से मैच के अंतिम मिनट के अंतिम पल में देविका सेन ने फील्ड गोल कर जीत के अंतर को कम करते हुए 2-1 कर दी। अलबेला रानी टोप्पो को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब मिला। चैंपियनशिप में अलबेला रानी को खेले गये पांच मैचों में तीन मैचों में मिला प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला है। हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोला नाथ सिंह ने खिलाडियों को प्रोत्साहित किया।

### पंजाब की जेल में गैंगवार, तीन की मौत

चंडीगढ़। पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के कत्ल में शामिल 3 गैंगस्टरों की गोइंदवाल जेल में हत्या कर दी गयी। गैंगस्टर मनदीप सिंह तूफान की जेल में हवालातियों के साथ मामूली बात को लेकर झड़प हो गयी थी। हवालातियों ने मारपीट के बाद उसे मौक के घाट उतार दिया। मनदीप सिंह तूफान के साथ मनमोहन सिंह मोहना की भी मौत हो गयी। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के दिन मनदीप तूफान भी घटनास्थल से कुछ ही दूर पर मौजूद था। तीसरा एक अन्य गैंगस्टर केशव गंभीर जख्मी बताया जा रहा है।

## मन की बात धनबाद से एमबीबीएस करने वाले डॉक्टर मणि से की बात

# ई-संजीवनी मध्यम वर्ग के लिए जीवनदायिनी बना : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने 98 वें 'मन की बात' में पीएम ने 'एकता दिवस' की विशेष तीन प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा करते हुए कई विषयों पर चर्चा की। मन की बात को जन भागीदारी की अभिव्यक्ति का महान प्लेटफॉर्म बनाने के लिए देशवासियों का आभार जताया। पीएम मोदी धनबाद से डॉक्टरी की पढ़ाई करनेवाले सिक्किम के डॉ मदन मणि से ई-संजीवनी ऐप के बारे में बात की। डॉ मदन मणि ने पीएम को बताया कि टेलीमेडिसिन का अनुभव बहुत अच्छा रहा है। वीडियो कंसल्टेंट के माध्यम से 10 करोड़ लोगों का इलाज करने को बड़ी उपलब्धि बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि ई-संजीवनी ऐप के माध्यम से डॉक्टर और मरीज के बीच अद्भुत नाता बन रहा है। (शेष पेज 11 पर)



**ई-संजीवनी एप से मरीज-डॉक्टर में बना अद्भुत नाता :** वीडियो कंसल्टेंट के माध्यम से 10 करोड़ लोगों का इलाज करने को बड़ी उपलब्धि बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि ई-संजीवनी ऐप के माध्यम से डॉक्टर और मरीज के बीच अद्भुत नाता बन रहा है। भारत के लोगों ने तकनीक को कैसे अपनाया है, उसका यह जीवंत उदाहरण है। टेली कंसल्टेंट कैसे लाभप्रद हुआ है, यह जानने के लिए पीएम ने सिक्किम के डॉ मदन मणि से बात की, जिन्होंने धनबाद के पीएमसीएच से एमबीबीएस किया था। बनारस से उन्होंने एमडी की थी। बातचीत में डॉ मदन मणि ने कहा कि टेलीमेडिसिन का अनुभव बहुत अच्छा रहा है। सिक्किम जैसे पहाड़ी राज्यों में ई-संजीवनी को डॉ मणि ने काफी कारगर बताया। पीएम ने डॉ मदन मणि से अपने निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी जाकर बदले हुए वाराणसी को देखने का आग्रह भी किया। पीएम ने उनसे पूछा कि वर्चुअल माध्यम में कैसे आप मरीजों को देखते हैं। इस पर डॉक्टर मदन मणि ने कहा कि वीडियो कॉल के माध्यम से उपस्थिति फिजिकल ही होती है। पीएम ने मरीज के रूप में मदन मोहन का ई-संजीवनी का अनुभव जाना और कहा कि मध्यम वर्ग के लिए ई-संजीवनी जीवनदायिनी बन रहा है।

झारखण्ड सरकार
मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग
मतदाताओं के लिए आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त निदेश के आलोक में **झारखण्ड राज्य अन्तर्गत 23-रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव 2023** में, सभी मतदाता जिन्हें निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किये गये है, मतदान स्थल पर मत डालने से पहले पहचान सुनिश्चित करने हेतु अपना **निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC)** दिखाएंगे तथा ऐसे निर्वाचक, जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC) प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा, तदनुसार निम्न दस्तावेज पहचान हेतु स्वीकार किये जायेंगे:-

1 निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC)
**वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज:-**
2 आधार कार्ड
3 मनरेगा जॉब कार्ड
4 बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक
5 श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड
6 ड्राइविंग लाइसेंस
7 पैन कार्ड
8 एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड
9 भारतीय पासपोर्ट
10 फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज
11 केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र
12 सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र।
13 यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।

किसी अन्य सभा निर्वाचन-क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC) भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे बशर्ते निर्वाचक का नाम जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदान स्थल से संबंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध हो। यदि फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण निर्वाचक की पहचान सुनिश्चित करना संभव न हो तब निर्वाचक को उपर्युक्त वर्णित किसी एक वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

फोटो मतदाता पर्ची को मतदान केन्द्र में पहचान के उद्देश्य के लिए स्वीकार नहीं किया जाएगा। आपसे अपेक्षित है कि आप मतदान के लिए निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC) या आयोग द्वारा उपरोक्त निर्दिष्ट वैकल्पिक दस्तावेजों में से एक मतदान के समय अपने साथ अवश्य लाए।

प्रवासी निर्वाचक को, जो अपने पासपोर्ट में उल्लेखित विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत है, को मतदान केन्द्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा कोई अन्य दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जायेगा।

**झारखण्ड राज्य अन्तर्गत 23-रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अपील है कि निर्भिक एवं स्वतंत्र रूप से मतदान हेतु निर्धारित तिथि दिनांक-27.02.2023 को मास्क का प्रयोग एवं Social Distancing का पालन करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी
झारखण्ड, रॉंची।

NO VOTER TO BE LEFT BEHIND

PRNO 291295 ( ELECTION) IPRD 22-23

सभी मेहमानों को उपहार स्वरूप भेंट की जायेंगी झारखंड की पारंपरिक वस्तुएं

# राजधानी में 2 मार्च को होगी जी-20 की बैठक मड़ुआ खायेंगे व डोकरा ले जायेंगे डेलिगेट्स

**निशानी के तौर पर दिये जायेंगे सिल्क के पारंपरिक जैकेट, झारक्राफ्ट को दिया गया है ऑर्डर**

**140** पीस बुकमार्क डायरी | **100** सिल्क के बने जैकेट | **200** डोकरा फ्रेमिंग




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची में 2 मार्च को जी-20 की बैठक होगी। झारखंड आने वाले जी-20 देशों के डेलीगेट्स के स्वागत तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 20 देशों के लगभग 60 डेलीगेट्स एक मार्च को ही रांची पहुंच जाएंगे। विदेशी मेहमान यहां पर मड़ुआ से बने पकवान के साथ ही पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चखेंगे। साथ ही उन्हें यादगार के तौर पर झारखंड की पारंपरिक वस्तुएं उपहार स्वरूप भेंट की जाएंगी। इन उपहारों को तैयार करने की जिम्मेदारी झारक्राफ्ट को सौंपी गयी है। सरकार की ओर से झारक्राफ्ट को जिन उपहारों का ऑर्डर दिया गया है, उनमें लगभग 140 पीस बुकमार्क डायरी, 100 सिल्क के बने पारंपरिक जैकेट, लगभग 200 पीस ट्रेडिशनल डोकरा फ्रेमिंग सहित अन्य वस्तुएं शामिल हैं। झारखंड में स्थानिक आयुक्त को ओवरऑल को-ऑर्डिनेशन के लिए नोडल अफसर नामित किया गया है।

### एक से चार मार्च तक पूरा होटल बुक

जी-20 की बैठक रांची के पांच सितारा होटल रेडिशन ब्लू में होगी। होटल के सभी कमरे एक मार्च से चार मार्च तक के लिए बुक कर दिए गए हैं। इस दौरान बाहरी लोगों का प्रवेश होटल में वर्जित रहेगा। राज्य सरकार द्वारा रेडिशन ब्लू के अलावा कुछ कमरे होटल बीएनआर में भी बुक कराए गए हैं। कुल सौ कमरे बुक कराए जा चुके हैं। विभाग की ओर से होटल को पूरा मेन्यू उपलब्ध करा दिया गया है। इसमें पारंपरिक व्यंजनों को प्राथमिकता दी गई है। उन्हें मिलेट्स भी परोसे जाएंगे।

### पतरातू लेक देखने जायेंगे डेलिगेट्स

03 मार्च को जी-20 देशों के डेलीगेट पतरातू लेक का भ्रमण करेंगे। डेलीगेट्स पतरातू भ्रमण के दौरान सिल्क वैली देखने जा सकते हैं। इस दौरान रेडिशन ब्लू होटल से लेकर कांके रोड होते हुए पतरातू लेक तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। वहीं, पतरातू रिसॉर्ट में झारखंड की मुख्य पारंपरिक वस्तुओं और कला से संबंधित प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जा रहा है। इसमें पेंटिंग्स की बिक्री भी की जाएगी। विदेशी मेहमान अपनी पसंद के अनुसार पेंटिंग्स खरीद सकेंगे।

## समिट के दौरान चार लेयर में रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

**20 इंस्पेक्टर, 10 डीएसपी समेत 500 जवान तैनात**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची पुलिस ने विधानसभा व दो-तीन मार्च को आयोजित को जी-20 देशों की बैठक के लिए चार लेयर में सुरक्षा व्यवस्था की है। रांची एसएसपी किशोर कौशल ने सुरक्षा को लेकर 20 इंस्पेक्टर, 10 डीएसपी और पांच सौ जवानों को तैनात किया है। सुरक्षा में किसी प्रकार की कोई कोताही नहीं हो, इसका खास ख्याल रखा गया है। एसएसपी ने बजट सत्र के दौरान लोगों के साथ शालीनता और कुशल व्यवहार के साथ आने का भी टिप्स दिया है। विधानसभा के आसपास कई जगहों पर बैरिकेडिंग की भी व्यवस्था की जा रही है।

**तैनाती के दौरान मोबाइल के इस्तेमाल पर रोक :** विशेष सत्र के दौरान ड्यूटी पर तैनात रहनेवाले पुलिस के पदाधिकारियों और जवानों को मोबाइल का इस्तेमाल ना करने की सख्त हिदायत दी गइ है। यदि जवान ड्यूटी के दौरान मोबाइल का इस्तेमाल करते मिले तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा के दौरान हटिया, धुर्वा, नगड़ी, जगन्नाथपुर, डोरंडा और अरगोड़ा थाना को विशेष रूप से सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। उन्हें नियमित सड़कों पर गश्त करते रहने का निर्देश जारी किया गया है।

## भाजपा सदन में नाटक करने की कर रही तैयारी : इरफान अंसारी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आज से शुरू हो रहे बजट सत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए जामताड़ा विधायक डॉक्टर अंसारी ने कहा कि भाजपा वाले जनता के सवालों की तैयारी नहीं बल्कि नाटक करने की तैयारी कर रहे हैं। यह सही परंपरा नहीं है। सदन चलाने में विपक्षी दल को भी सहयोग करना चाहिए। जनता को अपने नेताओं से काफी उम्मीदें रहती हैं परंतु यह बातें भाजपा वालों को समझ में नहीं आती है। कोई भी मुद्दा हो उसे पटल पर रखना चाहिए। वाद विवाद होनी चाहिए। मैं पुनः भाजपा वालों से आग्रह करता हूं की आप लोग सदन चलाने में सहयोग करें। पूरे झारखंड की जनता बड़े ही उम्मीद से बजट सत्र का इंतजार कर रही है।

## प्रारंभिक विद्यालयों में लैपटॉप और नेट रिचार्ज देने की मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा की राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में सभी कार्य अब ऑनलाइन किया जा रहा है। स्कूली एवं साक्षरता विभाग से सभी तरह के आदेश दिए जा रहे हैं। परंतु विडंबना है कि अधिकतर स्कूलों में (टैब व स्कैनर 90 प्रतिशत ) टैब खराब हैं। ऐसी परिस्थिति में विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक का कार्य ऑनलाइन कर पाना काफी मुश्किल है। शिक्षक अपने निजी मोबाइल से कितने तरह के कार्य को अंजाम देंगे। ऐसी स्थिति में शिक्षक कार्य बहिष्कार से इंकार भी नही किया जा सकता है। संघ स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से मांग करती है की प्रदेश के सभी प्राथमिक और मध्य विद्यालय को लैपटॉप व स्कैनर तत्काल मुहैया किया जाये। साथ ही प्रत्येक महीना नेट रिचार्ज की राशि भी उपलब्ध की जाए, क्योंकि शिक्षा विभाग सभी तरह के कार्य ऑनलाइन करने पर दबाव बनाया जाता है और सुविधा देने के नाम पर विभाग शून्य है। इसको लेकर प्रदेश के शिक्षको में काफी आक्रोश और उबाल है, जो कभी भी फट सकता है ।

## झापा में शामिल हुए एनुल हक



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** स्थानीय कार्निवल में रविवार को झारखंड पार्टी का कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यकर्ता मिलन समारोह में पूर्व कांग्रेस नेता एनुल हक अंसारी अपने समर्थकों के साथ झापा में शामिल हुए। केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अजीत कुमार ने सभी को पार्टी में शामिल कराया। एनुल हक अंसारी ने कहा कि वे लगभग 25 वर्ष तक कांग्रेस पार्टी से जुड़े रहे। विभिन्न पदों पर भी रहकर जिम्मेदारी संभाली, लेकिन वर्तमान में कांग्रेस पार्टी जनमुद्दों से भटक चुकी है। कांग्रेस पार्टी में काम करने वाले कार्यकर्ता जो दिन-रात पार्टी को सींचे उन्हें नजरअंदाज किया जा रहा है। वर्तमान झारखंड कांग्रेस की हालत ऐसी हो चुकी है कि यहां पर खुद कार्यकर्ता जन मुद्दों को लेकर आवाज नहीं उठा सकते। लोगों का भरोसा अब सिर्फ झारखंड पार्टी से है। यह पार्टी, माटी का पार्टी है।

वहीं पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष अजीत कुमार ने कहा कि हमारे लिए खुशी की बात है कि ऐनुल हक अंसारी कांग्रेस पार्टी को छोड़कर झापा में शामिल हो रहे हैं। जो जनमानस की भावनाओं को समझता है वहीं नेता होता है। ऐनुल हक जनमानस से जुड़े हुए हैं। इनके आने से पार्टी मजबूत होगी। पार्टी के महासचिव अशोक कुमार भगत ने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और भाजपा से कई नेताओं का मोह भंग हो रहा है। ऐसे नेता दूसरे दल में जाने का मन बना रहे हैं।

झापा जल जंगल और जमीन की बात करती है उसका संरक्षण के लिए हमेशा आंदोलन किया है। यहां के लोगों की बुनियादी बातों को झापा उठाने का काम करती रही है।

## भाजपा की विचारधारा आदिवासियों को स्वीकार नहीं, उनका हित कांग्रेस के हाथ में : बंधु तिर्की

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने रायपुर में आयोजित कांग्रेस के 85वें राष्ट्रीय अधिवेशन भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने केवल और केवल शब्दों के मायाजाल में आदिवासियों सहित सभी लोगों को फंसा रखा है। उन्हें आदिवासियों के हित का ध्यान नहीं है और न ही आदिवासियों के लिए उन्होंने कोई काम किया है। भाजपा की विचारधारा आदिवासियों को बिल्कुल भी स्वीकार नहीं है। भारत में अबतक आदिवासियों के उन्नयन और उनके सामाजिक-आर्थिक विकास का ध्यान सिर्फ कांग्रेस ने ही रखा है। बंधु तिर्की जिस समय बोल रहे थे उस वक्त अधिवेशन में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, के.सी. वेणुगोपाल, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित अन्य नेता भी मौजूद थे।

### पेसा, वनाधिकार कानून कांग्रेस की देन

श्री तिर्की ने कहा कि कांग्रेस ने ही आदिवासियों के हित में पेसा कानून, जनजातियों के लिए उप योजना, वनाधिकार कानून आदि के साथ ही संविधान पांचवीं और छठी अनुसूची के प्रावधान सहित अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये। बावजूद 8-9 वर्षों के शासनकाल में भाजपा ने शब्दों के भ्रमजाल में आदिवासियों को भरमाया है। आदिवासी भोले-भाले होते हैं। वे इस तरीके के मकड़जाल में फंस जाते हैं लेकिन अब आदिवासी हकीकत समझ रहे हैं।

### आदिवासी रेजिमेंट बनाने की मांग

अधिवेशन में सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्रारूप समिति में शामिल बंधु तिर्की ने कहा कि देश में विभिन्न जातियों और समुदायों की तरह ही आदिवासियों के नाम पर भी आदिवासी रेजिमेंट का गठन किया जाना चाहिये। इससे देश का विशाल जनजातीय समुदाय भावनात्मक रूप से न केवल मजबूत होगा बल्कि इससे झारखण्ड के स्वतंत्रता सेनानियों और आजादी के बाद विभिन्न युद्ध में अपना सर्वोच्च बलिदान और योगदान करनेवाले आदिवासियों की ओर भी देश का ध्यान जायेगा।

## प्राचीन विरासत और आधुनिक तकनीक के समन्वय से उभर रहा है नया भारत : भाजपा

**भाजपाइयों ने सुना पीएम के मन की बात कार्यक्रम का 98वां संस्करण**





खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पीएम मन की बात कार्यक्रम रविवार को झारखंड के हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना-समझा। प्रदेश के सभी जिलों, मंडलों में बूथों पर कार्यक्रम को सुना गया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने रांची महानगर जिलांतर्गत हरमू मंडल के बूथ संख्या 192 पर, नेता विधायक दल बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह जिलांतर्गत कोदाई बांक गांव के बूथ पर, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने रांची ग्रामीण जिला अंतर्गत खिजरी विधान सभा क्षेत्र के 192नंबर बूथ पर कार्यक्रम को सुना। इसके अलावा डॉ प्रदीप वर्मा भी खिजरी में उपस्थित थे।

सांसद आदित्य साहू ने ओरमांझी मंडल के कुचु बूथ पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में भाग लिया। श्री प्रकाश ने कहा कि अब जन की बात कार्यक्रम बन चुका है पीएम मन की बात। प्रधानमंत्री के संबोधन में पूरा भारत एक माला की तरह पिरोया रहता है। जनता और भाजपा के कार्यकर्ता हर महीने के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले कार्यक्रम मन की बात का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम आम आदमी के दिलों को छूता है। प्रधानमंत्री के संबोधन में भारत की सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक सरोकारों और सांस्कृतिक पहचान की झलक दिखाई पड़ती है। पार्टी के सभी जिला एवं मंडलों में अपने-अपने बूथों पर पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि गण ने कार्यकर्ता के साथ मन की बात सुनी।

## सरना धर्मकोड महारैली की अंतिम तैयारी बैठक 5 को

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** रांची के मोरहाबादी मैदान में आहूत सरना धर्म कोड महारैली की तैयारी को लेकर धर्मगुरु बंधन तिग्गा की अध्यक्षता में रविवार को बैठक हुई। इसमें झारखंड के विभिन्न जिलों के साथ छत्तीसगढ़ के सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में नेताओं ने कहा कि आजादी के बाद आदिवासी समाज, संस्कृति तथा धार्मिक अवस्था और संवैधानिक अधिकारों के साथ न केवल छेड़छाड़ तथा अतिक्रमण हुआ है, बल्कि सीधा हमला हुआ है। देश के आदिवासी अब बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस तैयारी बैठक में संकल्प लिया गया कि सरना धर्म कोड महारैली में 5 लाख से अधिक सरना धर्मावलंबी भाग लेंगे। इस महारैली में देश के विभिन्न राज्यों सहित नेपाल, भूटान, बंग्लादेश इत्यादि देशों के सरना धर्मावलंबी से भाग लेंगे।

बैठक में सरना धर्म कोड महारैली को सफल बनाने संबंधी दिशा-निर्देश दिया गया। यह भी बताया गया कि सरना धर्म कोड महारैली की अंतिम तैयारी बैठक 5 मार्च को देशाउलि हरमू में होगी। इसमें राज्य के विभिन्न जिलों के साथ पड़ोसी राज्यों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

बैठक में डॉ करमा उरांव, विद्यासागर केरकेट्टा, मथुरा कंडीर, नारायण उरांव, अमर उरांव, बलकु उरांव, रंथु उरांव, एतवा किस्पोटा, कमले उरांव, बुधवा उरांव, बीरेन्द्र उरांव, जयप्रकाश भगत, राजेश भगत, सुकरा तिर्की, माधो कच्छप, संदीप उरांव, शिवशंकर उरांव, सुभासिनी पुर्ती, जमुना मुंडू, बंड़ेया नाग, करमी तोपनो, फूलमनी समद, पालो समद, सुरेंद्र उरांव, भुवनेश्वर बेदिया, बुधन उरांव, राजेश भगत, शंकर भगत, सुखदेव भगत, तानसेन गाड़ी, अस्मितमन तिर्की, चंपा कुजूर, सुदर्शन उरांव, अनीता उरांव, शिवदयाल उरांव, सोमा लकड़ा, अजय उरांव आदि प्रतिनिधि थे।

## सीबीएसइ ने लांच किया रीडिंग एप

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने विद्यार्थियों में पुस्तक पठन की रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से सीबीएसई रीडिंग एप लॉच किया है। इस एप को गूगल प्ले स्टोर और एप स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। इस एप के जरिए ऑनलाइन किताबें पढ़ी जा सकेंगी। इस एप की मदद से कक्षा नर्सरी से आठ तक के विद्यार्थी किताबों को टेक्स्ट, ऑडियो एवं वीडियो के जरिए ऑनलाइन पढ़ सकेंगे। सीबीएसई के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 ने लाइब्रेरी का महत्व बढ़ाने और देशभर में पढ़ने की संस्कृति बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण बाल साहित्य उपलब्ध कराने की सिफारिश की है। सीबीएसई ने छात्रों में पढ़ने के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए वर्ष 2021 में रीडिंग मिशन की शुरूआत की थी। छात्रों और शिक्षकों को बड़े पैमाने पर अंग्रेजी और हिंदी की कहानियों की पुस्तकें पढ़ने की सुविधा दी गई थी। इस एप में नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के लिए छात्रों के लिए पाठ्य सामग्री शामिल है। इसकी सहायता से छात्रों में रचनात्मकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। साथ ही उनकी पढ़ने की आदत और शब्दावली बढ़ेगी। उनके सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी। यह जानकारी सीबीएसई को स्टेट को-ऑडिनेटर सह डीपीएस के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने दी।

**ऐसे करें डाउनलोड :** एंड्रायड फोन होने पर गूगल प्ले स्टोर और एपल होने पर एप स्टोर पर जाएं। सीबीएसई रीडिंग एप फॉर फ्रीडम सर्च कर डाउनलोड करें। डाउनलोड होने के बाद एप ओपन कर गेट स्टार्टेड बटन पर क्लिक करें और अधिक जानकारी के लिए सीबीएसई की ऑफिसियल वेबसाइट देख सकते हैं।

संभवतः झारखंड देश का पहला राज्य जहां के विधानसभा की कार्यवाही बगैर नेता प्रतिपक्ष के चल रही

# नेता प्रतिपक्ष के बिना झारखंड में बन रहा अनोखा रिकार्ड

***लगातार चौथा बजट सत्र होगा बिना नेता प्रतिपक्ष के, प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा के विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को स्पीकर ने नहीं दी नेता प्रतिपक्ष की मान्यता***



उदय चौहान

**रांची।** अब, झारखंड विधानसभा के नाम एक अनोखा रिकार्ड बनने जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष के बगैर यहां लगातार चौथी बार बजट सत्र आहूत होने जा रहा है। सोमवार से शुरू होने वाले बजट सत्र में विपक्ष का नेता नदारद है। गौरतलब है कि स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को अब तक नेता प्रतिपक्ष की मान्यता नहीं दी है। दरअसल, स्पीकर कोर्ट में बाबूलाल मरांडी के दल बदल का मामला सुनवाई के बाद सुरक्षित रखा गया है। वैसे, स्पीकर ने भाजपा से आग्रह किया था कि वह श्री मरांडी के बजाये किसी अन्य को नेता प्रतिपक्ष बना सकता है। इस पर भाजपा ने कड़ी टिप्पणी करते हुये स्पीकर पर ही भेदभाव बरतने का तोहमद लगाया है।

राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में झारखंड ने कई रिकार्ड बनाये हैं। इसी क्रम में नेता प्रतिपक्ष के बगैर बजट सत्र का संचालन किया जाना भी अनोखा रिकार्ड है। संभवतः झारखंड देश का पहला राज्य होगा, जहां के विधानसभा की कार्यवाही बगैर नेता प्रतिपक्ष के चल रहा है। पूरे प्रकरण में पक्ष-विपक्ष दोनों ओर से भरपूर राजनीतिक पैंतरेबाजी दिख रही है। मालूम हो कि 17 कार्यदिवस का बजट सत्र 27 फरवरी से प्रारंभ हो रहा है। इसे लेकर स्पीकर ने अधिकारियों को तमाम व्यवस्था करने का निर्देश दिया है।

**हेमंत सरकार तय करेगी साल भर का कार्ययोजना :** जानकार बताते हैं कि विधानसभा में सत्र का आहूत होना जनहित में काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। खास कर बजट सत्र के माध्यम से जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को सदन में रखते हैं। इस दौरान सत्ता पक्ष साल भर का कार्य योजना को मूर्त्तरूप देने में जुटा है। बजट सत्र में सरकार अपने एक वर्ष की कार्ययोजना का खाका सदन में पेश करती है। इस दौरान पक्ष-विपक्ष के वाद-विवाद से जन समस्याओं का समाधान निकाला जाता है। बावजूद इसके पक्ष-विपक्ष के अड़ियल रवैये के कारण झारखंड में लोकतंत्र की मूल भावना पर गंभीर चोट हो रही है। मतलब साफ है कि नेता प्रतिपक्ष के बगैर जनहित के तमाम मुद्दे हाशिये पर चला जा रहा है। इस बार राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के माध्यम से जो चर्चा होगी, उसमें नेता प्रतिपक्ष की अनुपस्थिति से राजनीतिक शून्यता को शिद्द से महसूस किया जा रहा है। इस सत्र में सभी सदस्यों को अपनी बात रखने का मौका मिलता है। अंत में इसपर नेता प्रतिपक्ष और उसके बाद सदन नेता का वक्तव्य होता है। लेकिन, चौथे बजट सत्र से यह नहीं हो सकेगा। इतना ही नहीं वित्त विधेयक जो सबसे महत्वपूर्ण होता है, उसपर भी विपक्ष का रुख है सदन स्पष्ट नहीं हो पायेगा।

मालूम हो कि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद यहां हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनी। भाजपा मुख्य विपक्षी पार्टी बन कर उभरी। इसी बीच झाविमो के टिकट पर चुनाव जीतकर आये बाबूलाल मरांडी ने पूरी पार्टी को भाजपा में विलय कर दिया। इसी के बाद झाविमो के अन्य दो विधायक प्रदीप यादव और बंधु तिर्की ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। इससे झाविमो के विलय को लेकर राजनीतिक संशय की स्थिति उत्पन्न हो गयी। इसी के बाद दोनों ओर से नेता प्रति पक्ष को लेकर आरोप-प्रत्यारोप के दौर शुरू हैं।

मौजूदा स्पीकर के कोर्ट में तीन विधायकों पर दल बदल का मामला चल रहा है। तीन वर्ष के बाद भी कोई नतीजा निकलता नहीं दिख रहा है। इस पर भाजपा ने कहा है कि सत्तारूढ़ दल बाबूलाल मरांडी के छवि से डर रही है। सदन के भीतर बाबूलाल का सामना करने से सत्तापक्ष डर रहा है। भाजपा का कहना है कि सीएम ने पहले ही वक्तव्य दिया था कि नेता प्रतिपक्ष के लिये उन्हें तरसा दिया जायेगा। वहीं, सत्तारूढ़ झामुमो ने भी भाजपा पर पलटवार किया है। झामुमो ने कहा है कि भाजपा के पास नेता प्रतिपक्ष के लायक नेता ही नहीं है। नेता प्रतिपक्ष के बगैर लोकायुक्त, सूचना आयोग जैसे महत्वपूर्ण जगहों में नियुक्ति नहीं हो पा रही है। इस मसले पर भाजपा पूरी तरह गैर जिम्मेदाराना व्यवहार कर रही है।

### बैठक में जुटे राज्य भर के प्रतिनिधि, लिये कई निर्णय

# रांची में होगा झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का प्रांतीय अधिवेशन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष कार्यकारिणी समिति की बैठक रविवार को राज्य महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष शिवकांत झा की अध्यक्षता में हुई। जिला स्कूल स्थित प्रांतीय कार्यालय में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में महासंघ के प्रांतीय मुख्य संरक्षक धर्मराज तिवारी उपस्थित थे। इस दौरान सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पारित किये गये। इसमें मुख्य रूप से राज्य महासंघ का अगला प्रांतीय अधिवेशन रांची में कराने का निर्णय लिया गया। इसकी तिथि घोषणा अगली बैठक में निर्धारित की जाएगी। साथ ही बैठक में वैसे जिले, जहां की कमेटी निष्क्रिय हो गई है वैसे जिला समिति का चुनाव अप्रैल में कराने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा कर्मचारियों की समस्याओं जैसे नियमित प्रोन्नति हस्त पुस्त एवं श्रम पुस्त पर पूर्व में कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करने के फलस्वरूप नियमित स्थापना में वेतन का निर्धारण एवं भुगतान करने अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति में पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमंडल मेदिनीनगर द्वारा अनावश्यक विलंब करने पर आक्रोश जताया गया।

संघ के प्रधान को स्थानांतरण पर रोक लगाने एवं गढ़वा डीसी द्वारा जिला अध्यक्ष को किए गए स्थानांतरण को रद्द करने की मांग की गई। साथ ही नियमित स्थापना के कर्मचारियों को नियमित प्रोन्नति जल्द देने की मांग की गई। बैठक में धर्मराज तिवारी, राजाराम सिंह, विनीत कुमार, प्रणव शंकर, अंजनी कुमार सिन्हा, कृष्ण नंदन ठाकुर, महेंद्र तिवारी, दिलीप कुमार सिंह, आरिफ हसन, विनोद कुमार, मान सिंह, इंद्रेश कुमार सिंह, विक्रम सिंह और संतोष कुमार ने भी विचार रखे।

### विद्यार्थियों ने शून्य काल के माध्यम से सीखा लोकतंत्र का पाठ

# संसद में शून्यकाल महत्वपूर्ण : सीपी सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मिशन ब्लू फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार को लोकसभा का एक प्रारूप शून्यकाल- द जीरो ऑवर कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने लोक तंत्र का मंत्र सीखा। कांके रोड स्थित सीएमपीडीआइ के मयूरी हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेज और विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। लोकसभा के तर्ज पर पक्ष और विपक्ष की भूमिका छात्रों ने स्वास्थ्य, शिक्षा, देश के विकास, जाति गणना, भ्रष्टाचार, नक्सलवाद समेत कई ज्वलंत मुद्दों पर सवाल उठाये। साथ ही, लोकसभा के तर्ज पर नयी शिक्षा बिल को सदन में पेश किया गया। बिल पर पक्ष और विपक्ष ने वाद-विवाद किया। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुये विधायक सीपी सिंह ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा में शून्यकाल बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। इसका सदुपयोग अच्छे से होना चाहिये। लेकिन, वर्तमान समय पर शून्यकाल के महत्व में गिरावट आ रही है। शून्यकाल की महत्ता बनी रही, इसका प्रयास होना चाहिये।

वरिष्ठ पत्रकार चंदन मिश्रा ने छात्रों को लोकसभा में शून्यकाल के बारिकियों को बताया। उन्होंने कहा कि शून्यकाल में बहुत ही महत्वपूर्ण विषय ही रखे जाते हैं। ऐसे मामले को संसद में रखा जाता है, जिसपर तुंरत कार्रवाई हो सके। शून्यकाल में सवालों के जबाब नहीं दिये जाते हैं। साथ ही, शून्यकाल में पूछे जाने वाले प्रश्नों की तैयारी भी करनी पड़ंती है। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार उदय चौहान, विकास कुमार, डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, कुमुद झा, रिंकू खेमका, किसलय तिवारी, रोमित नारायण सिंह, कुमार राजा समेत अन्य लोगों ने स्पीकर की भूमिका निभायी। वहीं, ज्यूरी के रूप में मैरी स्टेला माइकल उपस्थित थीं। मिशन ब्लू फाउंडेशन के निदेशक पंकज सोनी ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंजीत सिंह, तेस्ज्वी, सौरव तिवारी, गौतमी प्रीति, अनिकेत आदि ने सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन तेस्ज्वी ने किया।

कार्यक्रम में झारखंड राय विश्वविद्यालय, साईनाथ विश्वविद्यालय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय आदि के छात्र शामिल हुये। इन छात्रों में भामिनी प्रिया को पहला, आशुतोष रतन को दूसारा और आदर्श आदित्य को तीसरा पुरस्कार मिला।

### पर्यावरण मेला के पांचवें दिन वैश्विक परिचर्चा

# पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम के लिए नहीं हो राजनीतिक दीवार : पद्मश्री आरके सिन्हा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मोरहाबादी मैदान में चले रहे पर्यावरण मेले के पांचवें दिन पारम्परिक व्यवहार एवं वैश्विक पर्यावरणीय प्रशासन विषय पर परिचर्चा हुई। परिचर्चा में पद्मश्री प्रो आरके सिन्हा ने कहा कि पहले रांची में 10 से 20 फीट में ही पानी निकलता था। पर्यावरण प्रदूषण के कारण जल स्त्रोतों पर संकट के बादल छा गये हैं। उन्होंने कहा कि भारत में जीव-जन्तुओं की कुल प्रजाति 80 लाख से अधिक है, जिनमें से 20 लाख प्रजातियों का चिन्हितीकरण हो चुका है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संबंधी समस्याओं के लिए राजनीतिक दीवार नहीं होनी चाहिए। आज मानव शिक्षित हो गया है लेकिन उसमें व्याहारिक ज्ञान की काफी कमी है। कृषि प्रधान देश में आज जैविक खाद ही उपलब्ध नहीं है। आयातित उर्वरक एवं पेस्टिसाईडों के सहारे फसलों की उत्पादकता बढ़ायी जा रही है। इन पेस्टिसाईडों का दुष्प्रभाव 50 से 100 साल तक रहता है। मेले में टेण्डर हार्ट एवं डीएवी कपिलदेव विद्यालयों के छात्रों द्वारा प्रदूषण के कुप्रभाव एवं पर्यावरण संरक्षण के उपाय जैसे विषय पर मॉडल एवं प्रदर्शनी लगायी गयी थी। परिचर्चा के सम्मानित अतिथि एवं आई फॉरेस्ट संस्था के सीईओ चन्द्रभूषण ने बताया कि पारम्परिक ज्ञान एवं आधुनिक ज्ञान में सामंजन की आवश्यकता है। क्लाईमेट पार्लियामेंट के उप प्रधान सचिव डॉ संजय कुमार ने कहा कि आज पर्यावरण के प्रति सारे संसार के राजनीतिक सोच विचार में काफी अंतर महसूस की जा रही है। डॉ राकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि आज के युग में प्रदूषण के साथ-साथ सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट बहुत बड़ी चुनौती के रूप में उभरी है।

# क्लीन एयर हब ने वायु प्रदूषण रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** मोरहाबादी मैदान में वॉक फॉर क्लीन एयर का आयोजन क्लीन एयर हब की ओर से रविवार को किया गया। इसमें वायु प्रदूषण पर काम करने वाली संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी रही। वॉक फॉर क्लीन एयर बापू वाटिका से शुरू की गयी। क्लीन एयर हब के सदस्यों ने मोरहाबादी मैदान में 2 किमी तक एक सामूहिक जागरुकता अभियान चलाया।

**वायु स्वच्छता संभव नहीं :** क्लीन एयर हब के हुसैन इमाम फातमी ने कहा शहरी जीवन में किसी खास बात पर ध्यान देना मुश्किल हो जाता है। लोग अक्सर काम पर या स्कूल-कॉलेज जाने की जल्दी में होते हैं और उनका ध्यान प्रदूषण के विभिन्न श्रोतों पर नहीं जाता, जिनमें से अधिकांश बिखरे हुए स्त्रोत होते हैं। बिखरे हुए श्रोत भी शहर की वायु गुणवत्ता को खराब करते हैं। अक्सर उनकी अनदेखी की जाती हैं क्योंकि उनकी निगरानी करना मुश्किल होता है। सरकार शिकायतों के निपटारे लिए लोक शिकायत निवारण पोर्टल (पीजीआरपी) का भी संचालन करती है, लेकिन आम लोगों की सहभागिता के बिना यह उपयोगी नहीं हो सकता है।

क्लीन एयर हब के बिनोद कुमार ने कहा आगे चल कर वायु गुणवत्ता बनाये रखने में सामुदायिक भागीदारी को सुनिश्चित करने में भी यह वॉक अहम भूमिका निभा सकती है।

इस वॉक में अर्बन खेती के प्रकाश कुमार, स्पार्क संस्था की सुषमा पांडे, एसजीवीवी संस्था के राजन कुमार, अर्थ आइडिया के शाहनवाज ने वॉक नेतृत्व किया। यह वॉक आने वाले रविवार को भी जारी रहेगा। साथ ही इस वॉक में शिक्षाविद भी शामिल हुए।

# जेएसएसपीएस के छह प्रशिक्षुओं का राष्ट्रीय महिला अंडर-17 टीम में चयन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** जेएसएसपीएस ने एक बार फिर राष्ट्रीय खेल परिदृश्य में अपना नाम अंकित करते हुए झारखंड वासियों के लिए खुशखबरी दी है। जेएसएसपीएस के छह नवोदित प्रशिक्षुओं का राष्ट्रीय महिला अंडर-17 फुटबॉल टीम के लिए चयन हुआ है। इनमें अनिषा उरांव, निशिमा कुमारी, बबीता कुमारी, ललिता बोयपाई, संजना उराव और संगीता कुमारी शामिल है। अब यह सभी खिलाड़ी भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम की जर्सी में नजर आयेंगी तथा विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएसपीएस) सीसीएल और झारखंड राज्य सरकार की संयुक्त पहल है। इसके अंतर्गत राज्य भर से प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन कर विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण दिया जाता है। खेलगांव स्थित इस संस्था द्वारा निःशुल्क आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

गौरतलब हो कि जेएसएसपीएस के खिलाड़ियों ने सैकड़ों राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पदक जीत कर राज्य और देश को गौरवान्वित किया है। सीसीएल अपने निगमित सामाजिक दायित्व के अंतर्गत सामाजिक उन्नयन के लिए अनेक कार्यक्रमों का संचालन करता है जिससे समाज का उत्थान एवं सर्वांगीण विकास हो।

# सैकड़ों श्याम भक्तों ने श्री श्याम प्रभु को अर्पित किया ध्वजा निशान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति रांची के तत्वावधान में रांची में श्री श्याम ध्वजा निशान पदयात्रा का आयोजन किया गया। श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा रांची के नेवरी से शुरू हो कर श्री श्याम मंदिर हरमू रोड़ में ध्वजा समर्पण के साथ समाप्त हुई। ध्वजा पदयात्रा में मारवाड़ी सहायक समिति अग्रवाल सभा, गो सेवा समिति ने श्याम भक्तों पर पुष्पवर्षा की। इस आयोजन को सफल बनाने में अशोक लड़ियां, हरी शंकर परसुरामपुरिया, ललित पोद्दार, रवि चौधरी, राजेश ढाढणिया, मनोज खेतान, आनंद चौधरी, अरूण राजगढ़िया, प्रवीण सिंघानिया, विष्णु चौधरी, रोहित अग्रवाल, हेमंत जोशी, संजय सर्राफ, निकुंज पोद्दार, संकी केडिया, प्रवीण अग्रवाल, संजय परसरामपुरिया, गोपाल मुरारका, पवन शर्मा, प्रमोद परशुरामपुरिया, अंकित सर्राफ, अंशुल सर्राफ, नीरज भप्त, अजय खेतान, विजय खोवाल, के अलावे बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष शामिल हुए।

# रांची रेलवे स्टेशन से 17 किलो गांजा पकड़ाया, दो को जेल



**रांची।** राजधानी रांची रेलवे स्टेशन पर होली त्योहार के मद्देनजर हर जगह चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान जीआरपी को सूचना मिली थी कि कुछ लोग गांजा की तस्करी कर रहे हैं, जिसके बाद शनिवार को रांची रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक से जीआरपी एवं आरपीएफ के संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान रांची से दिल्ली जाने वाली गाड़ी में जाने वाले दो गांजा तस्करों को कुल 17 केजी गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया, जिन्हें आज न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है। इस कांड में कुल पांच लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। इस मामले में सभी नामजद लोगों की गिरफ्तारी करने का प्रयास किया जा रहा है।

# भाजपा की विचारधारा से ही होगा देश का विकास : किसलय तिवारी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रधानमंत्री के विचारधारा से प्रभावित होकर कई दलों के नेताओं ने रविवार को भाजपा का दामन थामा। भारतीय जनता युवा मोर्चा महानगर के अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह के नेतृत्व में झामुमो कार्यकर्ता चिंटू झा के साथ दर्जनों युवा शामिल हुये। मौके पर भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने युवाओं को अंगवस्त्र देकर भाजपा परिवार में स्वागत किया। सभी लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को टेलीविजन स्क्रीन पर देखा और सुना। मंच संचालन पीयूष विजयवर्गीय ने किया। मौके पर रोमित नारायण सिंह ने कहा कि इंद्रजीत झा के साथ जितने भी युवा साथी झामुमो को छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं, उन सभी का हार्दिक स्वागत करता हूं। इसमें कमाल खान, रंजीत सहदेव, सचिन साहू,तुषार आरव, प्रज्ञा मानी, तरुण दास, रूपक मिश्र, अक्षय, विवेक कुमार, राहुल कुमा उपस्थित थे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में इंद्रजीत झा, संजू झा, परितोष सिंह, अरविंद ठाकुर, सहजाद खान, गुलफाम खान आदि शामिल हैं।

# अनुसूचित जाति अधिकार मार्च को सफल बनाने के लिए न्याय रथ को किया रवाना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष आरपी रंजन, सचिव मुकेश नायक ने संयुक्त रूप से कहा कि झारखंड प्रदेश में निवास करने वाले 60 लाख से ज्यादा आबादी वाले अनुसूचित जाति के साथ केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जानबूझकर किए जा रहे विशेष अन्याय के खिलाफ आगामी 14 मार्च 2023 को रांची के मोराबादी मैदान में विशाल अनुसूचित जाति अधिकार मार्च का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि अधिकार मार्च को सफल बनाने के लिए रविवार को पद्मश्री मुकुंद नायक के साथ महासभा के नेताओं ने संयुक्त रूप से बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा समक्ष से न्याय रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रांची से रवाना रथ राज्य के पांचों प्रमंडलों का भ्रमण कर मार्च को को सफल बनाने की अपील करेगा।

कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष राजू नायक, डॉक्टर रिझा नायक, कार्यकारी सदस्य देवानंद नायक, महिला प्रदेश अध्यक्ष रेणु किशोर, बिनीता पाठक, नायक नंद कुमार, कैलाश कुमार, बासुदेव भैया, दिलीप,कृष्ण राम, किशोर राम, शत्रुघ्न कुमार, बीके दास, सुभाष दास, सोनी नायक, सुरेंद्र नायक, महाबीर नायक उपस्थित थे।

# माओवादियों की पत्नियां भी हैं पुलिस के लिए सिरदर्द

**कुबेर सिंह**



**रांची।** झारखंड में बड़े भाकपा माओवादी नेताओं की पत्नियों पर भी बड़ी जिम्मेदारी है। झारखंड से पोलित ब्यूरो सदस्य एक करोड़ के ईनामी प्रशांत बोस, तेलंगाना के सुधाकर रेड्डी, उतरी छोटानागपुर जोन के प्रभारी विवेक उर्फ प्रयाग की पत्नियां संगठन में बड़े ओहदों पर हैं। माओवादियों की पत्नियों की जिम्मेदारी को देखते हुए राज्य पुलिस मुख्यालय ने भाकपा माओवादियों की पत्नियों के खिलाफ भी ईनाम रखा है। सारंडा से पुलिस गिरफ्त में आए सैक सदस्य मोतीलाल सोरेन, गिरिडीह से गिरफ्तार सुनील मांझी और धनबाद से गिरफ्तार राजेश संथाल ने माओवादी संगठन में नेताओं व कैडरों की सक्रिय पत्नियों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी थी। है। कई माओवादियों की पत्नियों की गतिविधि की जानकारी पुलिस को पूर्व में नहीं थी, ऐसे में उनके खिलाफ ओहदे के आधार पर ईनाम घोषित करने की बात कही गई है।

### इन माओवादियों की पत्नियां हैं सक्रिय

- 10 लाख के ईनामी प्रशांत मांझी की पत्नी प्रभा भी गिरिडीह में उग्रवादी दस्ते में है।
- मोतीलाल के दस्ते में माओवादी अपटन की पत्नी मेरिना सिरका सक्रिय है। वह .303 राइफल का इस्तेमाल करती है।
- सैक सदस्य चमन उर्फ लंबू के दस्ते में माओवादी कांडे होन्हागा की पत्नी अमिता सक्रिय है।
- 25 लाख के ईनामी अनमोल दस्ते में रणवीर पात्रो व उसकी पत्नी अलवीना उर्फ शांति, दर्शन हांसदा की पत्नी निर्मला सक्रिय है।
- उतरी छोटानागपुर जोन में 25 लाख के ईनामी चंचल हेंब्रम उर्फ विरसेन की पत्नी रीता है।
- प्रशांत बोस का इलाज कराने वाला एमबीबीएस डॉ रफीम पत्नी रिंकी के साथ सक्रिय है।
- माओवादियों के अग्र संगठन झारखंड ए वन में उत्पल की पत्नी नीलमणी सक्रिय है।

#### प्रशांत बोस की पत्नी शीला को बताया था सीसी मेंबर

सैक सदस्य सुनील मांझी ने गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में पोलित ब्यूरो व सेंट्रल कमेटी मेंबर्स के बारे में बताया था। सुनील ने प्रशांत बोस की पत्नी शीला दी को सीसी मेंबर बताया था। पुलिस के द्वारा सीसी मेंबर पर एक करोड़ा का ईनाम घोषित है।

#### एक करोड़ के इनामी विवेक की पत्नी जया पर 25 लाख का इनाम

उतरी छोटानागपुर जोन में सक्रिय सेंट्रल कमेटी मेंबर विवेक उर्फ प्रयाग पर एक करोड़ का ईनाम है। विवेक की पत्नी जया उर्फ चिंता नक्सलियों के नवगठित बिहार पूर्वोतर झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी की सैक सदस्य है। जया पर सरकार ने 25 लाख का ईनाम रखा है। पुलिस को जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक, जया सैक सदस्य सहदेव सोरेन उर्फ अमलेश उर्फ अनुज दस्ते में है।

#### तेलंगाना के सुधाकर की पत्नी नीलिमा भी 25 लाख की इनामी

साल 2015 में तेलंगाना के सुधाकर रेड्डी का तबादला कर संगठन ने सारंडा भेजा था। उसके उसकी पत्नी नीलिमा उर्फ पदमा भी आयी थी। बाद में दोनों ने कोयलशंख जोन के बूढ़ापहाड़ को अपना कार्यक्षेत्र बनाया। झारखंड में माओवादियों ने नीलिमा को सैक सदस्य के तौर पर प्रमोट किया है। नीलिमा पर राज्य पुलिस ने 25 लाख का ईनाम रखा है।

#### सेंट्रल टेक्निाकल संतोष उर्फ विश्वनाथ की पत्नी है जोनल मेंबर

माओवादियों के सेंट्रल टेक्निकल मेंबर विश्वनाथ पर 25 लाख का ईनाम है। बारूदी सुरंग बनाने, गोला बारूद बनाने का विशेषज्ञ विश्वनाथ 2015 में झारखंड आया था। उनकी पत्नी पूनम को झारखंड में जोनल कमांडर बनाया गया है। पूनम पर सरकार ने 10 लाख का ईनाम रखा है।

#### सैक सदस्यों की पत्नियों को नारी मुक्तिसंघ की जिम्मेदारी

25 लाख के ईनामी व सैक सदस्य नंदलाल मांझी की पत्नी पत्नी चांदमुनी माओवादियों के अग्र संगठन नारी मुक्ति संघ की प्रमुख है। 25 लाख के ईनामी चमन उर्फ लंबू की पत्नी दूला देवी भी नारी मुक्ति संघ में बड़े ओहदे पर है। गिरफ्तार सैक सदस्य राजेश संथाल की पत्नी अंकिता मुर्मू भी नारी मुक्ति संघ में थी। 25 लाख के ईनामी अनल की बहन करूणा भी सैक की सदस्य है, वह भी नारी मुक्ति संघ में काम कर चुकी है।

# अपने जीवन पर मनन चिंतन करने व खराब कर्मों को छोड़ने का अवसर है चालीसा : कुलदीप तिर्की

### मसीहियों के जीवन में विशेष महत्व रखता है चालीसा काल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** मसीहियों के जीवन में चालीसा काल का विशेष महत्व है। चालीसा काल ख्रीस्तीय अनुयायियों में प्रत्येक को अपने जीवन का और गतिविधियों का मूल्यांकन कर तथा मनन-चिंतन करता है और ईश्वर से प्रार्थना कर बुरे कर्मों को छोड़ने का एक सुनहरा अवसर देता है। मसीहियों के जीवन में चालीसा वह अवसर है जब प्रत्येक विश्वासी खुद को सत्य के मार्ग पर ले जाते हुए को अच्छाई को अंगीकार करता है। क्योंकि यह देखा गया है कि बुरे कर्म और बुराई का अंजाम सदैव बुरा ही होता है।

झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन (जेसीवाई) के केंद्रीय अध्यक्ष कुलदीप तिर्की ने खबर मन्त्र को चालीसा के संदर्भ में जानकारी देते हुए उक्त बाते कहीं। उन्होंने कहा कि इसे समझने के लिए एक कहानी पर ध्यान दें। कहानी का उल्लेख करते हुए श्री तिर्की ने कहा कि एक दिन स्कूल में अवकाश की घोषणा होने के कारण, एक दर्जी का बेटा, अपने पापा की दुकान पर चला गया ।वहाँ जाकर वह बड़े ध्यान से अपने पापा को काम करते हुए देखने लगा। उसने देखा कि उसके पापा कैंची से कपड़े को काटते हैं और कैंची को पैर के पास टांग से दबा कर रख देते हैं । फिर सुई से कपड़ों सीते हैं और सीने के बाद सुई को अपनी टोपी पर लगा लेते हैं ।

जब उसने इसी क्रिया को चार-पाँच बार देखा तो उससे रहा नहीं गया, और उसने अपने पापा से पूछ बैठा पापा मैं बड़ी देर से आपको देख रहा हूं , आप जब भी कपड़ा काटते हैं, उसके बाद कैंची को पैर के नीचे दबा देते हैं, और सुई से कपड़ा सीने के बाद, उसे टोपी पर लगा लेते हैं, ऐसा क्यों ? इसका जो उत्तर पापा ने दिया- उन दो पंक्तियाँ में मानों उसने ज़िन्दगी का सार समझा दिया।

उत्तर था- बेटा, कैंची काटने का काम करती है, और सुई जोड़ने का काम करती है, और काटने वाले की जगह हमेशा नीचे होती है परन्तु जोड़ने वाले की जगह हमेशा ऊपर होती है । यही कारण है कि मैं सुई को टोपी पर लगाता हूं और कैंची को पैर के नीचे रखता हूं । अतः चालीसा काल में अपने अंदर छुपे सारी बुराइयों और कमजोरियों को दूर करने के लिए प्रभु से प्रार्थना करें। बल मांगें ताकि सुधार हो सके और हम भला इंसान बन सकें।

## आज का राशिफल 27-02-2023

मेष : धन भाव मे चंद्रमा और मंगल है। क्रोध से बचें। कारोबारी बड़ा लाभ होने के योग हैं। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। कोई धनहानि हो सकती है, सावधानी रखें।

वृष : पैतृक संपत्ति में कोई विभाजन हो सकता है। समय अनुकूल है। आप अपने मेहनत के बल पर लगन व उत्साह से कार्य कर पाएगा। रचनात्मक कार्यो में रुचि रहेगी।

मिथुन : मंगल कुछ विवाद का कारण बन सकता है। स्वास्थ्य के संबंध में लापरवाही न करें। कोई बुरी खबर मिल सकती है। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। दुष्टजनों से सावधान रहें।

कर्क : चंद्र उच्च के मंगल के साथ हैं। मान-सम्मान मिलेगा। खोई हुई वस्तु प्राप्त हो सकती है। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

सिंह : पिता के स्वास्थ पर ध्यान दे। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। व्यापार-व्यवसाय अच?छा चलेगा। नौकरी में मातहतों का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

कन्या : ससुराल में कोई हानि का योग है। पर भाग्य का साथ मिलेगा। रोजगार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। विवाद में विजय प्राप्त होगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

तुला : किसी से कोई विवाद हो सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है। किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी होने की आशंका है।

वृश्चिक : ब्यापार में लाभ होगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। संतान पक्ष से अध्ययन तथा स्वास्थ?य संबंधी चिंता का वातावरण बन सकता है। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है।

धनु : खून संबंधित कोई रोग हो सकता है। सावधानी आवश्यक है। आर्थिक उन्नति के लिए योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। रुके कार्य पूर्ण होंगे। मित्रों तथा रिश्तेदारों में सुधार होगा।

मकर : शिक्षा में कोई नया बदलवा हो सकता है। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कोर्ट-कचहरी व सरकारी कार्यालयों में लंबित कार्य अनुकूल होंगे।

कुंभ : किसी से विवाद से मानहानि हो सकता है। लापरवाही न करें, विशेषकर गृहिणियां सावधान रहें। वाणी पर नियंत्रण आवश्यक है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

मीन : पराक्रम से राजयोग बनेगा। पर कुछ राजभय रहेगा। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कोर्ट-कचहरी के कार्य गति पकड़ेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

## वीरेंद्र राम को सरकार तुरंत बर्खास्त करे : नायक

**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष व झारखंड बचाओ मोर्चा के संयोजक विजय शंकर नायक ने ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को बर्खास्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को मुअत्तल नहीं, हेमंत सरकार तुरंत बर्खास्त करने का कार्य करे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पोषित भ्रष्टाचार डूबे ऐसे लोगों को कदापि बख्शा नहीं जाना चाहिए। ताकि, यह संदेश मिल सके कि हेमंत सोरेन सरकार में भ्रष्टाचार में लिप्त किसी भी अभियंता/ पदाधिकारियों को छोड़ा नहीं जायेगा।

## श्री शतचंडी महायज्ञ का भूमि पूजन आज

रांची। स्थानीय ओटीसी मैदान के स्थित राज्य ग्रामीण विकास संस्थान के आवासीय परिसर में 22 मार्च से 10 दिनी श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया है। यह जानकारी महायज्ञ समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह और कुमुद झा ने दी। उन्होंने बताया कि श्री शतचंडी महायज्ञ को लेकर राज्य ग्रामीण विकास संस्थान के ओटीसी मैदान स्थित आवासीय परिसर में झंडा पूजन कर दिया गया है। सोमवार को विधि विधान से सुबह 11 बजे भूमि पूजन होगा और 22 मार्च से 31 मार्च तक महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इसमें कथावाचक के रूप में वृंदावन से श्री मनु जी महाराज रहेंगे। महायज्ञ के दौरान सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक महायज्ञ का आयोजन होगा एवं दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक श्री मनु जी महाराज कथा का वाचन करेंगे।

## डीलर्स मीट का आयोजन

**रांची।** सिया इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने रविवार को होटल रेडिशन ब्लू में डीलर्स मीट का आयोजन किया। लाइट अप योर होम विथ फेथ के थीम पर इलेक्ट्रिक एक्सेसरीज बनाने वाली कंपनी सिया इंडस्ट्रीज प्रा. लि. के इस डीलर्स मीट में इसमें रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, रामगढ़ जिले के 150 से अधिक डीलर्स शामिल हुए। डीलर्स मीट में कंपनी के एमडी मोहित नारंग, झारखंड ऑपरेशन हेड सुमित पांडेय और झारखंड सीएसए सुशांत बुधिया की मौजूदगी में कंपनी के पीवीसी प्रोडक्टस के रेंज लांच किए गए।

# मुंडारी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को ले पदयात्रा आयोजित

## झारखंड आदिवासी विकास समिति के अध्यक्ष प्रभाकर नाग ने किया पदयात्रा का नेतृत्व




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मुंडाओं की प्राचीन राजधानी चुटिया नागपुर की ऐतिहासिक विवेचना के साथ-साथ विश्व एवं भारत की सर्वप्रथम भाषा मुंडारी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर पदयात्रा का आयोजन झारखंड आदिवासी विकास समिति के अध्यक्ष प्रभाकर नाग के नेतृत्व में किया गया। पदयात्रा चुटिया के ऐतिहासिक स्वर्णरेखा नदी के किनारे मुंडाओं का गढ़ मुंडा गढ़ा से प्रारंभ हुई, जो बहू बाजार के एसपीजी मार्ट परिसर में पहुंचकर सभा में तब्दील हो गयी। झारखंड आदिवासी विकास समिति के सांस्कृतिक महासचिव सुखराम पाहन के नेतृत्व एवं दिशा निर्देश में खूंटी से आए 35 सदस्य उत्साही एवं निपुण नृत्य दल द्वारा पारंपरिक वेशभूषा, पारंपरिक वाद्य यंत्र, पारंपरिक तीर धनुष, पारंपरिक मुंडारी गीतों के साथ ढोल, नगाड़ा, बांसुरी, झांझ, भेर बजाते हुए पारंपरिक नृत्य के साथ पदयात्रा संपन्न की गई। एसपीजी मार्ट परिसर में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुंडा सभा के अध्यक्ष नवीन मुंडू ने कहा कि मुंडारी भाषा को संविधान की पांचवी अनुसूची में शामिल करने की मांग निसंदेह समाज को एकजुट करने का उमदा प्रयास है और वाजिब मांग

सभा के पीएस सांगा ने कहा कि मुंडारी साहित्य को बढ़ाना जरूरी है एवं निरंतर साहित्य सृजन एवं पत्रिका आदि प्रकाशन होना चाहिए। जिस पर बेहद ध्यान देने की जरूरत है। मुंडा सभा के महासचिव बिल्कन डांग ने कहा कि मुंडारी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग निश्चित तौर पर झारखंड आदिवासी विकास समिति की बढ़िया पहल है। अध्यक्ष प्रभाकर नाग ने कहा कि मुंडारी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा एवं उलिहातू से रांची तक पदयात्रा का आयोजन झारखंड आदिवासी विकास समिति द्वारा की जाएगी। कहा कि मुंडा राजाओं के द्वारा चलन में लाए जाने वाले सीसे के सिक्के को समस्तीपुर से लाने का झारखंड आदिवासी विकास समिति प्रयास करेगी। उन्होंने अध्यक्ष श्री प्रभाकर नाग ने झारखंड आदिवासी विकास समिति के माध्यम से मुंडा समाज के लिए 15 सूत्रीय मांग पत्र राज्य एवं केंद्र सरकार के समक्ष रखी। उन मांगो में मुंडारी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाए, रांची रेलवे स्टेशन का नामकरण महाराजा मदरा मुंडा के नाम से किया जाए, रांची रेलवे स्टेशन का नामकरण हिंदी इंग्लिश के साथ मुंडारी लिपि में लिखी जाए, रेलवे स्टेशन में ट्रेन के अराइवल डिपार्चर के समय हिंदी अंग्रेजी के साथ मुंडारी में भी उद्घोषणा की जाए, रांची लोहरदगा स्टेशन के प्रवेश द्वार का नामकरण पदम श्री डॉ रामदयाल मुंडा सांस्कृतिक प्रवेश द्वार किया जाए, ऐतिहासिक चुटिया नागपुर के प्रवेश द्वार एवं निकास द्वार को भव्य तरीके से बनाया जाए एवं उसमें मुंडारी लिपि से स्वागत वाक्य लिखे जाएं, चुटु मुंडा एवं नागु मुंडा के मसना स्थल को ढूंढा जाए एवं संरक्षित संवर्धित किया जाए, व मुंडा दिसुम में मुंडारी खूंटकप्ती जमीन की लूट रोकी जाए समेत कुल 15 मांग शामिल थे।

## दिगंबर जैन भवन में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एकल युवा रांची, जेसीआइ उड़ान, जेसीआइ रांची, एनएचआरसीसी, पुरुषश्री, ब्राह्मण समाज, तेरापंथ युवा, मारवाड़ी युवा मंच महिला शाखा, जीतो रांची, टीम हेल्प, टीम ग्रीन और अन्य कई संगठनों ने मिलकर रविवार को दिगंबर जैन भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 58 यूनिट रक्त एकत्रित किया किया गया। शिविर में एकत्रित रक्त, सदर अस्पताल रांची में थैलेसीमिया का इलाज करा रहे बच्चों को दिया जायेगा। बता दें कि एकल अभियान की युवा शाखा, एकल युवा का गठन 2018 में हुआ था और आज देश के 18 शहरों में कार्यरत है। एकल अभियान ग्रामीण भारत के हर बच्चे को बुनियादी शिक्षा दिलाने के लक्ष्य पर काम कर रही एक गैरलाभकारी संगठन है। यह भारत में वंचित ग्रामीण और आदिवासी जनता के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। इस शिविर के संयोजक प्रिया पोद्दार व अर्पित रूंगटा, रथिन वर्मा, सागर अग्रवाल, पूजा बगाड़िया, कीर्ति मारू, राधा ड्रोलिया, अमन जैन, निपुण जैन, अरिहंत जैन, देवेश जैन, प्रियंका जालान, पूजा सरावगी ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। यह जानकारी वनबंधु परिषद के मीडिया प्रभारी श्रीमती कृति मारू ने दी।

## सेल सुरक्षा संगठन ने किया सेफ्टी वॉक का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** देशभर में प्रति वर्ष 4 मार्च को आयोजित किये जाने वाले 52वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में सेल सुरक्षा संगठन ने रविवार (26 फरवरी) को कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए एक सेफ्टी वॉक का आयोजन किया। सेफ्टी वॉक और खूबसूरती से सजाये गये 'सेफ्टी रथ' को आशीष चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक (एसएसओ) ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर जगदीश अरोड़ा, इडी (सीइटी), निर्वीक बनर्जी, इडी (आरडीसीआइएस) और संजीव कुमार, इडी (एचआरडी), एमटीआइ और वरिष्ठ अधिकारीगण और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। करीब 2 किलोमीटर का सेफ्टी वॉक इस्पात एक्जीक्यूटिव हॉस्टल से शुरू हुआ और इसका समापन श्यामली कॉलोनी स्थित इस्पात भवन परिसर में हुआ।

इसका उद्देश्य सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाना था और लगभग 200 प्रतिभागियों की इसमें उत्साहजनक भागीदारी मिली। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस - 2023 की थीम है - 'हमारा लक्ष्य शून्य नुकसान। सेफ्टी वॉक के बाद, एसएसओ द्वारा आयोजित निबंध, स्लोगन, क्विज और ड्राइंग प्रतियोगिताओं में विजेता रहे सेल की रांची स्थित इकाइयों के कर्मचारियों और बच्चों को सम्मानित करने के लिए एक 'पुरस्कार समारोह' का आयोजन किया गया।

उपरोक्त प्रतियोगिताओं के जजों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन चंचल कुमार सिंह, एजीएम (सुरक्षा), एसएसओ ने किया। कार्यक्रम के बाद सबके लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गयी थी।

## मार्च से शुरू होगा चंद्रवंशी महासम्मेलन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा झारखंड प्रदेश होली मिलन समारोह और प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि चंद्रवंशी समाज को मजबूत करने के लिए झारखंड के हर प्रमंडल में चंद्रवंशी महासम्मेलन मार्च महीने से शुरू होगा। इसके साथ ही बिहार, पश्मि बंगाल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ सहित सभी राज्यों में समाज को संगठित कर विशाल रैली का आयोजन की जाएगी। झारखंड में चंद्रवंशी समाज को सीएनटी से मुक्ति राजनीतिक अधिकार और समाज के हक के लिए उग्र आंदोलन किया जाएगाद्ध। आज जरूरत पड़ी तो राजनीतिक दल बनाकर चुनाव भी लड़ा जाएगा।

**होली के पावन अवसर पर समाज को एकजुट होने की अपील :** होटल पार्क स्ट्रीट रांची में महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बजरंग वर्मा ने कहा कि झारखंड के 24 जिलों मैं सघन दौरा कर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा हर जिले में कम से कम 4000 सक्रिय सदस्य बनाए जाएंगे। चंद्रवंशी समाज झारखंड सरकार के गजट में पिछड़ा वर्ग में नंबर वन पर आता है उसको दूसरे नंबर में करने के लिए षड्यंत्र रचा जा रहा है। इसका झारखंड में जोरदार आंदोलन किया जाएगा। मार्च महीने में पलामू में राज्य स्तरीय चंद्रवंशी महासम्मेलन किया जाएगा जिस के मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी होंगे। इस कार्यक्रम में 25000 से अधिक चंद्रवंशी शिरकत करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से राजेंद्र सिंह, भोला चंद्रवंशी, रविंद्र वर्मा, संजय चंद्रवंशी, पूर्णिमा चंद्रवंशी, दिवाकर जी, जितेंद्र चंद्रवंशी, अजय सिंह, मंटू वर्मा, अनिल वर्मा, पप्पू वर्मा,गणेश सिंह, सुरजीत नाग वाला, लखपति सिंह, जुगल जी सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## न्यू विजन स्कूल में कल्चरल प्रोग्राम एवं विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**रांची।** राजधानी के कांके पतराटोली स्थित न्यू विजन स्कूल में रविवार को विज्ञान प्रदर्शनी एव कल्चरल प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा 7 तक के बच्चों ने भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने अपनी अद्भुत कला प्रदर्शित कर आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सूर्यग्रहण और चंद्रग्रहण, कंसट्रक्शन, पार्किंग जोन, सड़क सुरक्षा, स्मार्ट सिटी, जल, जंगल, जमीन से संबंधित दृश्य, विभिन्न प्रकार के पौधों और जलस्रोतों से संबंधित मॉडल प्रदर्शित किए। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए स्कूल के निदेशक इस्लामिक स्कॉलर मौलाना डॉक्टर तलहा नदवी ने विद्यार्थियों के बनाए मॉडल और उसकी प्रतिभा की सराहना की। निदेशक ने विद्यार्थियों से हमेशा रचनात्मक सोच रखने की सलाह दी। कहा विद्यार्थी हमेशा कुछ नया करने की सोचें और इसी में अपनी ऊर्जा को लगाएं। बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा आज इनोवेशन का जमाना है। नवाचार को हर क्षेत्र में बढ़ावा मिल रहा है और इससे अच्छे परिणाम भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने विज्ञान के साथ दूसरे क्षेत्रों में भी नवाचार को बढ़ावा देने की जरूरत पर बल दिया। स्कूल की प्राचार्या सालेहा कादरी ने कहा कि बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने में इस प्रकार के आयोजन सहायक होते हैं।कार्यक्रम में बच्चों के कौशल विकास के उद्देश्य से साइंस एग्जिबिशन, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया गया। स्कूल टीम के अलावा अभिभावक और आसपास के लगभग 500 लोगों ने बच्चों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक एवं विज्ञान प्रदर्शनी में शामिल हुए। वाइस प्रिंसिपल सबा ज्या खान ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभ्य, सुसंस्कृत, स्वस्थ और समृद्ध समाज के लिए शिक्षा अत्यंत जरूरी है।

# सरला बिरला विवि में युवा संसद का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। सरला बिरला विश्वविद्यालय के बीके बिरला ऑडिटोरियम में रविवार को सेलिब्रेशन ऑफ इंडियाज जी-20 प्रेसिडेंसी के उपलक्ष्य में वसुधैव कुटुंबकम थीम पर नेहरू युवा केंद्र रांची झारखंड, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार, विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन तथा सरला बिरला विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय आस-पड़ोस युवा संसद का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने भारत माता के उद्घोष के साथ कहा कि स्वतंत्रता के बाद पहली बार भारत जी-20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है। इस उपलक्ष्य में 56 स्थानों पर 200 मीटिंग आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने मिलेट वर्ष की चर्चा करते हुए मोटे अनाज के संरक्षण, संवर्धन एवं उनके उपयोग को बढ़ावा देने के बारे में प्रेरित किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, अधिकाधिक पौधरोपण तथा वृक्षपालन की विस्तृत चर्चा की। मिशन लाइफ के अंतर्गत जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को नियंत्रित करने के लिए सभी से आह्वान किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने भारत के जी-20 की अध्यक्षता की चर्चा करते हुए कहा कि अब अपना भारत विश्व गुरु बनने की राह पर चल पड़ा है। आज अन्त्योदय के भाव के साथ देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने वसुधैव कुटुंबकम, सामाजिक समरसता एवं विश्व नेतृत्व के लिए योग्य भारत की शक्तियों की चर्चा की। सरला बिरला विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने भारत की जी-20 की अध्यक्षता पर गौरवान्वित महसूस करते हुए नेहरू युवा केंद्र एवं खेलकूद मंत्रालय भारत सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए छात्रों को मजबूत, संगठित भारत निर्माण की दिशा में प्रयत्नशील होते हुए सभी को सहभागी होने की अपील की। नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक सर्वेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराया। इस अवसर पर दो तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। पहले तकनीकी सत्र में बतौर एक्सपर्ट बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के डॉ अरुण कुमार ने इंटरनेशनल ईयर आफ मिलेट 2023 टॉपिक पर युवा पीढ़ी एक मजबूत भविष्य की ओर का लक्ष्य रखते हुए अपना प्रेजेंटेशन दिया। कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने क्लाइमेट चेंज के कारण, प्रभाव और उसके निदान के बारे में विस्तृत व्याख्या की। प्रदान एनजीओ की ओर से सुश्री इकरा खान ने मोटे अनाज को बढ़ावा दिये जाने से संबंधित अपने प्रेजेंटेशन दिये।

## खबर एक नजर में

### केसरवानी वैश्य समाज का होली मिलन आयोजित



**रांची।** रांची जिला केसरवानी वैश्य समाज की ओर से रविवार को लोअर चुटिया स्थित नन्हें बचपन बचपन प्ले स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में रांची जिला के बहुत सारे केसरवानी बंधुओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में सभी लोग एक दूसरे को गुलाल लगाकर एवं बड़ों का पैर छूकर होली मिलन का आनंद लिया। समारोह में मुख्य रूप से मनीष केसरी, कार्तिक केसरी, मदन केसरी, दौलत केसरी, और बिंदु चौधरी इनके अलावा बहुत सारे केसरवानी समाज के महिलाएं एवं पुरुष मिलन समारोह में उपस्थित थे। यह जानकारी रांची जिला केसरवानी वैश्य समाज के महामंत्री मनीष केसरी ने दिया।

### श्री महावीर मंडल ने आयोजित किया होली मिलन

**रांची।** रविवार को श्री महावीर मंडल ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। यह आयोजन बड़ा तालाब स्थित श्री दुर्गा मंदिर में किया गया। समारोह में श्री महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह, श्री चैती दुर्गापूजा महासमिति के महामंत्री गोपाल पारीक, समाजसेवी रमेश सिंह, नकुल तिर्की, हिन्दू जागरण मंच के सुजीत सिंह, राज किशोर उपस्थित थे। समारोह की अध्यक्षता अशोक पुरोहित एवं संचालन कैलाश केसरी ने किया । वहीं, धन्यवाद ज्ञापन राहुल सिन्हा चंकी ने किया। सभी अखाड़ाधारियों एवं नेतृत्वकर्ताओं का स्वागत मंडल की ओर से अबीर –गुलाल लगाकर किया गया। मौके पर श्री मिश्रा ने सभी अखाड़ाधारियों एवं नेतृत्वकर्ताओ का अभिवादन किया।

### श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति की हुई बैठक

**रांची।** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति, भुताहा तलाव ने रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में अध्यक्षता राजकुमार गुप्ता ने किया। इसके बाद कोषाध्यक्ष संजय सिंह लल्लू ने पिछले वर्ष 2022 का आय–बाय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इसके बाद सभा अध्यक्ष ने मुख्य संरक्षक एवं संरक्षक मड़ली को छोड़कर पुरानी कमिटी के सभी पदों को भंग कर दिया। बैठक में मुख्य संरक्षक किशोर साहू, राज कुमार गुप्ता, कुमार राजा, उदय साहू, रवि कुमार ;पिंकू, गोपाल पारीक, संजय सिंह ;लल्लू, उमंग सुल्तानिया, राहुल सिंह आदि उपस्थित थे। यह जानकारी महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय ने दी।

### जेसीआइ ने परिणय सूत्र में बंधने वाली 15 लड़कियों के बीच किया वेडिंग किट का वितरण



**रांची।** जेसीआई रांची की हमेशा से कोशिश रही है कि वह यथासंभव समाज को बेहतर दिशा दे सके। इसी क्रम में रविवार को अनगड़ा प्रखंड के राजा डेरा पंचायत में समाजसेवी शिवचरण महतो एवं राजेश महतो के सहयोग से निकट भविष्य में विवाह के पवित्र बंधन में बंधकर गृहस्थ जीवन आरंभ करने वाली 15 लड़कियों के बीच वेडिंग किट (विवाह से संबंधित सामग्रियों की थैली) का वितरण किया गया। इस वेडिंग किट में विवाह व विवाह के उपरांत गृहस्थ जीवन आरंभ करने के लिए आवश्यक सामान दिए गए। जिसमें साड़ी, लहंगा, कुर्ती, बेडशीट, आयरन, मिक्सी, मेकअप किट, मसाला डब्बा, कैसरोल, बर्तन सहित 50 से अधिक सामान थे। जेसीआई रांची के अध्यक्ष अरविंद राजगढ़िया ने कहा कि जेसीआई इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से समाज के जरूरतमंद लोगों के बीच खुशियां बांटने की कोशिश करता है। इसमें आत्मिक संतुष्टि और दिली सुकून मिलता है।

### सीएसआइ रांची का स्वचालन और सूचना प्रौद्योगिकी पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आज से

**रांची।** कंप्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया (सीएसआई), रांची चैप्टर के अध्यक्ष अनूप प्रसाद के नेतृत्व में इस्पात, खनन और अन्य विनिर्माण उद्योगों में स्वचालन और सूचना प्रौद्योगिकी (एआईटीआईएसएम) विजन 2035 नामक एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन सेल कम्युनिटी हॉल, सैटेलाइट कॉलोनी, रांची में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन को सेल, मेकॉन, कोल इंडिया लिमिटेड, एनआईएएमटी, बीआईटी मेसरा और आईईईई जैसे संगठनों का समर्थन प्राप्त है। सम्मेलन 27 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में डेटा विश्लेषण, उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार, ऊर्जा दक्षता और वायरलेस प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। हरित ऊर्जा उत्पादन के अपरंपरागत स्रोतों पर भी प्रमुख जोर दिया जाएगा, जिसमें नवीन फ्लाई–व्हील प्रौद्योगिकी और अपशिष्ट से धन प्रबंधन शामिल है।

### खेलकूद प्रतियोगिता से प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का विकास होता है : कमलेश

**रांची।** कांके प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सुकूरहुटू गांव के गौशाला मैदान में रविवार को बहादुर क्लब की ओर से एकदिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें पांच किलोमीटर बालक– बालिका दौड़,1600 मीटर बालक– बालिका दौड़, 100 मीटर दौड़ लोंग जंप, हाई जंप के अलावा अभिभावकों के लिए आईक्यू टेस्ट व कुर्सी रेस का भी आयोजन हुआ। कांके प्रखंड के लगभग पंद्रह पंचायत के बच्चे भाग लिए। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री सह कांके विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी कमलेश राम शामिल हुए। इस दौरान खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं। ईमानदारी से खेलें नि्ित सफलता मिलेगी। इस तरह के प्रतियोगिता से बच्चों के बीच प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का विकास होता है तथा शरीर भी स्वस्थ रहता है।

### श्री कृष्ण प्रणामी के 75 वें अन्नपूर्णा भंडारे में 1300 से अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के सेवाभावी धर्म प्रमियों के द्वारा रविवार को संस्था के गुरु महाराज के 51 वर्ष पूरे होने पर 75 वां अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन किया ।पुंदाग में संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी धाम में 1300 से अधिक श्रद्धालुओं ने अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद के रुप में उन्हें कचौड़ी, पूरी, खीर, आलू टमाटर की मिश्रित सब्जी. केसरिया जलेबी वितरित किया गया। संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, ओम प्रकाश सरावगी एवं अंजनी अग्रवाल ने अपने पुत्र के साथ वहां के जरुरतमंद ग्रामीणों तथा आसपास के श्रद्धालुओं व राहगीरों के बीच प्रसाद का वितरण किया।

### बाबा विद्यापति स्मारक समिति का 5 को होली मिलन समारोह

**रांची।** बाबा विद्यापति स्मारक समिति की बैठक जयंत झा की अध्यक्षता में रविवार को हुई। इसमें आगामी 5 मार्च को समिति के कार्यालय में होली मिलन समारोह सह परिवार मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। होली मिलन समारोह में रांची के प्रसिद्ध कीर्तन मंडली निर्भय झा एवं मुकेश झा की मंडली के द्वारा फगुआ गीत गाया जायेगा। साथ ही सभी होली प्रेमी के लिये ठंडाई, भांग, मालपुआ, फ्राई चुरा, एवं फ्राई मछली कि व्यवस्था होली प्रेमी एवं कीर्तन मंडली के लिये की गयी है।

### स्प्रिंग वैली फेस 2 मन की बात सुनने को जुटे लोग

**रांची।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात को टीवी पर सुनने के लिए रविवार को स्प्रिंग वैली फेस 2 के प्रांगण में अभिषेक राज लालपुर मंडल भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष के नेतृत्व में आर्यन जयसवाल और प्रतीक मोदी के सहयोग से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# श्री श्री देवी मंडप डहू में प्राणप्रतिष्ठा महायज्ञ

## महिला-पुरुषों ने की यज्ञशाला की परिक्रमा

● श्रीकृष्ण बाललीला का प्रसंग सुन कर मंत्रमुग्ध हुए भक्त



ओरमांझी के डहू गांव में यज्ञशाला की परिक्रमा करते भक्तगण।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** डहु में नवनिर्मित श्रीश्री देवी मंडप की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र के माता के भक्तों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। यज्ञशाला के परिक्रमा को सुबह से लोगों की भिड़ उमड़ रही है। क्षेत्र के युवा, युवतियां के साथ काफी संख्या में महिलाएं हाथ जोड़ यज्ञशाला की परिक्रमा कर रहे हैं। वहीं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन हुआ। इससे पूर्व रात्रि में आयोतिज संगितमय श्रीमद् भागवत कथा में कथा में बनारस के कथावाचक बाल विदुषी लाडली शरणजी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं में पूतना वध और भगवान कृष्ण की माखन चोरी का प्रसंग सुनाया, और कहा कंस का अत्याचार का अंत करने के लिए ही भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में जन्म लिया था। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं की कथा सून उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो रहे थे।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, पूर्व सांसद रामटहल चैधरी, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, पूर्व जीप सदस्य बीना देवी, अलखनाथ महतो, आशुतोष नारयण तिवारी, नीरज नायक, नरेंद्र महतो, रामेश्वर महतो, दिलीप महतो, छोटन महतो, भुनेश्वर महतो, सरोज कुमारी, मीना देवी, फूलकुमारी देवी, रीता देवी, किरण देवी, उर्मिला देवी, बालेश्वर महतो, रमेश महतो, सागर महतो के अलावे काफी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

# कन्या पूजन व भंडारे के साथ मना हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** शंकर घाट पूजा समिति सिलदिरी के तत्वधान में आयोजित श्रीश्री हनुमान मंदिर की वार्षिक महोत्सव रविवार को कन्या पूजा व भंडारे के साथ संपन हुआ। कन्या पूजा में सिलदिरी आसपास की छोटी बच्चियों को पूजा व प्रसाद वितरण में क्षेत्र की महिलाएं भी शामिल हुई। वहीं भंडारे में प्रसाद लेने के लिए क्षेत्र काफी संख्या में भक्तगण पहुंचे। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू ने धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने वाले समिति के सदस्या व युवाओं की सरहाना की और कहा सनतन धर्म संस्कृति में वार्षिक महोत्सव व कन्या पूजा का विशेष महत्व है। उन्होने कहा महिलाओं का सम्मान व बेटियों की पूजा सनतान धर्म को विषेष महत्व बनाती हैं। कार्यक्रम में पूर्व जिप सदस्य बीना देवी, सत्यनारायण तिवारी, ओपप्रकाश राव, उमाशंकर साहू, रोहित लाल, मनोज गुप्ता, नरेंद्र कुमार, रामदास महतो, विनोद सिंह, प्रभाकर सिंह, पोपेंद्र साहू, विक्रांत तिवारी, सतीश बड़ाईक सहित अन्य मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### रातू : तिलता में भाजपा एसटी मोर्चा की बैठक

**रातू।** भाजपा एसटी मोर्चा की बैठक कृष्णा उरांव की अध्यक्षता में हुयी। तिलता बागीचा में आयोजित बैठक में विधायक नवीन जायसवाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुये। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर रुपेश गोप, देवेंद्र सिंह, कृष्णा भगत, जेम्स खलखो, जीवन जीत मिर्धा, गांधी भगत, सुनील मुंडा, अरविंद उरांव, सुरेश उरांव, अमित उरांव व रोहित मुंडा आदि मौजूद थे।

### शेड में आग लगने से जलकर मरीं चार गायें

**मांडर।** थाना अन्तर्गत झिंझरी गांव में शनिवार देर रात गाय शेड में आग लगने से चार गायों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव के ही हसीना खातून नामक महिला के गाय शेड में बीती रात आग लग जाने के कारण दम घुटने से वहां बंधे चार गायों की मौत हो गयी। घर के नजदीक ही स्थित शेड में आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल पाया है। बताया जा रहा है कि शेड में आग लगने व दम घुटने से गायों की मौत की जानकारी घर के लोगों को रविवार को सुबह हुई।

### पिठोरिया में लैंपस भवन बनाने के लिए ग्रामसभा

**पिठोरिया।** पिठोरिया के पंचायत सचिवालय में ग्रामसभा का आयोजन ग्रामप्रधान रामलगन मुंडा की अध्यक्षता में हुई। मौके पर पिठोरिया में लैंपस का गोदाम बनाने के लिए स्थान चयन करने के लिए सहमति बनी। इसके लिए अंचल कार्यालय कांके जाकर अंचलाधिकारी से अनुमति लेने को कहा गया है। बैठक में मोहम्मद सज्जाद हुसैनए परवज आलमए उमेश साहू ए रामकुमार बैठा एननकू मुंडा एविनोद कुमार केसरीए शंकर महतो एपूरण गोपए शाथो मुंडा, कुमुद रजक, मुस्तकीम अंसारी उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के पेडेगचावली गांव के पास युवक घुमावदार मोड़ पर असंतुलित होकर मोटरसाइकिल से गिर गया मोटरसाइकिल से गिरने के बाद तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हुए ।घायल तीनों अमित सिंह मुंडाए सुदर्शन महतो और राजकेश्वर दास बुंडू से मिलन चौक ईचागढ़ जा रहे थे। पेडेगचावली गांव के सामने गिर गये। इनमे दो युवक को बेहतर इलाज के लिये रिम्स भेजा गया।

### शिविर में 150 लोगों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**सोनाहातू।** प्रखंड के सीमावर्ती क्षेत्र मिलन चौक सीतू स्थित माधुरी नर्सिंग होम में रविवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अमेरिका के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ गीता मेहताए डॉ श्रेया शांभवीए डॉ जुनिका जमशेदए डॉ सुषमा रानी के द्वारा 150 से ज्यादा लोगों का निरूशुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया।मौके पर अजय जायसवाल, माधुरी महतो, गौरांग महतो, तुलसी महतो, रातूला देवी, देवेन्द्र नाथ महतो मौजूद थे।

### कुरमी/कुड़मी समाज के महाजुटान को लेकर जन जागृति अभियान

**राहे।** प्रखंड के कई गांवों में रविवार को कुरमीध्कुड़मी समाज के लोगों ने जन जागृति अभियान चलाया। समाज के लोगों ने गांव में जाकर लोगों को 12 मार्च को सिल्ली के पतराहातू मैदान में आयोजित समाज के महाजुटान कार्यक्रम की जानकार दी। मौके पर क्षेत्रमोहन महतो, दिलीप महतो, कृष्णचन्द्र महतो, महिंद्र नाथ महतो, नित्यानन्द महतो, कृष्णमोहन महतो आदि मौजूद थे।

### इटकी : गढ़गांव में सरना सनातन धर्मावलंबियों की बैठक

**इटकी।** गढ़गांव में रविवार को सरना सनातन धर्मावलंबियों की एक बैठक लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मौसीबाड़ी की घेराबंदी को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गयी व इसके लिये मौसीबाड़ी सरना सनातन विकास समिति का गठन व जगन्नाथ मंदिर में होली मिलन समारोह का निर्णय लिया गया।

# सिल्ली पॉलीटेक्निक ने चलाया उच्च शिक्षा अभियान

## शिक्षकों ने गांवों में जाकर विद्यार्थियों को बताया शिक्षा का महत्व



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली पॉलीटेक्निक कॉलेज के शिक्षकों द्वारा रविवार को सिल्ली के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा अभियान चलाया। प्राचार्य समीर शर्मा के नेतृत्व में कालेज के शिक्षकों ने गांवों के क्षात्र क्षात्राओं एवं उनके परिजनों को जिवन में शिक्षा का महत्व को समझाते हुए बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज में चल रहे विज्ञान सप्ताह के तहत इस कार्यक्रम को चलाया गया। अभियान के दौरान बच्चो से पुछे गए सवाल का सही उत्तर देने पर उन्होंने सम्मानित भी किया गया। वहीं प्राचार्य ने कहा कि गांव के दूर दराज इलाको मे रहने वाले बच्चे जो आज भी शिक्षा से वंचित रह जाते हैं एवं शिक्षा का महत्व नहीं समझ पाते है उन बच्चो को अभियान से लाभ होगा। अभियान दल में प्राचार्य समीर शर्मा, सुमित कुमार, शबनम पूर्ति, पंकज कुमार रवि, सुनील कुमार महतो , राजकुमार आदि शामिल थे।

# राय बाजार में समिति निर्धारण को लेकर बैठक

**पिपरवार।** पिपरवार कोयलंचल क्षेत्र के राय पंचायत के सामुदायिक भवन में राय पंचायत के ग्रामीणों की बैठक का आयोजित कि गई। बैठक की अध्यक्षता राय पंचायत मुखिया शीला देवी एवं संचालन पूर्व उप प्रमुख एतवारा महतो ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि आजसु रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष नागेश्वर महतो उपस्थित थे द्य बैठक में ग्रामीण स्तर की समस्याओं सहित व्यवसायियों की एकजुटता एवं विकास कार्यों को धरातल पर उतारने को लेकर पंचायत स्तरीय समिति का गठन किया गया।

# हाथी ने रौंद डाली फसल, ग्रामीणों ने खदेड़ा

## खंभा गांव और कुल्ली डहुटोली में हाथी ने मचाया उत्पात

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटकी।** इटकी प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथी का उत्पात जारी है। शनिवार की रात एक जंगली हाथी ने प्रखंड के खंभा गांव व कुल्ली डहुटोली पहुंच कर भारी उत्पात मचाया। खंभा गांव के अजीत उरांव व बिरसा उरांव के खेत में लगे गेहूं व आलू के फसल को अपना आहार बनाया। जबकि कुल्ली डहुटोली के संतोषी देवी और एतवा उरांव के गन्ने को खाकर व रौंद कर बर्बाद कर दिया। वन विभाग की टीम व ग्रामीण एक जुट होकर जंगली हाथी को जंगल की तरफ खदेड़ने में सफल रहे। ग्रामीणों के अनुसार रविवार दिन में जंगली हाथी को कुल्ली नदी में स्नान करते देखे जाने की सूचना है। वन विभाग की टीम ग्रामीणों को हाथी के साथ छेड़छाड़ नही करने की अपील करते हुए हाथी के करीब नहीं जाने की सलाह दी है। विदित हो कि उक्त जंगली हाथी 21 फरवरी को चार लोगों को कुचल कर मार डाला था। रविवार को वन विभाग की एक्सपर्टो की टीम हाथी भगाओ दस्ता के साथ कुल्ली नदी के पास कैम्प किये हुए है।

# एचडीएफसी बैंक ने हेल्थ कैंप लगाया

**नामकुम।** रविवार को झारखंड पेंशनर कल्याण समाज नामकुम और एचडीएफसी बैंक के सौजन्य से सदाबहार चौक स्थित झारखंड पेंशनर कल्याण समाज के कार्यालय में एक दिवसीय निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में डाक्टरों द्वारा आसपास एंव दुरदराज से आए हुए लोगों के नेत्र जांच, बीपी, शुगर और अन्य फिजिशियन परामर्श की निशुल्क सुविधा उपलब्ध करायी गयी। शिविर में लगभग 110 लोगों ने अपनी जांच करायी और दवाएं ली।

# सिल्ली के 10 तीरंदाजों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिल्ली।** सिल्ली के 10 तीरंदाजों का चयन 42 वीं एनटीपीसी सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। ये प्रतियोगिता आगामी 8 से 18 मार्च तक गुजरात के एकता नगर मे आयोजित किया गया है। चयनित तीरंदाजों में बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी के मधुमिता कुमारी, दीप्ति कुमारी, सिम्पी कुमारी, अनिता कुमारी, भावना कुमारी, रोहित कुमार, साझा तीरंदाजी केंद्र से अघनी कुमारी, वर्षा खालको कृष्चंद्र देव, डे बोडिंग जोन्हा से लक्ष्मी कुमारी शामिल हैं। इनके चयन पर बिरसा मुंडा आर्चरी एकेडमी के मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतो और झारखंड तीरंदाजी संघ की वरीय उपाध्यक्ष सह रांची जिला तीरंदाजी संघ सह बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी की अध्यक्ष श्रीमती नेहा महतो और खेल निदेशक सोरोजनी लकड़ा समेत तीरंदाजी संघ के अधिकारी एवं पदाधिकारीयों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

## एक नजर में

### सिमलिया में बनेगी 3.30 किलोमीटर सड़क

■ हटिया विधायक ने रखी आधारशिला

रातू। प्रखंड के सिमलिया नवांटोली में 3.30 किलो मीटर पक्की सड़क बनेगी। सरकार ने इसकी स्वीकृति दे दी है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाले पथ की आधारशिला हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने रखी। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र प्रायोजित कई योजनाओं की जानकारी दी। श्री जायसवाल की ओर से बहुप्रतिक्षित पथ का शिलान्यास किये जाने पर क्षेत्र के लोग काफी उत्साहित दिखे। ग्रामीणों ने राज्य सरकार के प्रति आभार भी जताया। मौके पर विष्णु कुमार, कार्तिक सिंह, प्रफ्फुल सिंह, राकेश तिवारी, अजय जायसवाल, विनोद पांडेय, नागेन्द्र शर्मा, दीपक कुमार, श्रवण शर्मा व रवि कुमार आदि मौजूद थे।

### नन्हे बचपन प्ले स्कूल में होली मिलन समारोह



**ठाकुरगांव।** रांची जिला केसरवानी वैश्य सभा के तत्वावधान में रविवार को चुटिया स्थित नन्हे बचपन प्ले स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कार्तिक केशरी ने किया। कार्यक्रम में आगामी अप्रैल महीने में समाज द्वारा आयोजित होने वाले केशरवानी वैवाहिक परिचय सम्मेलन सह मिलन समारोह की रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर उपस्थित समाज के सभी सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं भी दिया। मौके पर उमेश कुमार केशरी, तपेश्वर केशरी, प्रेमसागर केशरी, रूपेश केशरी, स्वाति केशरी, नेहा केशरी, अनिल केशरी, तपेश्वर केशरी मौजूद थे।

### फुलवार-बेहराबेड़ा गांव में पोस्ते की फसल नष्ट



राहे। राहे ओपी क्षेत्र होटलो पंचायत के फुलवार बेहराबेडा गांव के आसपास जंगल में राहे ओपी पुलिस और एसएसबी 26 वी बटालियन ए कम्पनी के जवानों के संयुक्त अभियान में 14 एकड़ में लगे पोस्ते की फसल को नष्ट किया। अभियान में एसएसबी 26 वी बटालियन, कम्पनी के इंस्पेक्टर मन्टू कुमार, एसआई अजित सिंह, हेड कांस्टेबल सुरेंद्र चौधरी, रमेश कुमार, प्रताप खालको, राहे पुलिस एसआई विगेश कुमार राय, जोनसोन संगा सहित पुलिस टीम उपस्थित थी।

### खलारी में विहिप और बजरंग दल की बैठक

**खलारी।** रांची जिला ग्रामीण विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक प्रखंड के सोसई आश्रम में चान्हो प्रखंड अध्यक्ष सरयू साहू मांडर प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण रॉय एवं जिला सह संयोजक बजरंग दल के प्रकाश यादव के नेतृत्व मैं एक बृहद बैठक रखी गई। जिसमें मांडर, चान्हो, खलारी एवं रातू के कार्यकर्ता गण उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से संगठन को मजबूत बनाने हेतु विभिन्न बातों पर चर्चा किया गया, जिसमें से आने वाले समय में संगठन को मजबूत करने को लेकर सभी कार्यकर्ता अपनी अपनी बातों को रखें जिसमें जिला उपाध्यक्ष संजय साहू जी के द्वारा संगठन में कार्यकताओं के बीच हो रहे मतभेद (विशेष रुप से खलारी, रातू, चान्हो प्रखंड) एवं कार्यकर्ताओं को जोड़ने वाली बातों को विस्तार से रखते हुए बिंदुओं पर चर्चा की।

### बेड़ो : तालाब जीर्णोद्धार की आधारशिला रखी

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के मुरतो पंचायत के चचकोपी सेमरटोली और तुतलो पंचायत के मसियातु नयाटोली गांव में रविवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने भूमि संरक्षण विभाग के तहत तलाब जिर्नोद्धार का शिलान्यास किया। वही मौके पर विधायक ने ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीए व उनके समस्याओं को जल्द निदान का आश्वासन दिया। मौके पर जिपस बेरोनिका एक्काए मुखिया गंगी कुमारीए सिलबेस्टर कच्छपए अनिल उरांवए वाहिद अंसारीए लालदेव लोहराए रबुल अंसारीए नेजाम अंसारीए राजेश उरांवए आलम अंसारीए कुदूस अंसारीए कुलदीप उरांव उपस्थित थे।

### रांची जिला ग्रामप्रधान संघ की कमेटी गठित

**नामकुम।** टाटी पंचायत भवन में रांची जिला के विभिन्न प्रखण्डों के ग्रामप्रधानों की बैठक ग्राम प्रधान अर्जुन पाहन की अध्यक्षता में अयोजित की गयी। इस दौरान सर्वसम्मति से रांची जिला ग्राम प्रधान संघ का गठन किया गया। जिसमें उमेश बडाइक को अध्यक्ष जगत पाल बडाईक को कार्यकारिणि अध्यक्ष,मुण्डा कृष्ण कुमार सिंह को संरक्षक,मनीस महल सदस्य बनाया गया है।

# कोयला लिफ्टरों ने रोहिणी का काम किया ठप

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** कोयला लिफ्टरो के साथ सीआईएसएफ जवान द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने के विरोध में कोयला लिफ्टरो ने रविवार को 4 घंटा रोहिणी कांटा घर के काम काज बंद कराए रखा।लिफ्टरो का आरोप है कांटा घर में तैनात सीआईएसएफ के जवान आये दिन लिफ्टरो एवं ट्रक चालकों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। शनिवार को खुस्तक नामक एक लिफ्टरो के साथ जवान ने गाली गलौज एवं अभद्र व्यवहार किया।जिससे नाराज होकर सारे कोयला लिफ्टरो ने कांटा घर का कार्य बंद करा दिया।सूचना मिलने के बाद में ट्रक ऑनर एसोसिएशन के संरक्षक राजन सिंह राजाएअध्यक्ष तनवीर आलम सीआईएसएफ अधिकारीयो एवं लिफ्टरो के साथ त्रिपक्षीय वार्ता हुई जिसमें नियम संगत जो कार्य है उससे पालन करने पर सहमति बनीएदोषी जवान को कांटा घर मे पुनः ड्यूटी नहीं देने की बात हुई। इसके बाद कांटा घर का काम काज चालू हुआ। साथ ही परियोजना पदाधिकारी रोहिणी के नाम सात सूत्री मांग पत्र दिया गया। मौके पर सीसीएल के संजय साव, लोडिंग इंस्पेक्टर सुधीर सिंह सहित अन्य कांटा स्टाफ, सीआईएसएफ के ददन सिंह, अनूप कुमार आदि मौजूद थे।

# अमर उरांव अध्यक्ष और विश्वनाथ बने महासचिव

## प्रखंड सरहुल पूजा समिति का पुनर्गठन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड सरहुल पूजा समिति की बैठक रविवार को अध्यक्ष अमर उरांव की अध्यक्षता में हुई। काठीटांड़ स्थित पड़हा भवन सभागार में आयोजित बैठक के दौरान संगठन को मजबूत बनानेए खर्च का बजट तैयार करने व झंडा गड़ी आदि पर चर्चा की गयी। इसके उपरांत समिति का पुनर्गठन किया गया। अमर उरांव लगातार तीसरी बार अध्यक्ष चुने गये। वहीं तुलसी उरांव व रुक्मिणी एक्का उपाध्यक्ष, विश्वनाथ उरांव महासचिव, तुलसी उरांव व सुकरा उरांव सचिव, छोटू उरांव कोषाध्यक्ष, रीता भगत उप कोषाध्यक्ष और प्रेम उरांव को कार्यालय सचिव बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में अनिल उरांवए पुनम लिंडाए बिरेंद्र उरांव व हीरा उरांव तथा संरक्षक मंडली में डॉ लक्ष्मण उरांव, देविया उरांव व हुसे उरांव शामिल हैं। इससे पूर्व 24 मार्च को विशाल शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया।

# बेड़ो : केशा टिकराटोली में गव्य विकास योजना के तहत कार्यशाला

## पशु बीमा की दी गयी जानकारी

**बेड़ो।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत गव्य विकास निदेशालय द्वारा संचालित योजनाओं का सफल क्रियावन हेतु रविवार को बेड़ो प्रखंड के केशा पंचायत के टिकराटोली दूध संग्रहण केंद्र में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के योजनाओं की विस्तृत जानकारी एंव 2 गायों की योजना व 5 गायों की योजना के अनुदान के संदर्भ में जानकारी दी गई। जिसमें मुख्य रुप से गव्य विकास के पदाधिकारी तकनीकी संतलाल वशिष्ठ नारायण सिंह एवं बेड़ो प्रखंड के पशुपालन पदाधिकारी डॉ संजय कुमार के द्वारा दुधारू मवेशियों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। जहां मौके पर पंचायत की मुखियाए वार्ड सदस्य रियाज अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे। मौके पर सुरेश कुमार के द्वारा दुधारू मवेशियों की बीमा के विषय में भी जानकारी दी गई।

# ओरमांझी में पेड़ काटने पर प्रतिबंध

## सरहुल पूजा को लेकर हुई बैठक में लिया गया निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** सरहुल पूजा की तैयारी को लेकर मायापुर सरना स्थल में रविवार को आदिवासी सरना 22 पड़हा कार्यकारणी समिति सदमा ओरमांझी की एक बैठक हुई। बाबूलाल महली की अध्यक्षता में हुई बैठक में इसवर्ष सरहूल पूजा धूमधाम से मनाने व पूजा तक किसी भी गांव में पेड़ पौधों को काटने पर प्रतिबंध लगाया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि आदिवासी समाज के सभी घरों व अखरा की साफ सफाई कर सरना झंडा लगाने के लिए 22 पड़हा के सभी ग्राम टोला में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। बताया गया कि 23 मार्च शुक्लपक्ष के दूसरे दिन गुरुवार को सार्वजनिक उपवास व 24 मार्च शुक्लपक्ष के तृतीय दिन शुक्रवार को 10 बजे तक सरना स्थल में पाहनों के द्वारा पूजा होगी। वहीं सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सरहुल उपवास से पूर्व 19 मार्च को होंचई में सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वहीं शुक्लपक्ष चतुर्थी दिन शनिवार को पाहनो द्वारा फूल खोशी और एक बजे से मायापुर सरना स्थल में आदिवासी भेंस भूषा के साथ सरहुल शोभा यात्रा में शामिल होने की अपील की गई। बैठक में जिप सदस्य कमिश्नर मुंडा, रामेशचंद्र उरांव, रमेश उरांव, बुद्धेश्वर मुंडा, हरिलाल मुंडा, कल्लू मुंडा, लोकन मुंडा, झिरगा पहान, लक्ष्मण मुंडा, इंदु मुंडा, करमचंद उरांव मौजूद थे।

# गुटुवा में बनेगा देश का एकमात्र पंचमुखी गणेश जी का मंदिर

## प्राणप्रतिष्ठा की तैयारी को लेकर आयोजन समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**चान्हो।** प्रखंड के गुटुवा में श्री पंचमुखी श्री गणेश मंदिर व श्री महाकाल महादेव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा पांच दिवसीय समारोह एक मार्च से शुरू होगा। इसकी तैयारी को लेकर रविवार को आयोजन समिति के अध्यक्ष बिंदु भूषण दुबे की अगुवाई में एक विस्तृत बैठक हुआ। बिंदु भूषण ने बताया कि यह पूरे भारत का पंचमुखी गणेश का एकमात्र मंदिर है। चेन्नई के महाबलीपुरम में वर्ष 2016 में एक साधक द्वारा लगातार एक साल के परिश्रम के बाद स्वतः इस मूर्ति का निर्माण हुआ था। शिव पुराण में भी इस बात का जिक्र है कि महाकाल ने स्वयं पंचमुखी गणेश को प्रगट होने का आदेश दिया था। लगभग सात साल के बाद एक मार्च से इस मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की शुरूआत होगी जो पांच दिनों तक चलेगी। साथ ही यहां उज्जैन से लाकर महाकाल को भी स्थापित किया गया है। आयोजन समिति के सचिव सह जिप सदस्य आशुतोष तिवारी ने बताया एक मार्च से जल यात्रा के साथ इस अनुष्ठान की शुरूआत होगी जो पांच दिनों तक चलेगी। आयोजन समिति की ओर से भंडारे का भी आयोजन किया गया है। साथ ही यहां प्रत्येक दिन श्रद्धालुओं के लिए प्रवचन की भी व्यवस्था की गई है। इस अनुष्ठान की तैयारी को लगभग अंतिम रूप दे दिया गया है।

# शोध में पीछे देश

**शो**ध एवं विकास एक बड़ा वैश्विक उद्यम है। दुनिया के कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का दो फीसदी से थोड़ा अधिक शोध एवं विकास में व्यय किया जाता है। दुनिया के 180 से अधिक देशों में शोध एवं विकास में दो लाख करोड़ डॉलर से अधिक की जो राशि व्यय की जाती है उसमें अमेरिका, चीन, जापान, जर्मनी और दक्षिण अफ्रीका की हिस्सेदारी तीन चौथाई से अधिक है। उद्योगों का आंतरिक व्यय कुल शोध एवं विकास निवेश के दोतिहाई से थोड़ा अधिक है। इसमें भी उच्च शिक्षा और सरकारी प्रयोगशालाओं में व्यय 60:40 में बंटा हुआ है। उद्योगों की बात करें तो शीर्ष पांच उद्योगों- औषधि, वाहन, तकनीक, हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और इलेक्ट्रॉनिक्स पूरे औद्योगिक शोध एवं विकास में 73 फीसदी हैं। उन उद्योगों के भीतर भी यह चुनिंदा कंपनियों तक सीमित है। शीर्ष 20 कंपनियां वैश्विक औद्योगिक शोध एवं विकास व्यय के 22 फीसदी के लिए उत्तरदायी हैं। भारत इन सभी मोर्चों पर पीछे है। शोध एवं विकास में निवेश के मामले में हम 16वें स्थान पर हैं। यहां तक कि इजरायल भी हमसे आगे है जिसका जीडीपी हमारे जीडीपी की तुलना में छठे हिस्से के बराबर और आबादी हमारे सौवें हिस्से के बराबर है। उद्योग जगत के आंतरिक शोध एवं विकास में तो हम और भी पीछे हैं। यहां हम 7 अरब डॉलर के निवेश के साथ पोलैंड और सिंगापुर के बीच 22वें स्थान पर हैं। यूरोपीय आयोग हर वर्ष हमें शोध एवं विकास के क्षेत्र में दुनिया के शीर्ष 2,500 निवेशकों की जानकारी देता है। ये कंपनियां वैश्विक औद्योगिक शोध एवं विकास के तीन चौथाई के लिए उत्तरदायी हैं। यानी पूरी तस्वीर में उनकी अहम भूमिका है। इन 2,500 में भारत की 24 फर्म हैं जबकि अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी की क्रमशः 822, 678, 233 और 114 फर्म हैं।

# मंत्री का प्लॉट

**यू**पी के एक मंत्री के पास दर्जनों औद्योगिक प्लॉट होना पद की हनक और पद का दुरपयोग दर्शाता है। उत्तर प्रदेश सरकार में लघु उद्यम मंत्री के कब्जे में 72 इंडस्ट्रियल प्लॉट पाए जाने के बाद प्रदेश भर के औद्योगिक क्षेत्रों की जांच होगी। पूरे मामले में दोषी पाए गए अधिकारियों पर कारवाई करने को भी कहा गया है। अधिकारियों का कहना है कि बड़ी तादाद में औद्योगिक क्षेत्रों में आवंटित प्लॉट पर इकाई स्थापित नहीं की गयी है। अब इन्हें चिन्हित कर आवंटन निरस्त किया जाएगा। नियमों के मुताबिक औद्योगिक प्लॉट आवंटित होने के 10 दिनों के भीतर डीड करनी होगी और एक महीनों में लागत का 10 फीसदी पैसा जमा करना होता है। प्लॉट पर छह महीनों के भीतर इकाई की स्थापना कर देने का प्रावधान है। हालांकि 10 साल पहले सांसद रहते वर्तमान लघु उद्यम मंत्री राकेश सचान को फतेहपुर जिले के दो औद्योगिक क्षेत्रों में आवंटित 72 प्लॉट में कहीं भी कोई इकाई नहीं लगायी गयी। इन आवंटनों के लिए दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। उद्योग निदेशालय में संयुक्त आयुक्त सर्वेश्वर शुक्ला ने बताया कि मामले में दोषी फतेहपुर के अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की संस्तुति कर दी गयी है। गौरतलब है कि उद्यमियों की संस्था लघु भारती के फतेहपुर जिला अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने लघु उद्यम मंत्री राकेश सचान के नाम 72 प्लॉट आवंटित होने व किसी पर भी कोई इकाई न लगाए जाने की शिकायत की थी। दोनो ने जांच रिपोर्ट में बताया कि आवंटन 11 मई 2012 को किया गया और न तो डीड की गयी और न ही कोई धनराशि जमा करायी गयी। इस पूरे प्रकरण में महाप्रबंधक उद्योग एवं तत्कालीन उपायुक्त फतेहपुर को दोषी माना है। निश्चित तौर पर जिन भूखंडों को राज्य के युवाओं को मिलने चाहिए उनकी हकमारी कर मंत्री अन्याय में लिप्त है।

# खास बढ़ेगी तभी हासिल होंगे निर्यात के लक्ष्य



**इस** बार संसद में विपक्ष की आलोचना का जवाब देते हुए या अपनी सामान्य टिप्पणियों में भी प्रधानमंत्री ने यही कहा कि नया भारत आर्थिक संरक्षण के लिए गिड़गिड़ाता हुआ भारत नहीं है। उसके याचक बनकर संपन्न देशों के द्वार खटखटाने के दिन बीत गए। आज के भारत के हर बोल की परवाह दुनिया करती है। पश्चिम के बाहुबली देश भी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भारत की ओर देखते हैं। यह भारत की कूटनीतिक सफलता ही है कि जहां अमेरिका का व्यापारिक और सार्वजनिक क्षेत्र भारत के साथ अधिक से अधिक संबंध बनाए रखना चाहता है वहीं रूस भी पेट्रोल से लेकर अस्त्र-शस्त्रों की मदद तक से भारत के साथ व्यवसाय करते हुए कभी हाथ नहीं खींचता। लेकिन दूसरी ओर यह भी कहा जा रहा है कि आज तक भारत आयात आधारित अर्थव्यवस्था है। उसे अब निर्यातधर्मी अर्थव्यवस्था बनाना है। न केवल बजट घाटे को घटाना है बल्कि विदेश व्यापार घाटे को भी कम करना है। इसलिए आज तक जो नहीं हुआ, वह हम करेंगे। उसे करने के लिए अब दो कदम उठाने पड़ेंगे। एक तो यह कि डॉलर के मुकाबले रुपये के गिरते हुए मूल्य को थामा जाए। दूसरा कदम यह कि हम अपने निर्यात के लिए वस्तुएं उत्पादित करते हुए कच्चे माल के लिए विदेशों पर निर्भर न रहें बल्कि अपने ही देश में कच्चे माल का उत्पादन कुछ इस ढंग से करें कि हमारा बजट घाटा कम हो सके और हमारे उत्पादों की मांग विदेशी मंडियों में बढ़े। हमारी विदेशी मुद्रा का सुरक्षित कोष भी अधिक हो ताकि रुपये के विनिमय मूल्य पर दबाव कम हो।

आत्मनिर्भरता के लिए सीधा रास्ता है कि पेट्रोल और डीजल के उत्पादन को जितना हो सके, अपने देश में बढ़ाया जाए। प्राकृतिक गैस के लिए विदेशी निर्भरता को कम किया जाए। लेकिन इस वर्ष ऑयल एंड नेचुरल गैस कमीशन की रिपोर्ट के मुताबिक, पेट्रोल और डीजल के नये कुएं खोजने में कोई सफलता प्राप्त नहीं हुई। प्राकृतिक गैस की कमी बरकरार है और देश आज भी 85 प्रतिशत पेट्रोलियम उत्पादों का आयात विदेशों से करता है। डॉलर के मुकाबले रुपये का मूल्य निरंतर गिर रहा है। इस सबके चलते हमारे आयात तो महंगे और निर्यात सस्ते हो रहे हैं। व्यापार घाटा घटने की जगह और बढ़ रहा है। ताजा रिपोर्टों के मुताबिक भी डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में कमी थमी नहीं। निर्यात वृद्धि के दावों के बावजूद देश उसी तरह व्यापार घाटे की समस्या में ग्रस्त है।



-सुरेश सेठ

> इस सबके साथ ही समस्या हमारे देश की व्यावसायिक साख को लेकर भी है। व्यावसायिक साख उचित विज्ञापनों से होती है और यहां खबर यह आ रही है कि यहां चिढ़ाने वाले भ्रामक और गलत विज्ञापनों की संख्या बढ़ रही है। इसके कारण हैं भारतीय कंपनियों में अंदरूनी खींचतान, विज्ञापनों का कमजोर कंटेंट व उसका सही संपादन नहीं होना और बड़े विज्ञापनदाताओं द्वारा दूसरे विकल्प खोजने जैसा अभियान।

इस सबके साथ ही समस्या हमारे देश की व्यावसायिक साख को लेकर भी है। व्यावसायिक साख उचित विज्ञापनों से होती है और यहां खबर यह आ रही है कि यहां चिढ़ाने वाले भ्रामक और गलत विज्ञापनों की संख्या बढ़ रही है। इसके कारण हैं भारतीय कंपनियों में अंदरूनी खींचतान, विज्ञापनों का कमजोर कंटेंट व उसका सही संपादन नहीं होना और बड़े विज्ञापनदाताओं द्वारा दूसरे विकल्प खोजने जैसा अभियान। हाल में किये गये वर्ल्ड एडवर्टाइजर्स फेडरेशन के सर्वेक्षण के मुताबिक, पिछले साल की 43 बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में से 30 प्रतिशत कंपनियां इस साल अपना विज्ञापन बजट कम करने का विचार कर रही हैं। यहीं बस नहीं, आमदनी बढ़ाने के लिए निम्न स्तर के विज्ञापन दिए जाते हैं। कंपनियां कहती हैं कि ये शेयरधारकों के दबाव के कारण हो रहा है लेकिन इन्हें देखकर आम लोग अच्छा महसूस नहीं करते हैं।

अमेरिका में स्थित इंडियाना से खबर आई है कि ट्विटर पर ऐसे परेशान करने वाले विज्ञापन दिखाई देते हैं जिनका डिजाइन अच्छा नहीं। दूसरी ओर अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता की वजह से विज्ञापन बाजार ढीला है। ऐसी हालत में भारतीय उत्पादों के लिए नयी मांग पैदा होगी तो कैसे? देश की सोशल मीडिया कंपनियों की विज्ञापन आय कम हो गई है। हर बिक्री प्लेटफार्म पर ऐसे विज्ञापन आने लगे हैं जिसे बहुत कम लोग पसंद करते हैं। भारत सरकार ने ऐसे कई भ्रामक जानकारी चैनलों पर प्रतिबंध लगाया है लेकिन फिर भी विज्ञापनबाजी के इस प्लेटफार्म पर ये टेबलॉयड विज्ञापन भुतहा लगते हैं। फिर डिस्काउंट्स, गेमिंग एप्स और कुछ पोस्ट ऐसे फर्जी विज्ञापन जारी कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर ये विज्ञापन अंजान गर्भनिरोधक गोलियों का प्रचार करते हैं। साफ नजर आता है कि यूट्यूब पर पॉपुलर वीडियो क्रिएटर की नकल करने वाले इश्तिहार हैं। पिछले दिनों भारत से विदेशों को गयी हुई कई दवाइयों के नुकसान होने के आरोप वाले समाचार सामने आये। एक ऐसा देश जो विज्ञापनों की सहायता से अपने निर्यात को बढ़ाना चाहता हो, उसके लिए ऐसी खबरें ठीक नहीं हैं। भारत के सोशल मीडिया पर नजर आने वाले टैक्स्ट, वीडियो गेम्स, मैसेजिंग, ब्रांड टेकओवर व कस्टम फिल्टर विदेशी विज्ञापनों के मुकाबले निम्न स्तर के हैं। कई विज्ञापनदाता ऑनलाइन बजट बताकर गलत-सलत जानकारी के साथ प्लेटफार्म की ऑटोमैटिक नीलामी में हिस्सा लेने लगे हैं। इसीलिए प्रमुख विज्ञापनदाताओं ने, पिछले वर्ष के मुकाबले 55 प्रतिशत कम पैसा खर्च किया वहीं 6 प्रतिशत ने 2023 में कोई विज्ञापन नहीं दिया। स्नैपचैट ने अपनी सबसे कम तिमाही विकास दर रिकॉर्ड की। गूगल की कम्पनी ने बताया कि पिछली तिमाही में यूट्यूब के विज्ञापन 8 प्रतिशत कम हुए। इन्वेस्टमैंट बैंक पाइपर सैंडलर के अनुसार पिछली तिमाही में फेसबुक और इंस्टाग्राम विज्ञापनों का मूल्य 24 प्रतिशत कम हुआ। चूंकि शेयरधारकों के दबाव में पैसा बचाकर हर जगह से पैसा कमाने की कोशिश होती है इसलिए कम्पनियां हर जगह पैसा कमाने की कोशिश में लगी रहती हैं। नतीजा मौलिकताविहीन व निम्नस्तर के विज्ञापन अभियान जो पश्चिम की अत्याधुनिक मंडियों का ध्यान नहीं खींच सकते।

भारतीय उत्पादों का विज्ञापन अभियान वैश्विक मंडियों में अपनी जगह नहीं बना पाया। कारण यह कि भारतीयता छोड़कर निर्यात कम्पनियां पश्चिमी तेवरों का अंधानुकरण करने की कोशिश करती हैं। किसी जमाने में पुपुल जयकर ने भारतीय उत्पादों के महोत्सव पूरी भारतीयता की धरातल पर खड़े करते हुए देश-विदेश में किए थे और अपने आप विदेशी ग्राहकों की संख्या बढ़ गई थी। आकर्षक पर्यटन नीति से

## खास बात

### वश तीन दिन काम ?



**प्रशांत झा**

**संपत्ति** सलाहकार सीबीआरई इंडिया ने भारत की आवाजः भविष्य में लोग कैसे रहेंगे, किस तरह काम और खरीदारी करेंगे शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की है। यह सर्वे 1,500 से अधिक लोगों पर किया गया है जिसमें करीब 70 फीसदी ने कहा कि वे कम से कम तीन दिन कार्यालय आकर काम करना चाहते हैं। सीबीआरई ने कहा, विभिन्न आयुवर्ग के 60 फीसदी से अधिक भावी कर्मियों (कार्यालय और हाइब्रिड दोनों तरह से काम करने वाले) ने कहा कि नौकरी का चयन करते वक्त वेतन सबसे अहम कारक बना हुआ है। वहीं आमने-सामने का संवाद सीमित होने की वजह से कंपनी के प्रबंधन में भरोसा भी दोनों प्रकार के कर्मियों के लिए एक अन्य महत्वपूर्ण कारक के रूप में सामने आया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, कार्यस्थल पर सुरक्षा के बेहतर उपाय और सुविधाओं को 80 फीसदी प्रतिभागियों ने सबसे ज्यादा प्रेरणादायी पहलू बताया जिससे वे नियमित रूप से कार्यालय आने को प्रेरित होते हैं। सीबीआरई के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया और अफ्रीका) अंशुमान मैगजीन ने कहा, ज्यादातर लोग कार्यालय में नियमित आने पर जब विचार करते हैं तो कार्यस्थल की गुणवत्ता और काम करने के निजी स्थान को तवज्जो देते हैं जबकि इस मामले में महामारी के बाद से स्वास्थ्य उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण कारक हो गया है।

सर्वे में पाया गया कि हाइब्रिड कामकाज (कभी कार्यालय आकर तो कभी घर से काम करना) को भारत में व्यापक रूप से अपनाया गया है। 78 फीसदी लोग इस प्रकार के कामकाज को प्राथमिकता देते हैं। निश्चित तौर पर वर्क टू होम की नयी पद्धति जो कोरोनाकाल में विकसित हो गयी और कंपनियों के लिये आर्थिक रुप से सूट भी कर रही है। अब यह पहलू आर्थिक हो गया है और सप्ताह में तीन दिन काम की मांग हो रही है। यह मांग विकसित देशों में अपने जीवन के सामाजिक मापदंडों को पूरा करने में विफलता से हताश युवाओं के द्वारा किया जा रहा है।

**क्या** झारखंड में अपनी जायज बात के लिए भी सफल बंधी जरूरी है? या ये सिर्फ हर तरह के व्यापारी वर्ग पर ही लागू होता है?

**– महेश पोद्दार, पूर्व सांसद**

## आपके ट्वीट

हम झारखंड की जनता के लिये लगातार काम कर रहें है जिससे राज्य विरोधियों को परेशानी हो रही है। रामगढ़ का विकास आज हमारी प्राथमिकता में है और जनता हमें जीता रही है।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





प्रधानमंत्री के जादू ने 2014 में 609वें रैंक वाले अडानी को दुनिया का दूसरा सबसे अमीर व्यक्ति बना दिया। राजनीति और व्यापार के ऐसे रिश्ते से ह्यमित्रह्ल का बिजनेस कैसे बढ़ाएं, इसमें मोदी जी को ह्यगोल्ड मेडलह्ल??मिलना चाहिए। **– राहुल गांधी**

# स्वयं को जानना

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**जीवन** एक स्वांसों का खेल है। जब दिव्य शक्ति ने इस ब्रह्मांड का निर्माण किया तो वह ऐसा करने के लिए बाध्य नहीं थी।
क्योंकि किसी ऐसी अन्य शक्ति की संभावना जो इसे बाध्य करे वह खुद ही दिव्यता की अवधारणा से संगत नहीं है। यह माना जा सकता है कि यह उसने अपने आनंद के लिए किया है। कोई भी आनंददायक गतिविधि को एक खेल या लीला माना जा सकता है। स्वांसों का यह खेल किस दिशा में जा रहा है?
खेल की शुरूआत दिव्यता के खुद को बहुत प्रभावी ढंग से पदार्थ में छिपा लेने में हुई। सर्वज्ञानी, सर्वशक्तिमान दिव्य शक्ति को मृत, अचेतन पदार्थ मानना बहुत कठिन है। तब दिव्य शक्ति ने पहले अपनी जीवनी शक्ति स्वांस और बाद में मन के माध्यम से अपनी रचना के स्वरूप उजागर करने शुरू किए। मानव की रचना के बाद यह खेल अधिक रोचक हो गया, क्योंकि अब ऐसा प्राणी था, जिसको अपनी पहचान का धुंधला सा एहसास है और वह उस दिव्यता की खोज करना चाहता है, जिसने खुद को उसी के भीतर ही छिपा रखा है।

अब वाकई यह खेल लुका-छिपी का हो गया - दिव्यता छिपती है और आदमी उसे खोजता है - आमतौर पर हर कहीं केवल वह जगह छोड़कर जहां उसे पाना सबसे आसान है अर्थात खुद के भीतर। सत्य तक पहुंचने के लिए मानव विश्वासपूर्वक जिस औजार पर भरोसा कर सकता है वह है तर्क शक्ति। लेकिन तर्क शक्ति पूर्ण सत्य का अचूक मार्गदर्शक नहीं है।

## लेटर टू एडिटर




### समस्या के मूल में

**समस्या** का मूल कारण इस्लाम और ईसाई हैं। इस्लाम और ईसाइयत को छोड़ दें तो बाकी धर्मो के बीच कोई आपसी विवाद नहीं है । यदि सभी धर्म प्रतिबन्धित हों जिनमे हिन्दू धर्म और उससे निकले दूसरे धर्म भी शामिल होंगे तो यह गेंहूँ के साथ घुन पिसने जैसी बात हो जायेगी। हाँ केवल इस्लाम और ईसाइयत का धर्म प्रचार प्रतिबन्धित हों तो युक्ति सांगत लगता है।

**– रविकांत सिंह, हजारीबाग**

### हिंदी का आकाश

**स्कूल** एवं कॉलेज में हिंदी दिवस मनाया जाता था। किन्तु कोरोना वायरस के कारण बच्चों ने आनॅलाइन कक्षा के माध्यम से हिंदी दिवस मनाया। आजकल हिंदी भाषा का विस्तर काफी बढ़ गया है। आधुनिक भाषा में बहुत ही सराहनीय है। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि विदेशों में भी हिंदी भाषा का डंका बजता है। हमें हिंदी भाषा का अस्तित्व बनाये रखना चाहिए। यह राष्ट्रहित में है।

**–संदीप, रांची**

# गरीब क्या सच में सरकारों के विकास योजना के बीच हैं?

**-ललित गर्ग**

**कोरोना** महामारी के कारण अस्तव्यस्त हुई अर्थ-व्यवस्था एवं जीवन निर्वाह के संकट से गरीबी बढ़ी है। गरीबी पहले भी अभिशाप थी लेकिन अब यह संकट और गहराया है। गरीबी केवल भारत की ही नहीं, बल्कि दुनिया की एक बड़ी समस्या है। दुनियाभर में फैली गरीबी के निराकरण के लिए ही संयुक्त राष्ट्र में साल 1992 में हर साल 17 अक्टूबर को गरीबी उन्मूलन दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई। गरीबी एक गंभीर बीमारी है, किसी भी देश के लिए गरीबी एक बदनुमा दाग है। जब किसी राष्ट्र के लोगों को रहने को मकान, जीवन निर्वाह के लिये जरूरी भोजन, कपड़े, दवाइयां आदि जैसी चीजों की कमी महसूस होती है, तो वह राष्ट्र गरीब राष्ट्र की श्रेणी में आता है। इस गरीबी से मुक्ति के लिये सरकारें व्यापक प्रयत्न करती हैं। हम जिन रास्तों पर चल कर एवं जिन योजनाओं को लागू करते हम देश में समतामूलक संतुलित समाज निर्माण की आशा करते हैं वे योजनाएं विषम और विषभरी होने के कारण सभी कुछ अभिनय लगता है, छलावा लगता है, भ्रम एवं फरेब लगता है।

सब नकली, धोखा, गोलमाल, विषमताभरा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लोक राज्य, स्वराज्य, सुराज्य, रामराज्य का सुनहरा स्वप्न ऐसी नींव पर कैसे साकार होगा? क्योंकि यहां तो सारे राजनीति दल एवं लोकतंत्र को हांकने वाले सब अपना-अपना साम्राज्य खड़ा करने में लगे हैं। विश्व की सारी संपदा,

## सामयिक

सारे संसाधन गरीबी को मिटाने में लगते तो आज स्थिति बहुत भिन्न होती, किन्तु बीच में सत्ता की लालसा एवं विश्व पर साम्राज्य स्थापित करने की महत्वाकांक्षाओं ने व्यवधान खड़े कर दिये। इसी कारण जो संपदा है, वह मानव को सुखी, संतुलित या सामान्य बनाने की दिशा में नहीं लगी, संहारक अस्त्रों के निर्माण, आतंकवाद एवं कोरोना जैसी महामारी को पैदा करने एवं फैलाने में लगी। एक राष्ट्र दूसरे राष्ट्र को भयभीत रखने में अपनी ऊर्जा खपा रहा है, न कि गरीब इंसान की गरीबी दूर करने में।

आज का भौतिक दिमाग कहता है कि घर के बाहर और घर के अन्दर जो है, बस वही जीवन है। लेकिन राजनीतिक दिमाग मानता है कि जहां भी गरीब है, वही राजनीति के लिये जीवन है, क्योंकि राजनीति को उसी से जीवन ऊर्जा मिलती है। यही कारण है कि इस देश में सत्तर साल के बाद भी गरीबी कम होने के बजाय बढ़ती जा रही है, जितनी गरीबी बढ़ती है उतनी ही राजनीतिक जमीन मजबूती होती है। क्योंकि सत्ता पर काबिज होने का मार्ग गरीबी के रास्ते से ही आता है। बहुत बड़ी योजनाएं इसी गरीबी को खत्म करने के लिये बनती रही हैं और आज भी बन रही हैं। लेकिन गरीब खत्म होते गये और गरीबी आज भी कायम है।

सरकारी योजनाओं की विसंगतियां ही है कि गांवों में जीवन ठहर गया है। बीमार, अशिक्षित, विपन्न मनुष्य मानो अपने को ढो रहा है। शहर सीमेन्ट और सरियों का जंगल हो गया है। मशीन बने सब भाग रहे हैं। मालूम नहीं खुद आगे जाने के लिए या दूसरों को पीछे छोड़ने के लिए। कह तो सभी यही रहे हैं--बाकी सब झूठ है, सच केवल रोटी है। रोटी केवल शब्द नहीं है, बल्कि बहुत बड़ी परिभाषा समेटे हुए है अपने भीतर। जिसे आज का मनुष्य अपनी सुविधानुसार परिभाषित कर लेता है। रोटी कह रही है-मैं महंगी हूँ तू सस्ता है। यह मनुष्य का घोर अपमान है। रोटी कीमती, जीवन सस्ता। मनुष्य सस्ता, मनुष्यता सस्ती। और इस तरह गरीब को अपमानित किया जा रहा है, यह सबसे बड़ा खतरा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इस खतरे को महसूस किया, जबकि लोकतंत्र को हांकने वालों को इसे पहले महसूस करना चाहिए।

# चीन की वैश्विक स्थितियों के बीच संदिग्ध भूमिका

**सुधांशु कुमार**

**चीन** अल्पावधि और मध्यावधि में वैश्विक आर्थिक और भूराजनीतिक भविष्य में अहम भूमिका निभाने वाला देश है। बीते सप्ताह घटित दो घटनाओं ने इस बात पर एक बार फिर नए सिरे से बल दिया। इनमें से एक सुरक्षा से जुड़ी है और दूसरी आर्थिक व्यवस्था से।

पहली घटना थी अमेरिका और चीन के विदेश मंत्रियों की तनावपूर्ण स्थिति में हुई बैठक और उसके बाद अमेरिका का यह चौंकाने वाला दावा कि चीन, रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले के समर्थन में रूस को सैन्य सहायता भेजने वाला है। उम्मीद के मुताबिक ही चीन ने इस दावे को खारिज कर दिया। यह सब ऐसे समय पर हुआ जब अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन बिना बताए अचानक यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे। पश्चिमी देश जहां पिछले वर्ष रूसी आक्रमण के बाद से ही यूक्रेन की मदद कर रहे हैं, वहीं रूस ईरान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों पर निर्भर रहा है। चीन के घातक हथियारों की उपलब्धता युद्ध के गणित को पूरी तरह बदल देगी और युद्ध काफी हद तक शीत युद्ध के दिनों के छद्म संघर्षों जैसा हो जाएगा। अगर ऐसा हुआ तो यह पूरी दुनिया को अस्थिर करने वाला होगा जो इस समय आपूर्ति श्रृंखला को हुए नुकसान से निपटने की कोशिश कर रही है।

इस बात ने राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और

## सामयिक

वैश्विक अर्थव्यवस्था के बारे में अपेक्षाओं पर असर डाला है।चीन कोविड-19 प्रतिबंधों में खुलेपन के बाद आई एक और लहर को पार कर चुका है और वहां गतिविधियां महामारी के पहले के स्तर पर पहुंच रही हैं। यह बात चीन और विश्व अर्थव्यवस्था को लेकर बदलते परिदृश्य में भी नजर आ रही है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपने ताजा आंकड़ों में 2023 में चीन के वृद्धि अनुमान को 0.8 फीसदी बढ़ा दिया है। जैसा कि आईएमएफ ने रेखांकित किया कि अक्टूबर 2022 में प्रकाशित पिछले पूवार्नुमानों से अब तक सबसे बड़ा अंतर चीन में आया खुलापन है। इसकी वजह से गतिवि?धियों में अपेक्षा से अधिक तेजी से सुधार हुआ है। आईएमएफ के मुताबिक इसका शेष एशिया पर भी असर हुआ है और चीन की वृद्धि में एक फीसदी की बढ़ोतरी ने शेष एशिया को 0.3 फीसदी की तेजी प्रदान की है। लेकिन अल्पावधि में सकारात्मक प्रभाव नकारात्मक भी हो सकते हैं। चीन के सुधार में घरेलू बाधाएं नीति निमार्ताओं और निवेशकों के लिए चिंता का विषय बनी हुई हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो अर्थव्यवस्था के पुनर्संतुलन और उसके निवेश आधारित वृद्धि से खपत आधारित वृद्धि की ओर जाने को उन उपायों से झटका लगा जो महामारी के दौरान अपनाए गए थे ताकि सुधार की गति को तेज किया जा सके। मध्यम अवधि में चीन की अर्थव्यवस्था को लेकर बहुत सकारात्मक परिदृश्य नहीं है और क्षेत्रीय और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव भी बहुत खुशनुमा नहीं नजर आ रहा है।

आईएमएफ ने अपनी अनुशंसा में कहा है कि जो देश एशिया में चीन की अर्थव्यवस्था से प्रभावित हो रहे हैं अगर उन्हें मध्यम अवधि में संभलना है तो बाजार के अनुकूल सुधारों को अपनाना जारी रखना होगा। आईएमएफ ने जो नहीं कहा लेकिन जो सच है वह यह कि आपूर्ति श्रृंखला को विकेंद्रीकृत करने की कोशिश को भी प्राथमिकता देनी चाहिए।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
पिनः -834006
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के लिए कुंटू बाबू ने चलाया अभियान



**रामगढ़।** एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में रविवार को सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने डोर टू डोर जनसंपर्क कर उन्हें विजय बनाने की अपील किया। कहा कि चुनाव में उनकी जीत होगी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मनोज जायसवाल , सूर्यवंश श्रीवास्तव ,भगवान प्रसाद,ओम प्रकाश सिंह,प्रभात अग्रवाल,लालु शर्मा आदि मौजूद थे।

### बासल में सरहुल को लेकर बैठक



बासल (रामगढ़)। सरहुल पूजा और सरहुल मिलन समरोह धूमधाम से मनाने को ले रविवार को गेगदा और कुरसे में स्थानीय लोगों की बैठक हुई। गेगदा के महुआमोड़ में सरहुल मिलन समरोह का आयोजन करने पर भी विस्तार पूर्वक विचार-विमर्श किया गया। कहा गया कि गांव-गांव में जन जागरूकता अभियान चलाकर प्रति पूजा, संसति-सभ्यता को बचाने और पूरे पतरातू प्रखंड के पहानो को सम्मानित करने, विधि-विधान से सरहुल (सरना) पूजा में अधिक से अधिक सरना समाज के लोग शामिल होने की अपील की जायेगी। मौके पर मुखिया संदीप उरांव, समाजसेवी विकाश कच्छप, पंसस कार्तिक मुंडा, जनार्दन मुंडा, बलदेव करमाली, ईश्वर मुंडा, सुभाष उरांव, जतलु उरांव, जगरनाथ मुंडा, आदित्य केरकेट्टा, जगदीश पहान सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### राष्ट्रीय सेवा मंच ने कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच सामाजिक संस्था ने प्रत्येक सप्ताह की भांति रविवार को भी दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दातुन-पतल बेचने आये गरीबों के बीच भोजन का वितरण किया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह व उमाशंकर जयसवाल ने दर्जनों गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पुरी-सब्जी का वितरण किया। डब्लू सिंह ने कहा कि मंच का उद्देश्य ही समाजहित में कार्य करते हुए गरीबों की सेवा व हर संभव मदद करना है। उन्होंने बताया कि सबों के सहयोग से पिछले 7 वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो निरंतर आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, भूपेन्द्र वर्णवाल, राकेश शर्मा, लालू उरांव,इम्तियाज अली, दिलीप गंझू, सुकरा उरांव, रमेश तुरी, संजीव सिन्हा आदि समाजसेवियों का विशेष योगदान रहा।

### विस्थापित मोर्चा ने बजरंग को दिया समर्थन



भुरकुंडा (रामगढ़)। बलकुदरा लोकल सेल चालू करने की मांग को ले अल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा केंद्रीय कमेटी झारखंड की बैठक रविवार को न्यू बैरक कॉलोनी भुरकुंडा में हुई। इसकी अध्यक्षता मोर्चा के राजेंद्र नायक व संचालन मोर्चा के केंद्रीय महासचिव नरेश नायक ने किया। केंद्रीय अध्यक्ष आशीष कुमार ने कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो को अपनी मोर्चा की ओर से नैतिक समर्थन करते हुए मतदाताओं से उनके पक्ष में वोट करने की अपील की। बैठक में संगठन की मजबुती पर व सदस्यता बढ़ाने पर बल देते हुए श्री कुमार ने बताया कि 28 फरवरी को सीसीएल प्रबंधन द्वारा भुरकुंडा अफिसर क्लब में सभी मोर्चा के साथ बैठक आहुत की गई है। जिसमें हमारे मोर्चा को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि कोयलांचल के ग्रामीण बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़कर 50 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की जाए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि आगामी 23 मार्च को शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव का शहादत दिवस भुरकुंडा क्षेत्रीय कार्यालय में मनाया जाएगा। साथ ही मोर्चा का 46 पंचायत में प्रखंड कमेटी का गठन का किया जाएगा। मौके पर मोर्चा के केंद्रीय महासचिव नरेश नायक, किशोर नायक, राजेश पासवान, राजकुमार, सूरज कुमार, अरविंद कुमार, बलराम नायक, केंद्रीय संगठन मंत्री नकुल प्रसाद, केंद्रीय उपाध्यक्ष सुभाष दास उर्फ काला बाबू, कोलेश्वर नायक, दिलीप करमाली, राजेंद्र नायक, चेतलाल राम, लालजी नायक, राजेश वर्मा आदि मौजूद थे।

### बलकुदरा में झामुमो की कमिटि गठित



भदानीनगर (रामगढ़)। झारखंड मुक्ति मोर्चा की रविवार को बलकुदरा में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता रामजतन यादव एवं संचालन भीम मुंडा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो के युवा नेता योगेंद्र यादव उपस्थित थें। बैठक में सर्वसम्मति से झामुमो बलकुदरा पंचायत कमेटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष सुनिल मुंडा, उपाध्यक्ष रवि महली, जितेंद्र यादव, गुलचंद मुंडा, अनिल मुंडा, विनोद यादव, संतोष सिंह व विजय मुंडा, सचिव सनी मुंडा, सह सचिव आनंद मुंडा, कोषाध्यक्ष पंकज मुंडा, उपकोषाध्यक्ष अरविंद यादव, संगठन सचिव विवेक प्रसाद, कुणाल यादव चुने गये। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में मनोज महली, पंकज मुंडा, ईश्वर प्रसाद, भीम मुंडा, रामजतन यादव, सतीश मुंडा, उमेश यादव, अजय यादव, विकाश यादव, सौरभ राणा, सुरज यादव, बालेश्वर यादव, बंधन मुंडा, चंदन माहतो, दिलीप महली, इन्द्रजीत मुंडा, बैजनाथ उरांव, विष्णु उरांव आदि शामिल हैं। मौके मुख्य अतिथि योगेन्द्र यादव ने सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए उपस्थित ग्रामीणों को विकास योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही इसका लाभ उठाने की बात कही। श्री यादव ने संगठन की मजबुती पर बल देते हुए कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में कई कल्याण योजनाएं धरातल पर उताकर इसका लाभ सीधे तौर पर लाभुकों तक पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले 2024 के आम चुनाव में देश की जनता मोदी सरकार को सता से उखाड़ फेकेगी।

# हत्या के विरोध में हंगामा

## ग्रामीणों व कांग्रेसियों ने किया सड़क जाम

**भुरकुंडा-पतरातू-सयाल मार्ग 10 घंटे तक बंद, कोयला ढुलाई ठप**
**विधायक प्रतिनिधि की पत्नी के आवेदन पर मामला दर्ज, 19 घंटे बाद पोस्टमार्टम के लिए उठा शव**
**दो दिन के अंदर सलाखों में होंगे अपराधी : डॉ.बीरेंद्र चौधरी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा बस्ती निवासी सह विधायक अम्बा प्रसाद के प्रतिनिधि राजकिशोर बाउरी उर्फ बितका बाउरी की हत्या ने कोयलांचल में सनसनी फैला दी है। आक्रोशित ग्रामीणों व कांग्रेसियों ने हत्या के विरोध में रविवार की सुबह से ही भुरकुंडा-पतरातू-सयाल मार्ग को ब्रेकेटिंग कर पूरी तरह से जाम कर दिया। लगभग 10 घंटे तक सड़क पर आवागमन पूरी तरह से ठप रही। बंद का आलम यह था कि सड़क पर बाईक भी नहीं चल रह थी। साथ ही सौंदा बस्ती क्षेत्र के तमाम दुकान बंद थे। लोगों को चाय भी नसीब नहीं हो पा रही थी। वहीं विधायक अम्बा प्रसाद के मौजुद्गी में मृतक की पत्नी सपना देवी के लिखित आवेदन पर भुरकुंडा ओपी में मामला दर्ज किया गया। मालूम हो कि शनिवार की देर शाम बितका बाउरी की सौंदा बस्ती पेट्रोल पंप के समीप बाईक पर सवार तीन अपराधियों ने आधा दर्जन से अधिक गोली मारकर मौत की थी। घटना के बाद पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव व विधायक अंबा प्रसाद अस्पताल व घटना स्थल पर पहुंचे। यहां योगेंद्र साव ने क्राइम कंट्रोल मामले पर पुलिस-प्रशासन को पूरी तरह से विफल बताया। वहीं अंबा प्रसाद ने कहा कि अपराधियों के हौसले बढ़े हुए हैं। पुलिस मकूदर्शन बनी हुई है। बितका बाउरी मेरा दाहिना हाथ था। पुलिस हर हाल में अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजे। इधर घटना के बाद से ग्रामीण आक्रोशित थे। रात में भी टायर जलाकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। वहीं सुबह छह बजे से शव के साथ ग्रामीण व कांग्रेसी सड़क पर उतरकर आवाज बुलंद की। इधर विधि-व्यवस्था को ले पतरातू एसडीपीओ डॉ.बीरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में इंस्पेक्टर रोहित कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला, पतरातू थाना प्रभारी गौतम कुमार सशस्त्र बल के साथ घटना स्थल पर तैनात थें। इधर मामला दर्ज होने के बाद लगभग 19 घंटे के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इधर घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मामले पर पतरातू एसडीपीओ डॉ. बीरेंद्र कुमार चौधरी आंदोलनरत ग्रामीणों को समझाने-बुझाने में जुटे थें। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि दो दिन के अंदर अपराधी हर हाल में पुलिस के गिरफ्त में होंगे। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। किसी भी हाल में अपराधी बक्सा नहीं जायेगा। उन्होंने बताया कि दोनो पेट्रोल पंप के सीसीटीवी फुटेज से अपराधी की पहचान की जा रही है।



पुलिस पदाधिकारियों से वार्ता करतीं विधायक अंबा प्रसाद।

### कांग्रेस के कार्यकाल में बढ़ा है अपराध : रोशन चौधरी

क्षेत्र में निरंतर हो रहे अपराधिक घटनाओं पर स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के बयान को आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बडकागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने हास्यास्पद बताते हुए है कहा की पतरातु प्रखंड सहित पूरे जिले में विधि व्यवस्था चैपट है। पिछले एक महीने में अपराधियों द्वारा कई गोलीबारी एवं हत्या की घटनाएं हुईं है। बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ विधायक अंबा प्रसाद एवं पूर्व विधायक योगेन्द्र साव का बयान हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि विधायक हेमंत सरकार की सहयोगी हैं, वे रामगढ़ उपचुनाव में प्रचार कर आमजनता के बीच हेमंत सरकार की तारीफ करती हैं और वहीं फिर इस सरकार से एनडीए की सरकार को बेहतर बताती हैं। इनकी राजनीतिक सुचिता खत्म हो गई है। अगर विधायक के पास जरा भी नैतिकता है तो फिर वे इस सरकार का समर्थन क्यों कर रही हैं। उन्होंने कहा कि विधायक अंबा प्रसाद एवं कांग्रेस को सरकार से समर्थन वापस लेना चाहिए।

# मतदान केंद्र रवाना हुए कर्मी

**रामगढ़ में उपचुनाव आज**

**335734 मतदाता, 173550 पुरुष व 162184 महिलाएं डालेंगी वोट**



रामगढ़। सोमवार को होने वाले मतदान को लेकर रविवार को सेक्टर दंडाधिकारी एवं मतदान पदाधिकारी रामगढ़ महाविद्यालय में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से रवाना हुए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा, पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे सहित अन्य वरीय अधिकारियों ने डिस्पैच सेंटर में कार्यों का जायजा लिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान कर्मियों को उपलब्ध कराई जा रही सामग्रियों व अन्य कार्यों का जायजा लेने के क्रम में सभी सेक्टर दंडाधिकारियों एवं मतदान पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त तरीके से मतदान संपन्न कराने के लिए शुभकामनाएं दी वहीं उन्होंने इस संबंध में कई आवश्यक दिशा निर्देश भी सभी अधिकारियों को दिए।

सुश्री मिश्रा ने सभी सेक्टर दंडाधिकारी व मतदान पदाधिकारियों को मतदान के दिन समय का विशेष रूप से ध्यान रखने एवं निर्धारित समय पर मतदान शुरू कर देने का निर्देश दिया। सोमवार को प्रातः 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक मतदान होना है। रामगढ़ विधानसभा में कुल 335734 मतदाता जिनमें 173550 पुरुष एवं 162184 महिला मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 233 भवनों में 405 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिनमें रामगढ़ प्रखंड में 118 में दुलमी प्रखंड में 64, चितरपुर प्रखंड में 70 एवं गोला प्रखंड में 153 मतदान केंद्र बनाए गए है। रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर कुल 55 सेक्टर एवं 10 क्लस्टर बनाए गए हैं।

### कृषि कर के विरोध में व्यवसायियों की बैठक

**रामगढ़।** कृषि कर के विरोध में फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के तत्वाधान में व्यवसायियों की बैठक शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में हुई। बैठक में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। जिसमें उन्होंने कहा कि हम व्यवसायियों के साथ थे और साथ रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कोई भी ऐसा कार्य राज्य सरकार नहीं करेगी जिससे झारखंड के व्यवसायियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़े। मुख्यमंत्री ने खाद्यान्न व्यवसायियों को दिलाया विश्वास मिलजुलकर इस समस्या का करेंगे समाधान। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि झारखंड के व्यवसायियों एवं उद्यमियों में राज्य को आगे ले जाने की क्षमता है। सांसद महुआ मांजी ने कहा कि जल्द इस कृषि कानून का समाधान निकाल कर व्यवसायियों के साथ एक सकारात्मक माहौल बनाएंगे और हमारा सार्थक प्रयास रहेगा की राज्य में किसी प्रकार का ऐसा कोई माहौल नहीं बने जिससे लाखों किसानों और व्यवसायियों को मुश्किलों का सामना करना पड़े।

# विजैया पंचायत में होली मिलन आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के उच्च विद्यालय मैदान में रंगारंग होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिप अध्यक्ष उमेश मेहता, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर शामिल हुए। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं, युवाओं एवं ग्रामीणों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर और पुष्प वर्षा कर रंगों के त्योहार होली की मंगल कामना की। साथ ही फगुआ के गीत गाकर खूब आनंद उठाया। इस अवसर पर जिला परिषद् अध्यक्ष उमेश मेहता ने होली पर अपना विचार रखा। उन्होंने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का त्योहार है। इस त्योहार को बिना किसी



भेदभाव के मनाना चाहिए। किसी प्रकार का हुड़दंग नहीं करना चाहिए और न किसी को जबरन रंग लगाना चाहिए। होली हमें देश की सभ्यता और संस्कृति का भी संदेश देता है। जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि होली एक ऐसा पर्व है कि गिले शिकवे भूल कर लोग एक-दूसरे से गले मिलते है।आयोजित होली मिलन समारोह को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि हमारा देश पुरातन काल से ही उत्सवधर्मी रहा है। होली सिर्फ रंगो का ही त्यौहार नहीं है बल्कि यह सामाजिक समरसता एवं आपसी सौहार्द का प्रतीक है। यह पर्व आपसी

**जिप अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और भाजपा जिला उपाध्यक्ष सहित कई जनप्रतिनिधि हुए शामिल**

आत्मीयता एवं सहभागिता का अनूठा पर्व है। होली अधर्म पर धर्म का विजय का भी संदेश देता है। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं दिया। मौके पर हजारीबाग जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, कटकमदाग के जिला परिषद सदस्य जितन राम, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, डीलो पासवान, पूर्व पंचायत समिति सदस्य कांति देवी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रोहित यादव, कैलाश यादव, सुरेश यादव, दिलीप यादव, अजय साव, सुरेश कुशवाहा, इन्द्रदेव ठाकुर, श्रीलाल यादव, रंजीत कुशवाहा, रामकिशुन ठाकुर, इन्द्रदेव यादव सहित कई ग्रामीण शामिल रहे।

### सामाजिक समरसता सह मिलन समारोह

**बरही।** रविदास मुहल्ला गौरियाकरमा में सामाजिक समरसता सह मिलन समारोह हुआ। अध्यक्षता राजेंद्र राम व मंच संचालन संतोष कुमार दास ने किया।

डॉ जयप्रकाश आनन्द मुख्य प्रवक्ता के रूप में शामिल होकर समाज को एकरूपता प्रदान करने एवं विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु विभिन्न प्रकार के सुझाव दिए। जिनमें शिक्षा के प्रति लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करना, लाइब्रेरी का निर्माण करना एवं विशेष कक्षा का आयोजन कर गरीब बच्चों के लिए विशेष कक्षा का व्यवस्था करना। अब नए कमेटी में अध्यक्ष राजेंद्र राम, उपाध्यक्ष महेश राम, सचिव तुलसी कुमार दास, उप सचिव हीरालाल दास, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार दास, संयोजक डॉ जयप्रकाश आनंद, संजय दास, बिजय कुमार दास शामिल है।

# शबरी समाज विकास की योजनाओं का लाभ उठाएं : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**पदमा।** सूरजपुरा पंचायत के पांडे होटल के समीप अखिल भारतीय भुइयां कल्याण समिति सूरजपुरा इकाई के द्वारा माता शबरी की जयंती हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाई गई । जयंती समारोह के मुख्य अतिथि बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव , विशिष्ट अतिथि झारखंड राज्य अनुसूचित जाति अधिकार मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेश राम एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पासवान थे।

कार्यक्रम की शुरूआत विधायक उमाशंकर अकेला, पदमा प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि अनिल मेहता झारखंड राज्य के अधिकार मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष राजेश राम एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पासवान सूरजपुरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य कुलदीप रविदास पदमा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष संजय यादव



आदि ने मुख्य रूप से फीता काटकर किया। माता शबरी राम और लक्ष्मण की पूजा भी की गई, जयंती समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि मैं शबरी माता को नमन करता हूं। माता शबरी समाज के लोगों के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। यह समाज अपना अधिकार को समझें, अपने बच्चों का भविष्य निर्माण करें। उन्होंने झारखंड सरकार की अनेक योजनाओं का लाभ उठाने को कहा। अनुसूचित जाति अधिकार मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि इसी स्थान पर बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित करें,एवं समाज के बीच लोगों को संविधान की जानकारी भी दे। प्रदेश अध्यक्ष प्रकाशपासवान ने कहा शबरी माता की रामभक्ति के बारे में लोगों

**माता शबरी की जयंती मनी**

को बताए।कार्यक्रम को विश्व सूत्री अध्यक्ष संजय यादव , विजय रविदास , राजकुमार दास, कुलदीप राम , पदमा प्रमुख वीणा देवी , छोटी राम, अंबिका प्रसाद भुइंया, कार्तिक मेहता, सुरपुरा पंचायत के मुखिया सीताराम मेहता ने भी संबोधित किया।

सभी वक्ताओं ने भुइंया समाज के लोगों से अपील किया कि आप सभी सभी लोग अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें एवं नशा पान कम करे, तभी समाज आगे बढ़ पाऐगा, इस जयंती समारोह सफल बनाने में पूजा समिति के अध्यक्ष वासुदेव भुइयां, उपाध्यक्ष कैलाश राम कैलाश राम, सचिव कल्लू भुइंया, कोषाध्यक्ष प्रेम भुइंया का काफी योगदान रहा मौके पर पंकज कुमार राजेश मेहता मुकेश मेहता परमेश्वर प्रसाद रामचंदर मेहता मनोज गुप्ता आदि सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### उमाशंकर अकेला के एआइसीसी का सदस्य बनने पर किया गया स्वागत



**बरही।** विधायक उमाशंकर अकेला को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में निर्वाचित सदस्य बनाये जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने पार्टी के निर्णय पर हर्ष व्यक्त किया है। कार्यकर्ताओं ने बरही चौक पर अकेला का भव्य स्वागत किया। अकेला ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जिस भरोसा के साथ उन्हें यह दायित्व सौंपा है, उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करूंगा। मौके पर विस विधायक प्रतिनिधि छट्टू गोप, प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, महेश यादव, अमित जयसवाल, तोखन रविदास, अर्जुन यादव, रघुवीर यादव, मो शमशेर आलम समेत अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

### दारू में लगा विधिक सेवा शिविर



दारू। प्रखंड कार्यालय सभागार में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार सह सशक्तिकरण शिविर लगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट जज कम एडिशनल सेशन जज करिश्मा एम प्रसाद, दारू बीडीओ सुशील कुमार राय ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर के माध्यम से लोगो को अपने कानूनी अधिकार की जानकारी दी जा रहीं है। इससे लोग अपने अधिकार को समझ पाए। वहीं एडवोकेट उमेश प्रसाद ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार आपको हर तरह के अधिकार की जानकारी देती है जैसे बाल विवाह कानून, पोक्सो एक्ट, निशुल्क अनिवार्य शिक्षा, इत्यादि कई कानून है जिसे जानना अति आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड के कई लोगों को जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, आवास, सखी मंडल को 64 लाख रुपया का चेक इत्यादि प्रदान किया गया। साथ ही शिविर में योजना की जानकारी हेतु अलग-अलग कई स्टाल लगाये गए थे।बीपीओ स्वाति वर्मा, एडवोकेट शबनम प्रवीण, उमेश प्रसाद, डिस्ट्रिक्ट जज असिस्टेंट शकील अकरम अंसारी, राजकमल रजक, बीओ गंगासागर, ललिता कुमारी, बीपीआरओ रविंद्र कुमार, पंचायत सचिव संजय दुबे, जनसेवक आशीष कुमार, सांख्यिकी पर्यवेक्षक नूतन कुमारी एवं कई लोग शामिल हुए।

### तीन युवा रेफरी शारीरिक परीक्षा में सफल

**कटकमसांडी।** प्रखंड क्षेत्र से दो युवा रेफरी शारीरिक परीक्षा में हुआ सफल। हजारीबाग एथलेटिक संघ और झारखंड रेफरी बोर्ड के सदस्य के देख रेख में रेफरी शारीरिक परीक्षा का आयोजित किया गया। कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र से हेदलाग निवासी अभिषेक कुमार उर्फ गुड्डू पिता शम्भू राम और पबरा निवासी कार्तिक राम पिता रीतन राम वही कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र के कृष्णा नगर निवासी राजेंद्र यादव, पिता महावीर गोप,ने रेफरी शारीरिक परीक्षा में सफल हुआ। मौके पर उपस्थित हजारीबाग एथलेटिक संघ के सचिव भैया मुरारी सिन्हा, परमेश्वर गोप ,सफीउलल उर्फ गुड्डू खान, मनोज राम राजेन्द्र यादव,शशी विश्वकर्मा,भोला राणा, विकास कुमार, कार्तिक राम,दीलीप राम सिकंदर राम, नरेश मुर्मू, अशोक कुमार, वकील राम दर्जनों की संख्या में अभ्यर्थी उपस्थित थे।

### ग्लोबल ऑनलाइन प्रिंटिंग प्रेस का उद्घाटन



**हजारीबाग।** हजारीबाग में शनिवार को प्रिंटिंग प्रेस खुला। इसका उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने फीता काटकर किया गया। उमेश मेहता ने कहा कि बहुत खुशी की बात है की आज जिस तरह डिजिटल का समय डेवलप कर रहा है उसी प्रकार अब ग्लोबल ऑनलाइन सर्विस का इस पहल से लोगों को विभिन्न प्रकार के पोस्टर्स व पंपलेट आदि कार्यों के लिए कितने खर्चे करने पड़ते हैं अब कई लोगो को इस पहल से रोजगार मिलेगा और सस्ते दामों में लोग अपना कार्य करवा पाएंगे ।साथ ही प्रिंटिंग प्रेस के संचालक आशीष कुमार ने कहा की हजारीबाग में बहुत सारे प्रिंटिंग प्रेस हैं लेकिन अभी के समय में डिजिटलाइजेशन का जिस प्रकार हमारे समाज में हावी हो रहा है उसके अनुसार अभी और संख्या में प्रिंटिंग प्रेस की जरूरत है ।ग्लोबल ऑनलाइन सर्विस प्रिंटिंग प्रेस का अभी 2 ब्रांच खुले हुए है दीपुगढ़ा चौक व मटवारी में हमारा लक्ष्य पूरे झारखंड के सभी जिलों में ग्लोबल ऑनलाइन सर्विस प्रिंटिंग प्रेस का ब्रांच खोलने का है ।इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष किसून यादव, पदमा जिला परिषद सदस्य बसंत नारायण मेहता,गोविंद मेहता,अजीत मेहता,नरेश मेहता, मेहता,अशोक मेहता,लालधारी प्रसाद मेहता,दीपक कुमार,बिक्रम कुमार,आशीष कुमार,पुरुषोत्तम मेहता,राजकुमार मेहता व अन्य कई गणमान्य उपस्थित थे।

### विधिक सेवा शिविर में दी गयी कई जानकारी



**केरेडारी ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में में जिला विधिक सेवा प्राधिकार,सह सशक्तीकरण शिविर कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रमुख सुनीता देवी व संचालन प्रखंड बिकास पदाधिकारी कोस्टो कुमार बेसरा ने किया, बैठक में बीडीओ ने विधिक सेवा का पूर्ण रूप से जानकारी दिया ।और कहा कि विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में ग्रामीणों एवं अन्य लोगों को विभिन्न प्रकार के कानूनी प्रावधानों, न्यायिक प्रक्रियाओं, विभिन्न योजनाओं के लाभ आदि की जानकारी देने के उद्देश्य से यह विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया है ।इसका उद्देश्य यही है कि लोग अपने हक को समझें एवं सरकार द्वारा जो भी योजनाएं उनके लाभ के लिए चलाई जा रही हैं उनका वे पूरा पूरा लाभ ले सके ।वही जिला से अनुमंडल न्याय पदाधिकारी रेमी प्रफुल बा,ने कहा कि मुक्त में कानून की जनकारी दी जाय,कोई भी कानून की शिकार ना हो इसके लिए जिला से पांच वक्ताओ का चयनित किया गया है,जो सुल्हनिय प्रकिति के अपराध को सुलझाया जा सके जिसके बाद जिला में शनिवार को लोकअदालत के माध्यम से भी मामला सुलझाया जा सकता है झुलझाने वाले व्यक्ति को कोर्ट के माध्यम से प्रोसहन राशि भी मिलती है। कहा कि सभी के लिए कानून बनी हुआ है आप सही तरह से कानून को समझे और पहल करें। प्रखंड के विभिन्न सखी मंडलो को 38,5 लाख का चेक दिया गया। पेटो पंचायत के प्रीति कुमारीख साक्षी कुमारी को आंगनबाड़ी केंद्र की ओर से 30-30 हजार रुपये का कन्या दान का चेक दिया गया। 20 कार्डधारकों को राशन कार्ड वितरण किया गया ।वही 16 लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत पत्र दिया गया। मौके पर प्रमुख सुनीता देवी,प्रखंड विकास पदाधिकारी किस्टो कुमार बेसरा,अंचलाधिकारी राकेश तिवारी,थाना प्रभारी,एन जी केरकेट्टा,विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव,एमओ रवि राजा,मुखिया झरीलाल महतो,गुरदयाल साव,के अलावा कई लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### ग्रामीण खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने की जरूरत : विधायक



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** प्रखंड के के ग्राम कोईरीपतरा में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उदघाटन पांकी विस क्षेत्र के विधायक सह भाजपा नेता कुशवाहा डा शशिभूषण मेहता ने किया। मौके पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है। इनके प्रतिभा को निखारने की जरूरत है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि एवं मुखिया के अध्यक्ष मनदीप मेहता के साथ विधायक ने आयोजन समिति को 11 हजार रूपये की सहयोग राशि प्रदान किया।

### पुलिस ने अभियुक्त के घर साटा इश्तेहार

**मनातू पलामू।** थाना प्रभारी कमलेश कुमार के निदेर्शानुसार मनातू थाना कांड संख्या 48/17 के प्राथमिकी अभियुक्त मनोहर गंजू उर्फ मनोहर जी उर्फ दिनेश गंजू थाना बालूमाथ जिला लातेहार के घर पर मनातू थाना के पु अ नी राम शरीक तिवारी के द्वारा विधिवत इश्तहार चिपकाया गया। साथ ही ढोल नगाड़ों के साथ इश्तहार का तमिला किया गया और साथ में अभियुक्त के परिजनों को सख्त हिदायत दिया गया कि जल्द से जल्द न्यायालय में आत्मसमर्पण करे नही तो कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। मौके पर बालूमाथ पुलिस के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**पाटन पलामू।** पाटन थाना क्षेत्र के नौडीहा पंचायत स्थित सधपुर गांव में कल्याण मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जहां सैकड़ों मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच समेत चिकित्सीय परामर्श के साथ निशुल्क दवा भी वितरण किया गया। कल्याण हॉस्पिटल द्वारा आयोजित कैंप में डॉ मनीष कुमार डॉ विनीत ,डॉ पी कुमार, डॉ सनी सिंह समेत मेडिकल टीम मौजूद थी। जांच शिविर में नौडीहा पंचायत के मुखिया रंजीत सिंह (पप्पू सिंह) ने मरीजों को इलाज कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। मौके पर डा विनीत कुमार ने कहा कि पूर्व में गरीब पैसे के अभाव में अपना ईलाज नहीं करा पाते थे उनके लिए यह शिविर लाभदायक होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन से गरीबों को बेहतर चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा।

### रेड क्रॉस सोसाइटी ने किया फुड बॉस्केट का वितरण



**मेदिनीनगर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी पलामू द्वारा जिला के गोद लिए अति पिछड़े वर्ग के यक्ष्मा मरीजों के बीच दुसरे माह का फुड बास्केट वितरित किया गया । मौके पर रेड क्रॉस सोसाइटी पलामू के सचिव डॉ सत्यजीत गुप्ता, सुधीर सिंह, मोहिनी गुप्ता, गिरधारी गर्ग , विश्वजीत गुप्ता समेत कई लोग शामिल थे। मौके पर डा सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि गरीबों की सेवा करना पुनित कार्य है। रेड क्रॉस सोसाईटी शुरू से ही समाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेती है। सोसाईटी लोगों को जरूरत के अनुसार ब्लड, ठंड पानी, मरीजों के बीच फल वितरण गरीबों के बीच कई समाजिक कार्य करती है।

### आजनवन विकास समिति ट्रस्ट की मनी पहली वर्षगांठ



केक काटकर पहली वर्षगांठ मनाते ट्रस्ट के अध्यक्ष असरेश पाल व अन्य।

**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड के जोगा ( जरही टोला) में संचालित आजनवन विकास समिति ट्रस्ट की पहली वर्षगांठ शनिवार को मनाई गई। इस मौके पर ट्रस्ट के पदाधिकारी के अलावा सदस्य व कई लोग उपस्थित रहे। पहली वर्षगांठ पर ट्रस्ट के अध्यक्ष असरेश पाल व सदस्यों ने संयुक्त रूप से केक काटकर मनाया। आजनवान विकास समिति के अध्यक्ष असरेश पाल ने बताया कि आज से एक वर्ष पूर्व हमलोग ने ट्रस्ट की स्थापना किए थे। ट्रस्ट के माध्यम से कई तरह के कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को सामाजिक एकता बनाए रखने व नशाखोरी, बालविवाह सहित कई मुद्दों पर कार्यक्रम चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मौके पर आजनवन विकास समिति के सचिव बैजनाथ राम, सदस्य उदेश चौधरी, विवेक पाल,संजीत चौधरी, लाल बिहारी चौधरी, डॉ प्रेम पाल मौजूद थे।

### राम नवमी पूजा को लेकर कमिटी गठित



बैठक में शामिल लोग।

**उंटारी रोड पलामू।** सिगसिगी के पुराना पंचायत भवन में रविवार को रामनवमी को धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रभुनाथ शाह ने की। जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इस बार राम नवमी पूजा बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। रामनवमी पूजा को सफल बनाने को लेकर कमिटी गठित किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से नवयुवक संघ सिगसिगी कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसहमति से पंकज कुमार कुशवाहा को अध्यक्ष बनाया गया । वही राहुल गुप्ता को उपाध्यक्ष, अनुज कुमार चौधरी को सचिव, बबलू साहब को उपसचिव, राजकुमार चौधरी को कोषाध्यक्ष, संजय मेहता को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया। साथ ही प्रबंधन समिति का गठन किया गया। मौके पर विनय चंद्रवंशी, राम नरेश चंद्रवंशी, रामचंद्र चंद्रवंशी, प्रभु प्रसाद गुप्ता, मुंद्रिका चौधरी, अजय कुमार रावत ,योगेंद्र पासवान, नागेंद्र कुमार कुशवाहा, रंजीत महतो, रामचंद्र महतो, अशोक चौधरी, श्याम सोनी, लल्लू चौधरी ,संतोष प्रसाद गुप्ता, विद्या प्रसाद सोनी, पंकज कुमार सोनी ,विनोद चौधरी, क्याश चौधरी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### एसपी को मिली गुप्त सूचना पर दो अफीम तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे, गये जेल

# पलामू के पांकी से हेरहंज होते हुए की जा रही थी अफीम की तस्करी

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देती पुलिस।

**हेरहंज।** पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को मिली गुप्त सुचना के आधार पर हेरहंज पुलिस ने दो अफिम तस्करो को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। रविवार को प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुये एसडीपीओ अजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम पुंडरु थाना पाकी जिला पलामू से हेरहंज की तरफ कुछ लोग मोटरसाईकिल से अवैध अफिम लेकर बेचने के उद्देश्य से आ रहे हैं। इस सूचना के सत्यापन हेतु एक छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी दल में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अचलाधिकारी हेरहंज एवं थाना प्रभारी हेरहज एवं सशस्त्र बल को शामिल किया गया। हेरहंज चौक के पास वाहन चैकिंग लगाने हेतु निदेर्शीत किया गया। चेंकिंग के क्रम में एक मोटरसाईकिल हिरो होण्डा सी0डी0 डीलक्स सीजी04सीयू 0571 को रोका, जिसके चालक के पास से कमर में लपेटा हुआ दो अलग अलग प्लास्टिक मिला। जिसका क्रमश वजन प्लास्टिक के साथ एक केजी 450 ग्राम एवं दो केजी 250 ग्राम अवैध अफिम बरामद किया गया। पकडे गये व्यक्ति के बताये अनुसार हेरहंज के बजरंगी प्रसाद गुप्ता को भी गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में हेरहंज थाना कांड सं. 10/2023 में धारा-17 (सी)/18(बी)/22 (सी) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। गिरफ्तार अभियुक्तों में बजरंगी प्रसाद गुप्ता उम्र करीब 43 वर्ष पित स्व० रामखेलावन साव बाजार टांड हेरहंज थाना, केदार सिंह उम्र 32 वर्ष पे. स्व. दशरथ सिंह सा पुण्डरु थाना पांकी जिला पलामू को गिरफ्तार किया गया है।

### बरामद समानों की विवरणी

हिरो सीडी डिलक्स मोटरसाईकिल सीजी04सीयू 0571, दो अलग अलग प्लास्टिक में अफिम करीब 1.7 किग्रा, दो मोबाईल फोन ( एक एंड्रायड एवं एक की-पैड मोबाईल) वहीं छापामारी दल में बीडीओ सह सीओ प्रदीप दास, थाना प्रभारी शुभम कुमार, पुअनि विश्वजीत कु. तिवारी, काशीनाथ महतो, पंकज कुमार पासवान, गृहरक्षक सह चालक उमेश उरांव शामिल थे।

# शिक्षा को ले बच्चों में नयी चेतना जगाने की जरूरत : सहायक नगर आयुक्त

### विश्रामपुर रेड रोज स्कूल में बच्चों ने लगायी विज्ञान प्रदर्शनी

खबर मन्त्र संवाददाता



विश्रामपुर रेड रोज स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते अतिथि।

**विश्रामपुर (पलामू)।** बीपी मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से संचालित विश्रामपुर रेड रोज पब्लिक स्कूल में शनिवार को भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जहां स्कूली बच्चों ने विज्ञान से संबंधित कई प्रोजेक्ट को शामिल किया। विज्ञान प्रदर्शनी में सोलर सिस्टम, ग्रीन हाउस, सूर्यग्रहण, रिफ्लेक्सन ऑफ लाइट हार्ट, टेम्पल, रंगोली ऑन वाटर, टाइप्स ऑफ पॉल्युसन, वाटर हार्वेस्टिंग सहित रिफ्लेक्सन ऑफ लाइट हार्ट, टेम्पल, रंगोली ऑन वाटर, वाटर, सिक्को का एटीएम बॉक्स, एरोप्लेन, स्ट्रक्चर ऑफ यूथ, टाइप्स ऑफ पॉल्युसन, वाटर हार्वेस्टिंग प्रोजेक्ट, ज्वालामुखी, सौर्यमण्डल व पवन चक्की आकर्षण का केंद्र रहकई प्रोजेक्ट आकर्षण का केंद्र रहा। बतौर मुख्य अतिथि विज्ञान प्रदर्शनी में पहुंचे विश्रामपुर नगर परिषद के सहायक नगर आयुक्त मोहम्मद परवेज आलम ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा निखारने व विज्ञान के प्रति स्कूली बच्चों में जागरूकता लाना होगा। ऐसे में इसके प्रति उनकी रुचि व जानकारी प्राप्त कर विद्यालय के शिक्षक मिलकर कार्य करें। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन ने कहा कि विज्ञान हमारे जीवन के दिनाचार्य में शामिल हो चुका है। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्रामपुर रेड रोज पब्लिक स्कूल के निदेशक राजन पांडेय व संचालन अजहर सिद्धकी ने किया। मौके पर प्रथम नगर उपाध्यक्ष अजय बक्सराय, मास्टर विनय पांडेय, पंमी कुमारी, सरीता कुमारी, सबू बानों, संध्या कुमारी, प्रियंका कुमारी, शुशांत कुमार, शुभम कुमार सोनू कुमार, मोनू कुमार ने कहा कि स्कूली बच्चों को विज्ञान के प्रति बच्चों को जोड़कर शैक्षणिक गतिविधि से जोड़कर कार्य करने को कहा। कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को स्कूल प्रबंधन ने पुरस्कृत भी किया।

## एक नजर में

### जनसेवा ही मेरा कर्तव्य : सूर्या



**हुसैनाबाद पलामू।** एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता युवा नेता सूर्या सिंह एक सप्ताह से लगातार गांव गांव का दौरा कर गांव स्तर के कार्यकताओं व ग्रामीण जनता के साथ राजनीतिक व विकास पर विचार विमर्श किया। इस बीच उन्होंने विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर गांव में विधायक कोटा की योजनाओं का चयन सर्वसम्मति से किया। गांव के दौरे के क्रम में युवा नेता सूर्या सिंह ने कहा कि गांव की योजना गांव के लोगों के द्वारा चयन करने का काम 2019 से लगातार हो रहा है। इस बीच उन्होंने गांव के खिलाड़ियों से भी मिले। सुर्या ने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली के क्षेत्र में सुधार हुआ है। उन्होंने जिन गांव का दौरा किया उसमे इमालियाबान्ध , झरहा, चिरैयाखांड, बड़ेपुर, सजवन, बुधुआ, नावाडीह, झरि, पटखौलिया, बरवाडीह, पाँति, नवाडीह, पाँति, खरडीहा, बभन्दी, बरवाडीह, जमुआ कला, रतनबीघा, गोलहना, पतरिया, काजीनगर, लपेया, सडेया, बिलासपुर, नौडीहा, मझिआयों, तिवारीबीघा, पतरा कला, पथरा,बंधुबीघा, झुंझार सिकनी, देवरी सुकन बीघा, मिरहियाडीह के अलावा कई गांव शामिल है।

### कार और बाइक में टक्कर, बच्ची की मौत, तीन घायल

**तरहसी पलामू।** तरहसी थाना क्षेत्र के तरहसी -सगालीम - मुख्य पथ पर ओझा पतरा अहिल्या पेट्रोल पंप के ठीक बगल में कार और बाइक में आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई । जबकि बाइक सवार की 1 साल की बच्ची की की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। इस घटना में बाइक सवार 3 लोग बुरी तरह घायल हो गए। जिसमें घायलों में आंति देवी 30 वर्ष पति सुदामा सिंह तरहसी थाना क्षेत्र के लकड़ाही के रहनेवाले हैं। जबकी इंडिका कार सवार मौका मिलते ही फरार हो गया। समाचार के अनुसार तरहसी की ओर से इंडिका कार जेएच 01बीइ 4081 मेदिनीनगर की ओर जा रहा था और ठीक सगालीम के तरफ से हीरो होंडा से सुदामा सिंह अपनी पत्नी और बच्चों के साथअपनी साइड में आ रहे थे। इसी बीच कार की गति तेज होने के कारण सामने से टक्कर हो गया। कार का चालक भागने में सफल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही तरहसी थाना प्रभारी जयप्रकाश पासवान, उदयपुरा वन मुखिया महेंद्र पासवान तथा अन्य लोग घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र तरहसी लाया। जिसके बाद प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल के डॉक्टर महेंद्र प्रताप सिंह ने घायलों को मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है।

### बूथ सशक्तिकरण को लेकर हुई भाजपा की बैठक



**उंटारी रोड (पलामू)।** उंटारी रोड प्रखंड के डेवडर में रविवार को बूथ सशक्तिकरण व पन्ना प्रमुख को लेकर भाजपाइयों की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर व संचालन महामंत्री सुनील तिवारी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर व वंदे मातरम् गाकर किया गया। बैठक में कार्यक्रम प्रभारी विनोद तिवारी , विजेंद्र पाठक व विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, पूर्व जिप सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि मनोज सिंह व जिला विशेष आमंत्रित सदस्य वेद प्रकाश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। विधायक के जिला प्रतिनिधि श्री यादव ने कहा कि पार्टी की मजबूती बूथ स्तर तक कैसे हो इसे लेकर विचार विमर्श किया जाना चाहिए ताकि भाजपा की जीत सभी बूथों से हो सके इसे लेकर सभी सभी भाजपाइयों को प्रयास करनी चहिए। मौके पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजाराम मेहता, युवा मोर्चा अध्यक्षा पारसनाथ चौधरी, सुरेंद्र तिवारी, पूर्व प्रमुख रामसेवक पासवान, किसान मोर्चा अध्यक्ष अरविंद मेहता, बजरंगी साह, पवन गुप्ता, एससी मोर्चा अध्यक्ष सुरेश पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

### शहीद नेपाल रवानी का शहादत दिवस मना



**मेदिनीनगर।** झारखंड अलग राज्य कराने में अहम भूमिका निभाने वाले चंद्रवंशी समाज के झारखंडी नेता शहीद नेपाल रवानी की शहादत दिवस बेलवाटीका में शैलेश चंद्रवंशी की अध्यक्षता में मनाई गई। इस मौके पर झारखंड प्रदेश मूल चंद्रवंशी महासभा के प्रदेश संयोजक व झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रंजन चंद्रवंशी ने कहा कि शहीद नेपाल रवानी की शहादत बेकार नहीं जाएगी। कार्यक्रम में वीरेंद्र कुमार,लक्ष्मण राम,राम लखन नारायण,विंदुल राम,गोपाल प्रसाद चंद्रवंशी, अरुण कुमार वर्मा,संजय किशोर सिंह,महेश राम,संतोष कुमार, रंजन कुमार,राम लखन राम शामिल थे।

# गांजा की खेती और बिक्री करने में 11 लोग हैं शामिल : सुरजीत

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने नावाबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम सोहदाग कला में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कया। जिसमें गांजा की खेती करते 11 लोगों को छापेमारी किया गया। जहां से चार बोरा कच्चा गांजा व 850किग्राम सूखा गांजा पुलिस ने बरामद किया है। इस संबंध में विश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी दल का गठन किया गया। जो कि नावाबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम सोहदाग कला में छापेमारी किया गया। उन्होंने बताया कि कृषक के द्वारा कच्चा गांजा को तोड़कर चार बोरा में पैक किया गया था और कुछ गांजा सुखाया जा रहा था। जिसे बरामद कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में अशोक यादव एवं संदीप कुमार दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने बताया कि अशोक, लालधारी, सुखलाल एवं संदीप कुमार, नंदकिशोर, नंदू, विजय, कृष्णा, शंकर, तपेश्वर, सुरेंद्र शामिल हैं। छापेमारी दल में एसडीपीओ सुरजीत कुमार के अलावे थाना प्रभारी दीपक कुमार दास, पुअनि नंदकिशोर दास समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

### दबंगों ने दिव्यांग शिक्षक को पीटा, मामला दर्ज



**हुसैनाबाद पलामू।** महुदंड पंचायत के प्राथमिक विद्यालय सलैयाटिकर में कार्यरत दिव्यांग पारा शिक्षक भरदुल ठाकुर को विद्यालय परिसर में घुसकर कर गाँव के दबंगों के द्वारा लाठी-डंडों से जानलेवा हमला करने का मामला प्रकाश में आया हैं। इस सबन्ध में पीड़ित शिक्षक ने हुसैनाबाद थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराया हैं एवं सुरक्षा की गुहार लगाया हैं। आवेदन में कहा गया हैं शिक्षक 24 फरवरी को अपने विद्यालय में पठन पाठन संचालित कर रहा था तभी गाँव के ही रामकिशुन यादव लाठी-डंडे लेकर गाली-गलौज करते विद्यालय में घुसकर लाठी डंडा से मार कर अधमरा कर दिया। स्कुल की रसोइया ने किसी तरह मुझे जान बचाया और वह भाग गया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। जिसके बाद हुसैनाबाद थाना में घटना की आप बीती सुनाई। इधर इसकी सूचना पाकर पारा संघ के हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष पप्पू पटेल ने कहा कि विद्यालय में शिक्षक अध्ययनरत छात्रों के अभिभावक की तरह होते हैं। उक्त आरोपी पुलिस विभाग में हवलदार हैं और शिक्षक को जान से मारने की धमकी दिया हैं। संघ ने कहा कि दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई जाये।

### मालगाड़ी से कटकर युवक व नाबालिग ने दी जान



**उंटारी रोड (पलामू)।** मुगलसराय रेल खंड के करकट्टा व उंटारी रोड रेलवे स्टेशन के बीच पोल संख्या 331/24 डाउन मेन लाइन से पुलिस ने एक युवक व युवती का शव बरामद किया गया है। युवक की पहचान कांडी थाना क्षेत्र के रामबांध निवासी ललन बैठा का 22 वर्षीय पुत्र नंदलाल बैठा व युवती की पहचान उंटारी रोड थाना क्षेत्र के गवरलेटवा निवासी राकेश बैठा की 17 वर्षीय पुत्री खुशबू कुमारी के रूप मे हुई है। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे जपला आरपीएफ पोस्ट के प्रधान आरक्षी रामाशंकर सिंह, संतोष व उंटारी रोड थाना प्रभारी अशोक कुमार महतो दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे व शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु एमआरएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया है। थाना प्रभारी अशोक कुमार महतो ने बताया कि युवक युवती ने आत्महत्या क्यों किया इसे लेकर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### शिक्षा हित में कार्य करें, मांगें सरकार करेगी पूरा : मिथलेश

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ का एक दिवसीय प्रमंडलीय अधिवेशन सह सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पलामू जिला अध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी मनोज मेहता ने की। कार्यक्रम में संघ के राज्य अध्यक्ष आनंद किशोर साहू, संचालन महासचिव बलजीत सिंह, संघ के मुख्य सलाहकार डॉ दिनेश कुमार शुक्ला, ब्रजेश कुमार सिंह व दिव्या सिंह शामिल थे। संघ द्वारा राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए पुरानी पेंशन योजना बहाल करने का निर्णय लेने को राज्य कर्मियों के लिए हर्ष का विषय बताया गया। साथ ही, विद्यालय और शिक्षकों से जुड़ी समस्याओं पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर को पुरानी पेंशन योजना बहाल करने के लिए संघ द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने शिक्षकों की हौसला अफजाई करते हुए मंत्री ने कहा कि आप शिक्षा हित में कार्य करें, आपकी हर उचित मांग, हर समस्या के प्रति सरकार गंभीर है और इसका समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम में पलामू अध्यक्ष मनोज मेहता, ब्रजेश सिंह, अभिमन्यु कुमार, मो क्यामुद्दीन, प्रदेश कोषाध्यक्ष ज्ञानचन्द साहू, गढ़वा ज़िला अध्यक्ष अरूण दुबे, लातेहार ज़िला अध्यक्ष हीरा यादव, विशाल प्रताप, विजय लाल, प्रदीप कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, दीपक कुमार गुप्ता समेत संघ के समस्त पदाधिकारियों और सदस्यों ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

### गिरफ्तार लोगों के परिजनों से मिली लवली

खबर मन्त्र संवाददाता



**पांकी पलामू।** बीते 15 फरवरी को पांकी शहिद भगत सिंह सिंह चौक ( मस्जिद चौक) में दो समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़प में जेल गए लोगों के परिजनों से लवली गुप्ता ने उनके घर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात की और हर संभव मदद करने को कहा। उन्होंने कहा की घटना में जो लोग शामिल नहीं थे वैसे लोगों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम किया है जिससे उनके परिवार के लोग आहत हैं। गुप्ता ने जिला प्रशासन से मांग किया कि जो निर्दोष लोग केस में फंसे हैं वैसे लोगों को जांच पड़ताल कर बरी किया जाए। नाबालिक तेरह, चौदह साल के बच्चों के साथ साथ अस्सी वर्ष के बुजुर्ग व्यक्ति को भी इस कांड में अभियुक्त बनाया गया है। प्रशासन को निर्दोष फंसे नहीं और दोषी बचे नहीं इसको ध्यान मे रखते हुए कार्रवाई करनी होगी। गुप्ता ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने उम्मीद जताया कि निश्चित ही प्रशासन निष्पक्ष भाव से लोगो से न्याय करेगा।

### आरोप निराधार, पूर्व में पंचायत चुनाव को लेकर ग्रामीणों की है साजिश : संजय

खबर मन्त्र संवाददाता



पारा शिक्षक संजय चौधरी के खिलाफ बैठक करते ग्रामीण।

**उंटारी रोड(पलामू)।** जिले के स्कूलों में शिक्षकों को छात्राओं के साथ अश्लील बातें करने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बता दें कि कुछ दिन पूर्व पांडु प्रखण्ड अन्तर्गत लवरपांडू विद्यालय का मामला प्रकाश में आया था। बता दें की सरकार शिक्षकों को नियुक्ति पढ़ाने के लिए किया है, न की छात्राओं के साथ अश्लील बातें व गलत व्यवहार करने के लिए। ऐसा ही एक मामला उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिरजा से मामला उजागर हुआ है। बिरजा स्कूल के छात्राओं ने शिक्षक संजय कुमार चौधरी के ऊपर अश्लील बातें करने का गंभीर आरोप लगाया है। छात्रा अंजली कुमारी, कबिता कुमारी, नेहा ने कहा की संजय सर दुप्पटा हटा कर ओढ़ाते है तो कभी साथ में खाना खाने के लिए कहते है तो कभी ससुराल जा कर क्या करोगी तो कभी सुहाग रात जैसी अश्लील बातें करते है। जिसको लेकर बिरजा गांव के ग्रामीणों ने शिक्षक संजय कुमार चौधरी के खिलाफ विद्यालय में बैठक कर पूछताछ किया जिसमें शिक्षक संजय कुमार चौधरी ने ग्रामीणों और प्रधानाध्यापक बेचन सिंह के समक्ष सभी बातों को स्वीकार करते हुए कहा कि आज के बाद दुबारा कभी ऐसा गलती नहीं करेंगे, इन्होंने ग्रामीणों के बिच माफी मांगा। शिक्षक संजय चौधरी ने कहा कि यह आरोप निराधार है, पूर्व में हुए पंचायत चुनाव को लेकर ग्रामीणों ने साजिश रची है। मौके पर नथुनी चौधरी, कृष्ण , रामजी चौधरी, मनोज चौधरी, बबलू , ललन चौधरी, ब्रामदेव , रीता देवी, बसंती देवी उपाध्यक्ष, कृष्णा कुमार के साथ सैकड़ों ग्रामीणों अभिवावक उपस्थित थे।

# टाटा स्टील विंटेज और क्लासिक कार एंड बाइक रैली संपन्न


टाटा स्टील के सीईओ टीवी नरेंद्रन और वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी।


सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर प्रदीप कुमार झा को बेस्ट कॉस्ट्यूम ट्रॉफी प्रदान की गयी।


आकिब जावेद व्हील चेयर पर बैठाकर अपनी दादी को कार रैली दिखाते हुए।

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील विंटेज और क्लासिक कार एंड बाइक रैली का दूसरा संस्करण आज यहां गोपाल मैदान में खूबसूरत वाहनों के साथ आयोजित किया गया। रैली का आयोजन टाटा समूह के संस्थापक स्व. जेएन टाटा की 184 वीं जयंती दिवस समारोह के हिस्से के रूप में कंपनी और टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा की दूरदर्शिता और स्मृति के सम्मान में किया गया था।

जमशेदपुर विंटेज एंड क्लासिक कार एंड बाइक रैली 2023 आज संपन्न हो गई रैली में ओवरऑल चैंपियन बेस्ट कार का खिताब कोलकाता के दर्शन मुकेश संघवी की कार एमजी मैग्नेट जेड को मिला जो 1955 मॉडल की है जबकि ओवरऑल चैंपियन बेस्ट बाइक ट्रॉफी जमशेदपुर निवासी आनंद कुमार शर्मा को उनकी बाइक बीएसए जेड बी को दी गई जो वन 951 मॉडल की बाइक है। 1960 में बनी विलीज जीप के मालिक ब्रिगेडियर प्रदीप कुमार झा को 'बेस्ट पीरियड कॉस्ट्यूम' का विजेता घोषित किया गया, जबकि उसी श्रेणी में उपविजेता जसबीर सिंह थे, जो 1954 की बीएसए बी31 बाइक के मालिक हैं।

इस आयोजन के जज कोलकाता के सौरजीत पाल चौधरी, पृथ्वी नाथ टैगोर और बिश्वनाथ बसु और जमशेदपुर के कर्नल अरूप रतन बसु थे, जबकि कॉस्ट्यूम्स को रुचि नरेंद्रन और पूनम चौधरी ने जज किया था।

1920 से 1980 के दशक की लगभग 80 पुरानी और क्लासिक कार एवं बाइक ने रैली में भाग लिया जिसमें तीन राज्यों पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा के कोलकाता, क्योंझर, रांची, चाईबासा और जमशेदपुर जैसे शहरों से भाग लिया।

टी वी नरेंद्रन, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, टाटा स्टील ने गोपाल मैदान में रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान कवर किए गए लैंडमार्क में शामिल है भरूचा मेंशन, जुबली पार्क, यूनाइटेड क्लब, सर दोराबजी टाटा पार्क, कीनन स्टेडियम और सेंट जॉर्जेस चर्च।

इस कार्यक्रम में जमशेदपुर के नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जो कल शाम और आज सुबह गोपाल मैदान और यूनाइटेड क्लब में विंटेज वाहनों को देखने के लिए बड़ी संख्या में एकत्रित हुए थे।

इस वर्ष भाग लेने वाली सबसे पुरानी गाड़ी 1926 में बनी ऑस्टिन 7 कार थी जिसे क्लासिक और विंटेज वाहन के शौकीन लोगों के बीच बेबी ऑस्टिन के रूप में भी जाना जाता है। रैली के दूसरे संस्करण में भाग लेने वाला सबसे कम उम्र का वाहन 1983 का फिएट था। रैली का समापन यूनाइटेड क्लब में चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील, पीयूष गुप्ता, वाईस प्रेसिडेंट, ग्रुप स्ट्रेटेजिक प्रोक्योरमेंट एंड सप्लाई चेन, टाटा स्टील और श्रीमती डेजी ईरानी सहित अन्य गणमान्य लोगों द्वारा पुरस्कार वितरण के साथ हुआ।

## हमारे इतिहास, संस्कृति और हमारे लोगों का उत्सव है संस्थापक दिवस : नरेंद्रन

गोपाल मैदान में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, टीवी नरेंद्रन ने कहा कि जमशेदपुर विंटेज और क्लासिक कार एंड बाइक रैली जैसे विशिष्ट कार्यक्रम सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित, संजोने और बढ़ावा देने वाली सहायक पहल के माध्यम से हमारे कॉर्पोरेट दर्शन के साथ जुड़े हुए हैं। यह आयोजन केवल खूबसूरत मशीनों को देखने तक ही सीमित नहीं है, यह हमारे शहर और हमारे लोगों के उत्साह का जश्न मनाने के बारे में भी है। हमारा शहर हमेशा से हमारी कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और नवीनता के लिए जाना जाता है। यह आयोजन उसी भावना का प्रमाण है। यह हमारे इतिहास, हमारी संस्कृति और हमारे लोगों का उत्सव है।

## बाइकर्स क्लब की प्रदर्शनी भी रहा आकर्षण का केंद्र

पहली बार, जमशेदपुर के सुपर बाइकर्स क्लब ने 'राइड विद प्राइड' नामक इस कार्यक्रम में भाग लिया जिसमें हार्ले डेविडसन, बीएमडब्ल्यू, डुकाटी और ट्रायम्फ सहित 18 बाइक प्रदर्शित की गईं।


अपनी काफी पुरानी मिनी बाइक की सवारी करते एक प्रतिभागी।


मुकेश संघवी की कार को मिला ओवर ऑल चैंपियन का खिताब।


पुरानी दुपहिया वाहन संवर्ग के ओवर ऑल चैंपियन आनंद कुमार शर्मा।

## इन्हें भी मिली ट्रॉफी

1920-1930 के बीच बनी बेस्ट कार का अवार्ड : 1926 की अस्टिन-07, मालिक हरबिंदर सिंह।, 1931-40 में बनी बेस्ट कार का पुरस्कार : मामीता जायसवाल की अस्टिन 1926, 1941-50 के बीच बनी बेस्ट कार का अवार्ड : गजेंद्र चंद्र सिंह की क्रिस्लर विंडसोर-1947, 1951-60 के बीच बनी बेस्ट कार ट्राफी : दर्शन मुकेश सांघवी की एमजी मैग्नेट जेडए-1955, 1961-75 के बीच बनी बेस्ट कार ट्रॉफी : सैकत दत्ता,कोलकाता की ट्रिम्फ स्पीटफायर-04 -1963, 1935-1950 के बीच बनी बेस्ट बाइक : आनंद शर्मा,जमशेदपुर की जेम्स एमएल जो 1939 मॉडल की है।, 1951-60 की बेस्ट टू व्हीलर ट्रॉफी : रोहित कुमार सिंह की बाइक बीएसए सी-12 जो 1957 मॉडल की है।, 1961-75 मॉडल की बेस्ट टू-व्हीलर : आकिब जावेद खान, मानगो की जावा 238 टाइप 353/ 02 बाइक।, बेस्ट पीरियड कस्ट्यूम ट्रॉफी : ब्रिगेडियर प्रदीप कुमार झा, 1960 मॉडल की विलीस जीप।, बेस्ट रोड रनिंग सेक्शन कार : गजेंद्र चंद्र सिंह की 1947 मॉडल की क्रिसलर विंडसर। श्री सिंह की एम्बेसडर मार्क-2 को इसी सेगमेंट में उप-विजेता ट्रॉफी भी मिली।, बेस्ट रोड रनिंग टू व्हीलर ट्रॉफी : आनंद कुमार शर्मा,जमशेदपुर की बीएसए जेबी 1951 मॉडल की बाइक। इस सेगमेंट में आनंद कुमार शर्मा को 1942 में बनी मैचलेस मिलिट्री मॉडल बाइक के लिए उप विजेता टॉफी मिली है।, बेस्ट मर्सीडीज कार ट्रॉफी : टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाली नरबर्ग मर्सीडीज बेंज कार को मिली जो 1928 मॉडल की कार है।, बेस्ट ऑफ रोडर/ जीप ट्रॉफी : धनंजय नारायण भंज देव की महिन्द्रा एफसी 150 जीप को मिला जो 1968 मॉडल है।, बेस्ट बीएसए बाइक ट्रॉफी : आनंद कुमार शर्मा,जमशेदपुर की बीएसए बीबी 31 बाइक को मिली जो 1954 मॉडल की है।, बेस्ट स्कूटर ट्रॉफी : आनंद कुमार शर्मा,जमशेदपुर की फैंटाबुलस स्कूटर को दी गई जो 1962 मॉडल की स्कूटर है।

स्पीड न्यूज

## शहरी क्षेत्र में शुरू होगी नगर बस सेवा



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर शहर में नगर निकाय द्वारा नगर बस सेवा शुरू करने की तैयारी चल रही है। नगर बस सेवा के तहत जमशेदपुर, मानगो, और जुगसलाई के ट्रैफिक का अध्ययन करते हुए आस पास के क्षेत्र जहां से वाहन का आना जाना ज्यादा होता वैसे क्षेत्रों का भी अध्ययन किया जायेगा ताकि किस रूट पर कितने बसों की जरूरत है इसका आकलन लगाया जा सके। इस योजना के तहत लगभग 100 बसें चलाई जाएगी, सही संख्या का पता अध्ययन के बाद ही पता चल पायेगा। योजना का 30 फीसदी राशि केन्द्र सरकार तथा 35 फीसदी राशि राज्य सरकार एवम 35 फीसदि राशि नगर निकाय वहन करेगी । डीसी श्रीमती विजया जाधव ने जल्द से जल्द सभी निगर निकायों को आस पास के क्षेत्रों की रूट चिन्हित करने, वैसे चौक चौराहों जहां बस रोकी जा सके जिससे बड़ी आबादी को इसका लाभ मिले, इसका सर्वे कार्य करने का निर्देश दिया है । किस सड़क पर कितने सीटर बस चलाई जा सकती है, सड़क की चौड़ाई, यात्रियों की सुरक्षा, दिन में कितने समय में सेवा शुरू कर संध्या/रात्रि में कब बंद की जाएगी इसे लेकर भी रूट मैप बनाने का निर्देश दिया गया है। इस योजना से आम जनो के साथ साथ छात्रों एवं दैनिक मजदूरों के अलावा जॉब के लिए आने जाने वाले लोगों को भी फायदा होगा।

## बालाजी मंदिर में ब्रम्होत्सव संपन्न

**जमशेदपुर।** रविवार को सिद्धगोरा कावरियाधाम बालाजी मंदिर में ब्रम्होत्सव का आज अंतिम दिन सुबह : 5 .30 , मंगलध्वनि का आयोजन हुआ। इसके बाद सुबह : 6 .00 , सुप्रभात सेवा ,सुबह ; 7 .25 से श्रीवारी आराधना , सुबह 8 .45 बजे से ध्वजारोहण अवरोहण कराया गया। सुबह,11.00. बजे से भगवान बालाजी का कल्याणम सीमाचलम के पुरोहित श्री अनंत आचार्य के द्वारा कराया गया। इस कल्याणम में 140 जोड़ा पति-पत्नी शामिल थे। इस मौके पर झारखंड राज्य पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास जी भी उपस्थित थे। कल्याणम के बाद सभी भक्तजनों को महाभोग खिलाया गया, और शाम 6 :00 बजे से शोभा यात्रा निकाला गया जो कांवरिया बालाजी मंदिर से लेकर सिद्धघोड़ा एग्रिको भालूभाषा हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद लौटकर मंदिर लाया गया। इस मौके पर श्रीमती कमला शर्मा , आर यस यान राजू , आर प्रभाकर राव, डी ,रामु , इ रविकिरण ,टी रवि रामचंद्रन , मूर्ति गरु , यस प्रसाद राव ,यस मुकुंद राव , उमा माहेश्वरी , यस भानु रेखा , वी पदमा, यस लक्ष्मी ,यस उषा , टी नूतन ,इ अरुणा , आर साधना ,टी प्रमिला, शामिल थे।

# छत्तीसगढ़ी समाज ने मांगा झारखंड में स्थानीयता का हक

## सोनारी क्रिश्चियन मैदान में आयोजित सम्मेलन में अलका चंद्राकर के गीतों पर झूमे लोग


प्रस्तुति देती अलका चंद्राकर।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आज सोनारी परदेशी पड़ा दुर्गा पूजा मैदान में अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी युवा मंच और जय महाकाल सेवा संघ द्वारा चतुर्थ छत्तीसगढ़ महासम्मेलन 2023 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह और भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर के जिला अध्यक्ष गुंजन यादव के द्वारा किया गया। सम्मानित अतिथियों के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्य समिति सदस्य सुनील सिंह, जटाशंकर पांडे, मानगो मंडल अध्यक्ष विनोद राय, उलीडीह मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र पासवान, सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार, अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी युवा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष प्यारेलाल साहू मौजूद रहे।


लोक गायिका अलका चंद्राकर का अभिनंदन करते भाजपा के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह।


रंगारंग छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का दृश्य।

गुंजन यादव ने अपने संबोधन में कहा की छत्तीसगढ़ी समाज के बीच यह सोनरि कि धरती पर ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। नीरज सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ी समाज के लोग जमशेदपुर और पूरे झारखंड में लगभग 120 सालों से रहबर है मगर आज भी इस समाज को उनका वो हक नही मिल पाया जिसके वो हकदार है । रघुवर दास की सरकार में 1985 को आधार मानते हुए स्थानीयता नीति के तहत सभी समाज को उनका हक मिल ।पता मगर आज झारखंड की हेमंत सरकार उन्हे इनके हक से वांछित करने का काम कर रही है जो की बरदास के बाहर है। आज समाज के लोगों से मिलने का मौका मिला अगर छत्तीसगढ़ी समाज को उनका हक नही दिया गया तो आगे चरणबद्ध आंदोलन से समाज के लोगों को उनका हक दिलाने का काम किया जायेगा।

कार्यक्रम की शुरूआत दोपहर 2 बजे से हुआ जिसमे जमशेदपुर के कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक गीतों पर प्रस्तुति दी गई । संध्या 06:00 बजे से छत्तीसगढ़ से आई प्रसिद्ध कलाकारा अलका चंद्राकर ने मंच से अपने गीतों से मौजूद दर्शकों को झुमाया। अलका जी द्वारा छत्तीसगढ़ी परंपरागत गौरी गौरा, राउत नाचा, सुला समेत कई परंपरागत प्रस्तुति के साथ साथ कई फिल्मी गीत भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों के साथ जमशेदपुर से लगभग 12000 लोगों ने कार्यक्रम का लुफ्त उठाया।

## खबर एक नजर में

### श्री श्याम रात्रि निशान यात्रा 3 मार्च को

**जमशेदपुर।** शहर के युवाओं में धर्म के प्रति सकारात्मक सोच के उदय हेतु प्रयासरत शहर की धार्मिक संस्था श्री श्याम बाल मंडल अंतर्गत श्री श्याम रात्रि ग्यारस निशान यात्रा के तत्वावधान में इस वर्ष 3 मार्च को विशाल श्री श्याम निशान यात्रा निकाली जाएगी। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए समिति के अनिल मोदी ने बताया कि समिति द्वारा हर माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी को निशान यात्रा निकाली जाती है ।इस माह समिति की यह 135 वीं यात्रा होगी। उन्होंने बताया की फाल्गुन माह में श्याम भक्ति का विशेष महत्व है। इस माह राजस्थान के खाटू धाम में श्याम बाबा का विशेष मेला लगता है जिसमें देश विदेश के करोड़ों भक्त शामिल होते है ।जो भक्त सम्याभाव के कारण खाटू धाम नहीं जा पाते उनको खाटू धाम का माहौल यहां निशान यात्रा में मिलता है। यह निशान यात्रा 3 मार्च को रात्रि 6.30 बजे साकची शिव मंदिर से शुरू होकर शहर के विभिन्न भागों का भ्रमण करते हुए जुगसलाई बैकुंठ धाम मंदिर में आकर समाप्त होगी। इस निशान यात्रा में 2100 भक्त अपने हाथों में निशान लेकर पूरे रास्ते बाबा की जय जयकार करते चलेंगे। इस यात्रा के संयोजक विमल अग्रवाल ने बताया की निशान यात्रा के एक दिन पूर्व भक्त अपने हाथों में श्याम नाम की मेहंदी रचाएंगे। पुरोहितों द्वारा पूरे विधि विधान से पूजन के पश्चात यात्रा की शुरूआत की जाएगी।

### सरहुल में शामिल हुए पूर्व जिला परिषद सदस्य व झामुमो नेता ओमप्रकाश लायेक



चांडिल। अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में प्राकृतिक पर्व सरहुल धूमधाम के साथ मनाया गया। इसमें चांडिल के पूर्व जिला परिषद सदस्य सह झामुमो नेता ओमप्रकाश लायेक चांडिल के चिलगु, रसुनिया, कांगलाटांड़, रुदिया, दालग्राम, जाड़ीयाडीह एवं डोबो मे सरहुल पूजा के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य पप्पू वर्मा, चांडिल पंचायत के मुखिया मनोहर सिंह सरदार, मांझी बाबा मोहन मांझी, दाड़गा हंसदा, सुनील मार्डी, बादल महतो, शिव शंकर लायेक, गणेश लायेक सहित कई लोग उपस्थित थे।

# सिदगोड़ा में मना बाहा बोंगा परब

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** रविवार को सिद्धगोरा में बहा बोंगा धूमधाम से मनाया गय बीते वर्ष की अपेक्षा आज कुछ ज्यादा ही मनोरमा और खुशनुमा वातावरण लग रहा था क्योंकि जाहिर साड़ी में को स्वच्छ और सुंदर सजाया गया है और जाहिर की दीवार पर संथाल रीति रिवाज और परंपरा अनुसार वह पर्व को चित्रकला से चित्रित किया गया है। साथ ही संथाली लिपि ओलचिकी समाज के सभी लोग साक्षर बने इस पर भी बल दिया गया है । प्रातः 7:30 के बाबा के प्रांगण में महिला पुरुष पारंपरिक लिबास पहने हुए एकत्र हुए नए के बाबा पूजा सामग्री के साथ तैयार थे और वहां उपस्थित पुरुष नगाड़ा और मांदर बजाते रहे और महिलाएं पारंपरिक नृत्य करते हुए नाइके बाबा को जाहिर स्थान तक स्वागत पूर्वक पहुंचाया। तत्पश्चात जाहिर गार्ड में आराध्य देवी-देवताओं को सखुआ फूल, महुआ फूल अर्पित किया गया। समाज की मान्यता है कि देवी देवताओं को पहले प्रकृति के फूल फल पत्ता उपभोग करते हैं। इसके बाद ही मनुष्य उसका उपयोग करेंगे।

पूजा के दौरान भगवान से विनती किया गया कि संसार के सभी प्राणी सुख चैन से रहें । दुनिया में समृद्धि रहे लोग -बाग प्राणी निरोग रहे और आपसी भाईचारा से परिपूर्ण धरती रहे। पशु पक्षियों की आबादी बढ़े, समय पर मौसम आए ताकि किसानों को उपज बढ़े।

दूसरी ओर मनोकामना पूर्ण होने वालों ने मुर्गा मुर्गी की बलि देकर अपना मन्नत जाहेरथान में उतारा और बलि चढ़ाई के मुर्गा मुर्गी का खिचड़ा बनाकर पुरुषों में वितरित किया गया। यहां आस-पास के हजारों लोगों ने स्थान में मत्था टेका और देवी-देवताओं से आशीर्वाद ग्रहण किया और सखुआ फूल ग्रहण किया। बाहा पर्व सफल बनाने में मुख्य रूप से नायके बाबा लेदा बास्को, माझी बाबा कुशल हांसदा,पौराणिक बाबा बीर सिंह हेंब्रोम जोग माझी बाबा महेंद्र नाथ हांसदा गणेश बाबा गणेश हसदा सोनामुन हेंब्रोम माया हसदा पानू हरदा सुनील हसदा निमाई हेंब्रम दुलाल मुर्मू सोनाराम आशा आदि का महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## हाइवा ओनर एसोसिएशन करायेगा पितकी फाटक के पास जल छिड़काव



**चांडिल।** एनएच 32 पितकी रेलवे फाटक के पास सड़क पर बने बड़े बड़े गड्ढे और उड़ रहे धूल से लोगों को हो रही परेशानी को लेकर बैठक की। बैठक में चांडिल हाईवा ओनर एसोसिएशन के सदस्यों ने यह निर्णय लिया की सड़क पर बने गड्ढे को तत्काल भरा जाएगा एवं सड़क पर उड़ रहे धूल को रोकने के लिए पाईप बिछाकर पाईप लाइन के द्वारा नियमित रूप से प्रतिदिन पानी का छिड़काव किया जाएगा। जिससे सड़क पर उड़ रहे धूल से स्थानीय ग्रामीण एवं आवागमन कर रहे राहगीरों को कोई परेशानी का सामना करना ना पड़े। जनता की समस्या को देखते हुए जो कार्य एनएच 32 बनाने वाले ठेकेदार एवं कंपनी को करनी चाहिए उस कार्य को चांडिल हाईवा ओनर एसोसिएशन के द्वारा किया जा रहा है। एसोसिएशन के द्वारा पितकी फाटक के पास सड़क पर बने गड्ढे की भराई एवं पानी छिड़काव का कार्य प्रारंभ कर दी गई। राकेश वर्मा ने कहा लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए एसोसिएशन ने यह निर्णय लिया है। इस मौके पर समाजसेवी राकेश वर्मा, राजू दत्ता, खगेन महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

# विवाह के वक्त कन्या को माता-पिता ससुराल की इज्जत रखने की सीख दें : गौरी

कथा सुनाती सुश्री गौरांगी गौरी



खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा सूर्य मंदिर कमिटी द्वारा श्रीराम मंदिर स्थापना के तृतीय वर्षगांठ के अवसर पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के चतुर्थ दिन कथा प्रारंभ से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, भाजपा झारखंड प्रदेश के मंत्री सुबोध सिंह गड्डू, आलोक कुमार, अजय कुमार एवं अन्य ने व्यास पीठ एवं व्यास का विधिवत पूजन किया गया। पूजन पश्चात श्री अयोध्याधाम से पधारे मर्मज्ञ कथा वाचिका पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी का स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात कथा व्यास पंडित गौरांगी गौरी ने पंडाल में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के समक्ष श्रीराम कथा के पंचम दिन सीता-राम विवाह का प्रसंग सुनाया।



श्रीराम कथा के पांचवें दिन पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी ने भगवान श्रीराम द्वारा धनुष भंग, परशुराम, लक्ष्मण संवाद एवं श्री राम विवाह की रोचक प्रसंगों से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। दसरथ राज कुमार नजर तोहे लग जायेगी भजन पर श्रद्धालु जमकर झूमे। उन्होंने कहा कि कथा सुनने से जीवन की हर व्यथा मिट जाती है। राम विवाह एक आदर्श विवाह है। तुलसीदास ने राजा दशरथ, राजा जनक, राम व सीता की तुलना करते हुए बताया है कि ऐसा समधी, ऐसा नगर, ऐसा दुल्हा, ऐसी दुल्हन की तीनों लोक में कोई बराबरी नहीं हो सकती।

## यह टाटानगर नहीं, भक्तिनगर है : गौरी

**जमशेदपुर।** भारत की सनातन धर्म अपने गौरवशाली ऋषि परंपरा के साथ भक्ति और शक्ति का समन्वय करता हुआ आज विश्व के कोने-कोने में फैल रहा है। सनातन धर्म की ध्वजा को गांव से शहर और शहर से देश एवं विदेश ले जाने में सतत प्रयासरत अयोध्या की प्रसिद्ध राम कथा वाचक पंडित गौरंगी गौरी जी ने रविवार को प्रेस-वार्ता को संबोधित किया। सूर्य मंदिर समिति के तत्वावधान में राम मंदिर स्थापना के तृतीय वर्षगांठ पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा में भाग लेने जमशेदपुर पहुंचे पंडित गौरांगी गौरी ने जमशेदपुर शहर एवं यहां के लोगों की खुले मन से प्रशंसा की। इस दौरान सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह एवं मीडिया प्रभारी प्रेम झा व अन्य मौजूद थे। साकची स्थित एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में कथा को लेकर पहली बार आना हुआ। जिसमें काफी आनंद और प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है। यहां के लोगों में सनातन धर्म और संस्कृति के प्रति जो उत्साह, ऊर्जा, श्रद्धा, भाव, प्रेम और समर्पण दिखता है ऐसा विरले ही कहीं दिखता है। आयोजन के प्रथम दिन कलश यात्रा में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़ और नाचते-गाते आनंदित लोग की जितनी प्रशंसा की जाए वो कम है। कहा कि जमशेदपुर शहर को लौहनगरी के नाम से जाना जाता है, परंतु यहां के लोगों की भक्ति भावना को देखकर इसे भक्तिनगर की उपाधि दे दी जानी चाहिए। यहां की माताएं-बहनें जिस तरह से एकाग्रचित्त, प्रसन्नचित होकर कथा सुनते हैं, उनमें चार घंटे की कथा भी कम है।

स्पीड न्यूज

## ऑनलाइन ऊर्जा संवाद में शामिल हुए जनप्रतिनिधि

**चक्रधरपुर।** विद्युत आपूर्ति प्रमंडल कार्यालय चक्रधरपुर में रविवार को ऑनलाइन ऊर्जा संवाद का आयोजन किया गया। ऊर्जा संवाद कार्यक्रम में कार्यपालक अभियंता अमित खलखो ने क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों से वार्ता की और उनकी समस्याएं जानी। संवाद कार्यक्रम में मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों से बिजली संबंधित समस्याओं पर चर्चा करते उसके निदान की मांग की। कार्यपालक अभियंता अमित खलखो ने जनप्रतिनिधियों की बातों को गंभीरतापूर्वक सुनने के बाद उसके उसके निदान का आश्वासन दिया। ऑनलाइन के माध्यम से सभी मुखिया एवं जनप्रतिनिधि को जानकारी दी गई कि बकाया बिजली बिल रहने पर कनेक्शन काटा जा रहा है और उपभोक्ताओं को लीगल नोटिस भी किया जा रहा है। इसलिए समय पर बिल जमा करने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करें।

## पुलिस ने बरामद किये 13 जोड़ी गोवंशीय पशु तस्कर फरार

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर पुलिस ने गौवंशीय पशुओं की तस्करी के रोकथाम के लिए लगातार अभियान चला रही है। जिसको लेकर बीती शनिवार की देर रात चक्रधरपुर थाने द्वारा भलियाकुदर से 13 जोड़ी गौवंशीय पशु को जब्त किया है। हालांकि हर बार की तरह इस बार भी पशु तस्कर रात के अंधेरे में फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। गोवंशीय पशु को लेकर एसडीपीओ कपिल चौधरी ने बताया कि प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी की रोकथाम के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसे लेकर बीती रात शनिवार को भी 13 जोडी.गौवंशीय पशुओं को तस्करी के लिए ले जाते पकड़ा गया है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी चंदशेखर कुमार, एएसआई संतोष तिवारी व जिला पुलिस बल के जवान शामिल रहे।

### भगेरिया फाउंडेशन के 12वें शिविर में 8 महिलाओं समेत 115 लोगों ने किया रक्तदान

# रक्तदान से मिलती है सुखद अनुभूति फाउंडेशन का कार्य सराहनीय : कोड़ा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** स्व. बजरंग लाल भगेरिया की स्मृति में भगेरिया फाउंडेशन चक्रधरपुर ने रविवार को 12वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया। नगर परिषद कार्यालय भवन में आयोजित शिविर में 8 महिलाओं समेत 115 लोगों ने रक्तदान किया। जिसमें करीब 15 युवाओं ने पहली बार रक्तदान किया। रक्तदाताओं को अतिथियों के हाथों प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इससे पहले पूर्व मंत्री बड़कुंवर गागराई, पूर्व विधायक शशिभूषण सामाड, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष केडी साह, आजसू जिलाध्यक्ष रामलाल मुंडा, भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश पुरी आदि ने दीप जलाकर संयुक्त रूप से शिविर का उद्घाटन किया। रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाने पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व आइएएस जेबी तुबिद भी पहुंचे थे। पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने कहा रक्तदान जीवनदान है। रक्तदान करने पर सुखद अनुभूति का अहसास होता है। उन्होंने भगेरिया फाउंडेशन के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा प्रत्येक वर्ष शिविर आयोजित कर रक्त संग्रह कर लोगों का जीवन बचाने का कार्य कर रही है। शिविर में आए अतिथियों को पौधा एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनोज भगेरिया ने किया। मौके पर सीआरपीएफ 60 बटालियन के डिप्टी कमांडेंट जियाउल हक, पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डा. विजय सिंह गागराई, डा. मनोज कोड़ाह, विनोद भगेरिया, सुशील भगेरिया, प्रकाश भगेरिया, प्रकाश लागुरी, तजम्मुल हुसैन जानी, सिकंदर जामुदा, मास्टर इरशाद, प्रो. नागेश्वर प्रधान, डा. अरूण कुमार, डा. राजेश कुमार, मुखिया सेलाय मुंडा, मालती गिलुवा आदि उपस्थित रहे।


रक्तदाता श्रवण भगेरिया को सम्मानित करते पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा।


रक्तदान करने के बाद प्रमाण पत्र के साथ सीआरपीएफ 60 बटालियन के जवान।

### नीतू साहू, प्रधान बिरुवा व एन सर्वो सिंह को मिला सिंहभूम गौरव सम्मान

कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, खेलकूद एवं सामाजिक क्षेत्र में अग्रणी योगदान के लिए तीन लोगों को सिंहभूम गौरव सम्मान से नवाजा गया। जिनमें शिक्षा के लिए चाईबासा निवासी प्रधान बिरूवा, खेलकूद में राष्ट्रीय चैंपियन बाडी बिल्डर एन सर्वो सिंह व समाजसेवा के लिए नीतू साहू को सम्मानित किया गया। वहीं रक्तवीर सम्मान के लिए रविंद्र गिलुवा, आर. श्रीकांत राव व नील अभिमन्यू को सम्मानित किया गया। जबकि उत्कृष्ट सेवा सम्मान के लिए धनंजय महतो, हीरारानी घोष व इतवारू यादव को सम्मान दिया गया। वरिष्ठ पत्रकार अतुल्य सम्मान से विनय मिश्रा, शीन अनवर व राम गोपाल जेना को सम्मानित किया गया।

## लकड़ी माफिया सक्रिय, सड़क किनारे पेड़ों में आग लगा कर रहे कटाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** प्रखंड क्षेत्र के रामगढ़-गुहियाजोरी सडक मार्ग के कोआमा तीखा मोड़ के समीप आसपास के सड़क के किनारे के पेड़ काटने के लिए लकड़ी माफिया काफी सक्रिय हैं। पहले हरे भरे सड़क के किनारे सारे टहनियों को काट देते हैं। बाद में पेड़ पर आग लगाकर झुलसा देकर फिर पेड़ को काटकर रामगढ़ जोगिया के लकड़ी मील पहुंचाकर लकड़ी को बेचकर मालामाल हो रहे हैं।
कोआम तीखा मोड़ के पास लकडी माफिया आम के पेड़ को आग से झुलसाकर पेड़ काटने की तैयारी में जुट गये है। आश्चर्य तब होता है जब इस सड़क मार्ग में बराबर प्रशासन का आवाजाही लगा रहता है। उसके बाबजूद किसी की नजर कटते हरे भरे पेड़ो पर नहीं पड़ रहा है। महुबना से कोआम कड़बिंधा तक सड़क किनारे हरे पेड़ की कटाई धड़ल्ले से जारी है।


तीखा मोड़ के पास हरे आम को किया आग के हवाले।

## अवैध लकड़ी मिल को वन विभाग की टीम ने किया सील

**दुमका।** अवैध लकड़ी मील का संचालन होने की सूचना पर वन प्रमंडल पदाधिकारी सात्विक के निर्देश वन क्षेत्र पदाधिकारी विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में वन विभाग की टीम नोनीहाट बाजार में छापेमारी की। छापेमारी के समय मील चलता हुआ पाया गया। उसके बाद मील को वन विभाग के द्वारा सील किया गया। वन विभाग की टीम मील को सिल कर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है। यहां बता दें कि मील मालिक की मौत हो चुकी है। उसके बाद भी अवैध तरीके से मील का संचालन हो रहा था। सूत्रों की माने तो मील का संचालक मृतक के बेटा राजन साह कर रहा था। जो दुमका में थाना रोड़ में फर्नीचर का दुकान चलाता है। टीम में वन रक्षी बासुकीनाथ चतुर्वेदी, सुमित राजहंस, साकेत कश्यप, तारणी मंडल आदि वनकर्मी शामिल थे।

# झामुमो सरकार झूठ की बुनियाद पर खड़ी है : डॉ लुईस मरांडी

जनसंपर्क अभियान चला वर्तमान हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने की लोगों से की अपील

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मसलिया।** मसलिया पूर्वी क्षेत्र के इश्माला, कुसुमघटा सहित विभिन्न गांवों के दौरा रविवार को पूर्व मंत्री डॉ लुइस मराडी ने की। इस अवसर पर वर्तमान हेमंत सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर बरसी। डॉ लुईस ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चुनावी वादों को याद कराते हुए कहा कि सरकार बनने से पहले विभिन्न जनसभाओं में मुख्यमंत्री के द्वारा किया वादा याद दिला रहे हैं। जो आज तक अधूरा हैं। उनको आद दिलाते हुए डॉ लुईस ने कहा कि यह सरकार किसी कि हितैषी नहीं हैं। झारखंड के कोयला, बालू, पत्थर सहित विभिन्न संपदाओं लुटने आये हैं। आए दिन बहन-बेटियों कि हत्या हो रही हैं। लोग बिजली, पानी, राशन के लिए तरस रहे हैं और सरकार कुम्भकरणी निंद में सोई हुई है। आनेवाली चुनाव में इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ कर फेंकने का आह्वान लोगों से की। यहां बता दें कि पूर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी इन दोनों लगातार मसलिया के विभिन्न गांव का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चला रही हैं। मौके पर पूर्वी मंडल अध्यक्ष सहदेव मरांडी, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश दता, संजय मंडल, अक्षय दास, सुबल यादव, दामोदर राऊत, बेजेल टुडू, रातुल चन्द्र महतो, अनुमति मोहली, जियालाल सोरेन सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


संबोधित करतीं भाजपा नेत्री डॉ लुईस मरांडी।

## वैन के धक्के से बाइक पर सवार तीन घायल, एक गंभीर

**काठीकुंड।** प्रखंड के धनियापहाड़ी के पास काठीकुंड-कड़बिंधा के मुख्य मार्ग में एक बाईक सवार और पिकअप वैन में टक्कर हो गई। जिसमें बाईक में सवार तीन लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए। घायलों की पहचान नूनाडंगल गांव के निवासी 15 वर्षीय मुन्ना कुमार राय, 24 वर्षीय महिला गीता देवी एवं 11 वर्षीय महिला राधा कुमारी है। जिसमे से मुन्ना कुमार राय और राधा कुमारी आंशिक रूप से घायल हुआ। जबकि गीता देवी को सिर में गंभीर चोटे आई और पैर फ्रेक्चर हो गया। जानकारी के अनुसार जब घायल बीच रोड में तड़प रहे थे। उस समय में नारगंज कैंप के जवान संजीव गुप्ता, धीरेंद्र सिंह और राजेंद्र चंदशेखर ने घायलों को उठा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, काठीकुंड में भर्ती कराया। घटना के बाद पिकअप वैन के चालक भागने में सफल रहा। पुलिस वैन जप्त कर थाने लाकर कार्रवाई में जुट गई है।

# गांजा के साथ तीन युवक गिरफ्तार देसी कट्टा और 1.70 लाख बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर पुलिस ने चक्रधरपुर में गांजा की खरीद-बिक्री का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गुप्त सूचना के आधार पर दबोचा है। पकड़े गए लोगों के पास से पुलिस को एक देसी कट्टा, लगभग दो किलो गांजा और एक लाख 70 हजार रुपया नगद बरामद किया है। जिन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, उनमें से दो पहले भी चोरी-छिनतई के आरोप में जेल जा चुके हैं। गिरफ्तार किये गए युवकों में चक्रधरपुर कुम्भा टोली निवासी गंझू मुंडा, गैंगखोली निवासी सूरज बानरा और सागर राम शामिल हैं। यह जानकारी रविवार को चक्रधरपुर थाना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पोड़ाहाट डीएसपी कपिल चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि एसपी आशुतोष शेखर को गुप्त सूचना मिली थी की कुछ अपराधी किस्म के लोग हथियार लेकर मादक पदार्थ बेचने के लिए चक्रधरपुर के गैंग खोली में घूम रहे हैं।
सूचना पर शनिवार रात को डीएसपी कपिल चौधरी के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन कर गैंगखोली में धावा बोला गया। छापामारी में पुलिस ने गंझू मुंडा और सूरज बानरा को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से एक किलो 856 ग्राम गांजा और एक लाख 70 हजार रुपए नगद रुपए बरामद किया है। इसके अलावे इनकी निशानदेही पर सागर राम को पुलिस ने बाद में गिरफ्तार किया। जिसके पास से देसी कट्टा बरामद किया गया। बताया की दोनों ब्राउन सुगर का भी धंधा करते थे। ब्राउन सुगर के धंधे से कमाई गई एक लाख 70 हजार रुपए को पुलिस ने जब्त किया है। संवाददाता सम्मेलन में थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार आदि पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।



## पंडित रघुनाथ मुर्मू पुस्तकालय सह अध्ययन केंद्र का हुआ शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामा।** प्रखंड अंतर्गत छैलापाथर पंचायत के नवाडीह गांव में रविवार को पंडित रघुनाथ मुर्मू पुस्तकालय सह अध्ययन केंद्र का उद्घाटन समारोह आयोजित हुई। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि इंग्लैंड में रहने वाले डॉ धूनी सोरेन ने पुस्तकालय के महत्व को बताते हुए कहा कि राज्य के प्रत्येक गांव में एक सामुदायिक पुस्तकालय का होना जरूरी है। जिससे की हमारे आने वाली पीढ़ी शिक्षा से जुड़ सके और पुस्तकालय के महत्व को जान सके। इसके साथ लाईब्रेरी मैन संजय कच्छप जो मन की बात में पीएम मोदी ने भी संजय कच्छप के कार्यो को सराहा। अब इस मुहिम को गांव के युवा के साथ और मजबूती के साथ मिलकर मिशन को ले जाना है। इसके बाद उपसमाहर्ता विनय मनीष आर लकड़ा ने भी पुस्तकालय के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि पुस्तकालय के महत्व समझना चाहिए और अपने बच्चो को शिक्षा से जुड़ाव की दिशा में काम करना चाहिये। जिससे हमारे आने वाले पीढ़ी इससे वंचित नहीं हो और हमारा समाज विकास की ओर अग्रसर हो। अमिताभ बच्चन सोरेन और डॉ हनीफ अंसारी ने भी पुस्तकालय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किस तरह से पुस्तकालय के संचालन किया जाये और इससे लाभ लिया जा सके। उद्घाटन समारोह में ग्रामीण महेश चंद्र मुर्मू, प्रेमलाल मुर्मू, चरण मुर्मू, सेवेन मुर्मू, राकेश सोरेन, रोहित मुर्मू, सूर्यदेव हेंब्रम, राजू हेंब्रम, सुभाष मुर्मू, अंकित मुर्मू, परमेशल हांसदा, मनोहर मुर्म आदि उपस्थित थे।

# पुल के नीचे गिरी कार, एक की मौत, तीन घायल

### मृत चालक व गाड़ी के मालिक की बिहार के रजौन निवासी प्रीतम के रूप में हुई शिनाख्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बासुकिनाथ।** बासुकीनाथ नोनीहाट मुख्य सड़क मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार संतुलन खो कर मोतीहारा नदी में जा गिरी। जिसमें कार के परखच्चे निकल गए। इस दुर्घटना में ड्राइवर की मौत हो गई। अन्य दो गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी बिहार के रहने वाले है। घटना रविवार की अहले सुबह की है। मृतक की पहचान बिहार के रजौन थाना क्षेत्र के महगामा गांव निवासी चालक सह वाहन मालिक 35 वर्षीय प्रीतम कुमार, पिता उपेंद्र मंडल है। जानकारी के अनुसार सभी बासुकीनाथ पूजा करने आ रहे थे। जब वे नोनीहाट-बासुकीनाथ पथ की आरे से गुजर रहे थे। तभी तेज गति कार पर से चालक नियंत्रण खो दिया और कार मोतिहारा नदी में पुल के नीचे जा गिरी। घायलों में राजीव मंडल एवं पवन कुमार है। सूचना पर जरमुंडी थाना पुलिस के एसआई बिरेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंच घायलों को उपचार के लिए सीएचसी जरमुंडी भेजा। जहां घायलों की स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। पुलिस की माने तो मृतक के परिजनों से संपर्क किया गया तो परिजनों ने बताया कि कार पर सवार होकर चार लोग घर से बासुकीनाथ पूजा करने निकले थे। जिसमें कार मालिक सह चालक प्रीतम कुमार, राजीव उर्फ राजू मंडल, नितीश कुमार एवं पवन कुमार सवार था। हादसे के बाद घायल राजीव उर्फ राजू एवं पवन ही मिला, तीसरा नितीश का कुछ पता नहीं चला। पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया गया। मामले में थाना प्रभारी दयानंद साह ने बताया कि मृतक वाहन मालिक सह चालक प्रीतम कुमार है। घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए भेजा गया। जिसमें नितीश को स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए बिहार के भागलपुर भेज दिया। वहीं राजीव और पवन को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। नितीश की खोजबीन करने पर पता चला कि भागलपुर में इलाजरत है। वह खतरे से बाहर है। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई है।



दुर्घटनाग्रस्त वाहन व इलाजरत घायल।

## तेली समाज को संगठित होने की जरूरत : योगेंद्र



**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में दिन सोमवार को राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के बैनर तले होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष पुरुषोतम प्रसाद की अध्यक्षता में किया गया। वहीं मंचासीन अतिथियों ने भामाशाह एवं कर्मा माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। मौके पर सभा को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र प्रसाद साहू ने कहा कि तेली समाज को संगठित होने की जरूरत है। तभी हमारा समाज आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में हमारी सरकार हैं। इसके बावजूद सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। लेकिन हमलोग को सरकार छलने का कार्य कर रही हैं। हमलोग ईमानदारी पूर्वक तराजू बाटखारा से कमाने वाले लोग हैं परंतु हमारा समाज को कुछ नहीं मिल पाया। हमारी जाती तमाम पार्टी का वोट बैंक मात्र है,अपने सरकार मे ही खुश नहीं हैं। रघुबर दास की सरकार में पदाधिकारियों में पकड़ अच्छी थी। मौके पर पलामू प्रमंडलीय अध्यक्ष रामदास साहू ने कहा कि तेली समाज के लोग कई टुकड़े मे बटे हुए हैं। लोग अपना अपना गुट बना कर बैठे हैं। सबसे पहले समाज मे गुटबाजी खतम करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश स्तर पर भी हमारा समाज दो तीन भाग में विभक्त है।उन्होंने योगेंद्र साहू से रांची में समाज की बैठक सभी गुटों के साथ बैठक कर एक मंच पर लाने पहल करने का आग्रह किया।

## अहीर रेजिमेंट की आवाज को बुलंद कर रहे हैं युवा

**जामा।** दुमका भागलपुर मुख्य मार्ग स्थित जामा प्रखंड के बैसा चौक पर अहीर रेजिमेंट हक हमारा का बोर्ड रविवार को लगाया गया। श्री कृष्ण समाज के द्वारा ये बोर्ड लगाया गया। अदिति यादव के द्वारा सभी जगह घूम-घूम कर बोर्ड लगवाया जा रहा है। अदिति ने कहा हमलोग किसी से कम नहीं फिर भी हमलोगों को सम्मान और हक नहीं दिया जा रहा है। श्री कृष्ण के वंशज यदुवंशी देशभर में विगत कई वर्षों से ही अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग करते आ रहे हैं। समाज के युवा का देश के प्रति बहुत ही प्रेम है। देश के सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर हैं। देश की आजादी एवं आजादी के बाद वीर अहीर युवाओं ने देश की सुरक्षा के लिए अनगिनत जाने गंवाई है।

# हिजला मेले में नुक्कड़ नाटक व लोकगीत से चलाया गया स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव में सिदो कान्हू मुर्मू कला मंच पर पेयजल स्वच्छता विभाग द्वारा जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन चरण-पप से संबंधित नुक्कड़ नाटक एवं लोक गीत कार्यक्रम किया गया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस 2 के तहत सूखा कचरा प्रबंधन के लिए नाडेप एवं वर्मी कंपोस्ट का निर्माण कराना एवं तरल कचरा प्रबंधन के लिए सोख्ता गड्ढा का निर्माण कराने के लिए जोर दिया गया। जल जीवन मिशन के तहत जल गुणवत्ता निगरानी एवं अनुश्रवण, जल जीवन मिशन योजना को सफल बनाने को लेकर उनके पंचायत अंतर्गत होने वाले कार्यों में रुचि लेने को कहा गया। जिससे कि कार्य गुणवत्तापूर्ण हो सके। उन्होंने बताया कि प्रखंड के सभी जल सहिया को जल जांच कीट दिया गया है। जिसके माध्यम से अपने पंचायत अंतर्गत गांव के पेयजल स्त्रोतों का जल जांच कराकर ही पेयजल का उपयोग करें। जल जीवन मिशन के उद्देश्य 2024 तक जिले के सभी घरों में कार्यरत घरेलू नल कनेक्शन पहुंचाने का लक्ष्य एवं विशेषकर 15 वें वित्त आयोग की राशि टाइड फंड से क्रियान्वित की जाने वाले पेयजल की योजनाओं के लिए सरकार द्वारा दिए गए दिशा निर्देश पर चर्चा की गई। साथ ही ग्राम कार्य योजना, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के कार्य एवं जिम्मेवारीयो, जलकर राशि का संग्रह कैसे करना है। वर्षा जल संरक्षण, जलापूर्ति योजनाओं का रख-रखाव एवं विभाग अंतर्गत क्रियान्वयन किए जा रहे कार्यों में पंचायत प्रतिनिधियों की सहभागिता क्या होगी एवं उनकी जिम्मेदारियों के साथ-साथ संबंधित विभागों के साथ अभिश्रण कर जल जीवन मिशन अंतर्गत कैसे कार्य किया जाना है, की जानकारी दी गई।

**हिजला मेला में कवि सम्मेलन का आयोजन :** दुमका। राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव में सिदो-कान्हू कला मंच पर कवि सम्मेलन का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि उप परिवहन आयुक्त सह सचिव क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार संथाल परगना जुगनु मिंज रहे। कवि सम्मेलन में डॉ रामरवन चौधरी, कमलाकांत सिन्हा, शंभूनाथ मिस्त्री, अरुण सिन्हा, मो. हनीफ, अमरेन्द्र सिन्हा, वंदना श्रीवास्तव, डॉ रामचन्द्र राय, चुण्डा सोरेन ह्यसिपाहीह्ल, होलिका मरांडी, डॉ शिवचरण उत्पल, किरण कुमारी हाँसदाक, अंजनी शरण, अशोक सिंह, साईमन हांसदाक, संतोष हेम्ब्रम, शिवलाल मरांडी बेचारा, शुभ्रासंतोषी मुर्मू, नाजीर हेम्ब्रम, धर्मेंजय हेम्ब्रम, सिद्धौर हासदा, नारायण यादव, केशव सिन्हा, दुर्गेश चौधरी, चतुर्भुज नारायण मिश्र एवं विद्यापति झा ने अपनी मंतव्य रखा। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संयोजक के रूप में होड़ सोम्बाद के संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही रहे। सभी कवि को उप परिवहन आयुक्त सह सचिव द्वारा शॉल देकर सम्मानित किया।

## मेले में खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

दुमका। रविवार को हिजला मेला में बालकों के खो-खो प्रतियोगिता के अंतर्गत कुल 3 मैच खेले गए। पहले मैच में डंगालपाड़ा दुमका की टीम ने कार्मेल स्कूल खिजुरिया को 17 पॉइंट के अंतर से परास्त कर अगले चक्र में प्रवेश किया। दूसरे मैच में मधुपुर एवं जामताड़ा की टीम के बीच जबरदस्त मुकाबला खेला गया। निर्धारित समय तक दोनों टीमों को 9-9 पॉइंट प्राप्त हो सके। तीसरे मैच में शास्वीशसी टीम ने 2 प्वाइंट के अंतर से कारमेल स्कूल खजुरिया टीम को परास्त कर अगले चक्र में प्रवेश किया।


विजेता को सम्मानित करते झामुमो के केंद्रीय महासचिव विजय सिंह।

# महिला टी20 विश्व कप : ऑस्ट्रेलिया छठी बार बना विश्व चैंपियन

## ऑस्ट्रेलिया की खिताबी हैट्रिक, फाइनल में साउथ अफ्रीका को 19 रन से हराया



एजेंसी

**केप टाउन।** ऑस्ट्रेलिया ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप की खिताबी हैट्रिक बना ली है। केप टाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर खेले गए फाइनल में टीम ने साउथ अफ्रीका को 20 रन से हराया। इसके साथ ऑस्ट्रेलिया ने छठी बार टूर्नामेंट की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। ऑस्ट्रेलियाई ओपनर बेथ मूनी पहले से आखिरी ओवर तक बैटिंग की और सबसे ज्यादा नाबाद 79 रन बनाए।

### कम पड़ गये वॉल्वार्ट के रन

टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 156 रन बनाए। टीम की ओर से बेथ मूनी ने 79 रन की नाबाद पारी खेली। 157 रन के टारगेट के सामने साउथ अफ्रीका की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 137 रन ही बना सकी। ओपनर लौरा वॉल्वार्ट ने 61 रन की पारी खेली। लेकिन, अपनी टीम को जीत नहीं दिला सकीं।

### ऑस्ट्रेलिया की कसी हुई गेंदबाजी

ऑस्ट्रेलिया से मीगन शट, एश्ले गार्डनर, डार्सी ब्राउन और जेस जोनासेन ने 1-1 विकेट लिया। चारों ही बॉलर्स ने 6 से 7 रन प्रति ओवर के बीच ही रन दिए। 2 बैटर्स रन आउट हुईं। साउथ अफ्रीका से लौरा वॉल्वार्ट के अलावा ताजमिन ब्रिट्स ने 10, मारियन कैप ने 11, सुने लुस ने 2, क्लो ट्रायॉन ने 25 और एनेके बोस ने 1 रन बनाया। नदीन डी क्लर्क 8 और सिनालो जाफ्ता एक रन के स्कोर पर नाबाद रहीं।




### इतिहास की टॉप बॉलर बनीं शबनिम इस्माइल

साउथ अफ्रीका की शबनिम इस्माइल ने फाइनल में 2 विकेट लिए। इसके साथ ही वह विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं। उनके 32 मैचों में 43 विकेट हो गए। उन्होंने इंग्लैंड की आन्या श्रब्सोल का रिकॉर्ड तोड़ा। जिन्होंने 27 मैचों में 41 विकेट लिए हैं।

### बेथ मूनी को मिला मैन ऑफ द मैच

पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया की ओपनर बेथ मूनी ने 79 रन की नाबाद पारी खेली। साउथ अफ्रीका से मारियन कैप और शबनिम इस्माइल ने 2-2 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की बाकी बैटर्स में ओपनर एलिसा हीली 18, एश्ले गार्डनर 29, एलिस पेरी 7, जॉर्जिया वेयरहैम शून्य, ग्रेस हैरिस और कप्तान मेग लेनिंग 10-10 रन बनाकर आउट हुईं। ताहलिया मैक्ग्रा एक रन बनाकर नाबाद रहीं। साउथ अफ्रीका से नॉनकुलुलेको म्लाबा और क्लो ट्रायॉन ने भी एक-एक विकेट लिया।

### 4 ओवर में 4 नये गेंदबाज

साउथ अफ्रीका ने पावरप्ले के शुरूआती 4 ओवरों में 4 अलग-अलग गेंदबाजों का इस्तेमाल किया। लेफ्ट आर्म स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा ने पहला ओवर फेंका। वहीं, तेज गेंदबाज शबनिम इस्माइल, मारियन कैप और आयाबोंगा खाका ने दूसरा, तीसरा और चौथा ओवर फेंका। शुरूआती 3 बॉलर्स ने 6-6 रन दिए। वहीं, खाका के ओवर में 7 रन बने। पारी के 5वें ओवर में 11 रन बने और हीली का विकेट गिरा तो वहीं इस्माइल ने पावरप्ले का आखिरी ओवर मेडन फेंका।

## मेग लैनिंग ने रचा इतिहास, मैदान पर उतरते ही बनाया 'शतक', धोनी, विराट और पोंटिंग सब फेल




**कैपटाउन।** आईसीसी महिला टी20 विश्व कप का फाइनल मैच ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की कप्तान मेग लैनिंग जैसे ही टॉस के लिए मैदान पर उतरी उनके नाम एक ऐसा रिकॉर्ड दर्ज हो गया जिसके आगे दुनिया के दिग्गज दिग्गज कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, विराट कोहली और रिकी पोंटिंग जैसे धाकड़ भी नहीं ठहरते हैं। दरअसल मेग लैनिंग का टी20 क्रिकेट में कप्तान के तौर पर यह 100वां मैच था। इस तरह उन्होंने कप्तान के तौर टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने का एक खास शतक अपने नाम कर लिया है। लैनिंग दुनिया की एकमात्र ऐसी क्रिकेटर हो गई हैं जिन्होंने कप्तानी में यह कारनामा किया है। महिला और पुरुष क्रिकेटरों में कोई भी इससे पहले अपनी टीम के लिए 100 मैचों में कप्तानी कर सका है। ऐसे में लैनिंग की कोशिश होगी कि अपने 100वें मैच की कप्तानी वह ऑस्ट्रेलिया को छठा बार टी20 विश्व चैंपियन बनाए। मेग लैनिंग ऑस्ट्रेलिया के लिए अब तक 132 टी20 इंटरनेशनल मैच खेल चुकी हैं। इस दौरान उन्होंने 3360 रन बनाए हैं। टी 20 में उनका स्ट्राइक रेट 115.86 का रहा है। इस फॉर्मेट में उनके नाम दो शतक और 15 अर्धशतक भी दर्ज है। टी20 के अलावा लैनिंग ऑस्ट्रेलिया के लिए 104 वनडे मैच भी खेल चुकी हैं। वनडे क्रिकेट में उन्होंने 53.51 की औसत से 4602 रन बनाए हैं। वनडे क्रिकेट में उन्होंने 15 शतक 21 अर्धशतक लगा चुकी हैं।

## नेवेल्स ओल्ड बॉयज से जुड़ सकते हैं मेसी

जनवरी में फुटबॉल ट्रांसफर विंडो के बंद होने के बाद अगली ट्रांसफर विंडो में होने वाले बदलावों के बारे में बातें होनी शुरू हो गई हैं। अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी और फ्रेंच क्लब पीएसजी से खेलने वाले लियोनेल मेसी अगली ट्रांसफर विंडो में अपने बचपन के क्लब नेवेल्स ओल्ड बॉयज से जुड़ सकते हैं। इस बात का खुलासा सर्जियो एगुएरो ने किया है। सर्जियो मेसी के साथ अर्जेंटीना से खेल चुके हैं। सर्जियो ने बताया कि मेसी ने उनके साथ बात करते हुए ये खुलासा किया है। मेसी ने साल 1995 से 2000 तक अपने यूथ करियर के दौरान अर्जेंटीना के क्लब नेवेल्स की जूनियर टीम से खेला था। उस समय वे केवल 8 साल के थे। साथ ही, मेसी के ट्रांसफर को लेकर ये भी कहा जा रहा था कि वे एक बार फिर बार्सिलोना से जुड़ सकते हैं, लेकिन रिपोर्ट्स के अनुसार मेसी बार्सिलोना द्वारा किए जा रहे फोन नहीं उठा रहे हैं।

## कंगाल पाकिस्तान में अब ये भी...

**कराची।** पाकिस्तान सुपर लीग 2023 में अब तक कुल 13 मैच खेले जा चुके हैं। टूर्नामेंट अपने पूरे रोमांच पर है लेकिन इस बीच कई तरह की ऐसी खबरें सामने जिसके कारण इसके आयोजन पर खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। एक तरफ जहां मुल्तान, रावलपिंडी और लाहौर की जगह सभी मैचों को कराची में कराए जाने की मांग हो रही है तो दूसरी ओर मैच देखने आने वाले फैंस ने नया बखेड़ा खड़ा शुरू कर दिया है। दरअसल पीएसएल मैच के दौरान फैंस बड़ी संख्या में स्टेडियम के कीमती सामान को उड़ा कर अपने घर ले जा रहे हैं। पाकिस्तान सुपर लीग के मैच को देखने आने वाले दर्शक स्टेडियम से सामान को चोरी कर अपने घर ले जा रहे हैं।

## हीली ने भारत के जले पर छिड़का नमक

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम महिला टी20 विश्वकप 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ केपटाउन में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में महज 5 रन से हार गई। जिसके चलते एक बार फिर भारतीय टीम आईसीसी का खिताब अपने नाम करने से चूक गई। वहीं मैच के दौरान टीम इंडिया की कप्तान हरमनप्रीत कौर अजीबोगरीब तरीके से रन आउट हुई। जोकि मैच का टर्निंग पॉइंट भी रहा। अब इस रन आउट को लेकर बवाल मचा हुआ है। हरमन ने मैच के बाद कहा था कि वह अनलकी रहीं जिस तरह से वह रन आउट हुई। लेकिन ऑस्ट्रेलिया टीम की विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली को ऐसा बिल्कुल नहीं लगता। उन्होंने इस पूरे रन आउट में हरमनप्रीत को ही जिम्मेदार ठहराया है।

## न्यूजीलैंड पर मंडराया शर्मनाक हार का खतरा



एजेंसी

**वेलिंगटन।** इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच वेलिंगटन में खेला जा रहा दूसरा टेस्ट मैच रोमांचक हो चुका है। खेल के तीसरे दिन न्यूजीलैंड के लिए टिम साउदी ने 49 गेंद 73 रनों की ताबड़तोड़ पारी लेकिन इसके बावजूद उनकी फॉलोऑन को नहीं बचा सकी। इंग्लैंड के आठ विकेट पर 435 रन के जवाब में न्यूजीलैंड की पहली पारी में 209 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड के पास 226 रन की बढ़त थी और टीम ने न्यूजीलैंड को फॉलोऑन दिया। स्टंप उखड़ते समय न्यूजीलैंड इंग्लैंड से 24 रन पीछे है और उसके सात विकेट बचे हुए है। पूर्व कप्तान केन विलियमसन 25 और हेनरी निकोल्स 18 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। न्यूजीलैंड ने दिन की शुरूआत पहली पारी में सात विकेट पर 138 रन से की। साउदी ने कल के नाबाद बल्लेबाज टॉम ब्लंडेल (38) के साथ आठवें विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी कर टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचाया। उन्होंने 49 गेंद की पारी में पांच चौके और छह छक्के जड़े।तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने इस साझेदारी को तोड़ने के बाद बाकी के दोनों विकेट चटकाकर न्यूजीलैंड की पहली पारी को समेट दिया। फॉलोऑन मिलने के बाद टॉम लाथम (83) और डेवोन कॉन्वे (61) ने दूसरी पारी में पहले विकेट लिए 149 रन की साझेदारी कर न्यूजीलैंड को शानदार शुरूआत दिलाई। लाथम ने 124 गेंद में अपना 26वां अर्धशतक पूरा किया। वह इस दौरान अपना 45वां रन पूरा करते ही टेस्ट में 5000 रन का आंकड़ा छूने वाले न्यूजीलैंड के सातवें खिलाड़ी बने।

## दिल्ली कैपिटल्स के लिए एक और आफत



**नयी दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 की शुरूआत 31 मार्च से होने वाली है। टीम के कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत इस सीजन में नहीं खेल पाएंगे। पंत पिछले साल दिसंबर के अंत में कार एक्सीडेंट में बुरी तरह से चोटिल हो गए थे। ऐसे में नए सीजन से पहले ऑस्ट्रेलिया के ओपनर बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को टीम का नया कप्तान बनाया गया है। हालांकि इसके बावजूद टीम के लिए मुश्किल कम होने का नाम नहीं ले रही है। दरअसल नए सीजन के शुरू होने से पहले दिल्ली के एक और खिलाड़ी के चोटिल होने की खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक विकेटकीपर बल्लेबाज सरफराज खान को उंगली में चोट लगी है। सरफराज हाल के दिनों में अपने प्रंचड फॉर्म नजर आए हैं और वह ईरानी कप में रेस्ट ऑफ इंडिया की तरफ से खेलने वाले थे लेकिन चोट के कारण वह अब इस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले रहे हैं।

**कितनी गंभीर है सरफराज की चोट:** आइपीएल 2023 के आगामी सीजन में माना जा रहा है कि सरफराज खान दिल्ली कैपिटल्स के लिए विकेटकीपिंग की भूमिका में नजर आएंगे। हालांकि ईरानी कप से पहले लगी उंगली में चोट के कारण उन्हें करीब 12 से 15 दिन के लिए आराम करने को कहा गया है। ऐसे में फ्रेंचाइजी को अधिक चिंता करने की जरूरत नहीं होना चाहिए। वहीं दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने नए सीजन की तैयारियों के लिए अपने ट्रेनिंग कैंप की शुरूआत करें।

## राहुल विवाद पर रवि शास्त्री की खरी-खरी उठाये वाजिब सवाल

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री घरेलू श्रृंखला में किसी भी प्लेयर को उप-कप्तान बनाने के खिलाफ हैं। रवि शास्त्री का मानना है कि ऐसे खिलाड़ी के लय में नहीं होने के कारण सर्वश्रेष्ठ एकादश के चयन में परेशानी होती है। शास्त्री ने यह भी संकेत दिया कि शुभमन गिल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाकी बचे दो टेस्ट में लोकेश राहुल की जगह अंतिम एकादश में शामिल किया जाना चाहिए। राहुल के लंबे समय से लय में नहीं है। इस सलामी बल्लेबाज ने अपनी पिछली सात पारियों में 22, 23, 10, दो, 20, 17 और एक रन का स्कोर बनाया है। इसके उलट गिल सभी प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन के बावजूद टेस्ट टीम में जगह मिलने का इंतजार कर रहे है।

## विश्व कप जीतना है तो बदलो कोच और कप्तान : हरभजन सिंह



**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज स्पिन गेंदबाज हरभजन सिंह ने कोचिंग और कप्तानी को लेकर टीम में एक बड़े बदलाव की वकालत की है। हरभजन का मानना है कि टीम इंडिया में अब अलग-अलग फॉर्मेट के लिए अलग कप्तान और कोच की नियुक्ति होनी चाहिए। हालांकि इस मुद्दे पर पहले से ही विमर्श हो रहा है। वहीं कप्तानी और कोचिंग प्रणाली में बदलाव को लेकर हरभजन सिंह जैसे क्रिकेटर भी इसका समर्थन कर रहे हैं। दरअसल कोच और कप्तान को लेकर यह मांग अभी से नहीं चल रही है।

## पुल से कार नदी में गिरी, एक की मौत

**बांका।** बांका से रविवार को बासुकीनाथ जाने के क्रम में जरमुंडी (झारखंड) के पास तेज रफ्तार एक कार पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नदी में जा गिरी। इस भीषण हादसे में कार सवार एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई जबकि 3 लोगों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों को भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर किया गया है। शराब के नशे में वाहन चलाने के करण यह हादसा हुआ। कार सवार चार युवक कार से पूजा करने के लिए बासुकीनाथ जा रहे थे।

## तमिलनाडु में जमुई के युवक की मौत

**जमुई।** तमिलनाडु के दासनपुर मजदूरी करने गए सिकंदरा के एक युवक का उसके कमरे में फांसी के फंदे से शव लटका पड़ा मिला। जिससे वहां रह रहे बिहारी मजदूरों में दहशत का माहौल है। मृतक युवक की पहचान सिकंदरा प्रखंड मुख्यालय स्थित वार्ड नंबर 12 रविदास टोला निवासी कृष्ण दास के 18 वर्षीय पुत्र मोनू कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सिकंदरा निवासी कृष्ण दास के दो पुत्र तुलसी कुमार और सोनू कुमार पिछले 5 वर्षों से तमिलनाडु के दासनपुर रह कर एक निजी कंपनी में मजदूरी कम कर रहा है। और 3 माह पूर्व तुलसी कुमार के सांझले भाई मोनू कुमार भी तमिलनाडु के दासनपुर गया था।

## खगड़िया में चोरों ने की वृद्ध की पीटकर हत्या

**खगड़िया।** खगड़िया में एक ज्वेलरी शॉप में चोरी करने आए चोरों ने वृद्ध की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इससे आक्रोशित लोगों ने रविवार की सुबह महेशखूंट चौक के पास महेशखूंट-अगुवानी मुख्य पथ को जाम कर दिया और बवाल काटने लगे। इस दौरान दो घंटे तक लोगों ने सड़क जाम रखा और पुलिस प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। बाद में पहुंचे अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया।

## एकदूजे की हुई पायल-अनिशा : बक्सर में कोर्ट में दो लड़कियों ने की शादी, मंदिर में लिये सात फेरे

**बक्सर।** बक्सर में ऑर्केस्ट्रा में डांस करते-करते दो लड़कियों के बीच प्यार हुआ। प्यार ऐसा परवान चढ़ा कि दोनों ने कोर्ट में जाकर शादी कर ली। और जीवन भर के लिए एकदूजे की हो गईं। लड़कियों का कहना है कि हमदोनों एक-दूसरे को पसंद करते हैं और एकसाथ में बहुत खुश हैं। सुपौल की अनिशा और अररिया की पायल ने समलैंगिक होने का दावा करते हुए शनिवार को कोर्ट मैरिज की है। इसके बाद डुमरांव के डुमरेजनी मंदिर में हिंदू रीति-रिवाजों से सात फेरे लेकर अपनी शादी को सामाजिक मान्यता भी दी। मामला कोरानसराय का है। इस समलैंगिक शादी की चर्चा पूरे इलाके में हो रही है। कोरान सराय की पुलिस भी मामले की जांच के लिए पहुंची। जहां दोनों लड़कियों के बालिग होने की पुष्टि के बाद पुलिस वापस लौट गई।

# मुख्य आरोपी विजय यादव गिरफ्तार

**मुबारकपुर हत्याकांड**

➲ मांझी थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव में मुखियापति विजय यादव एवं उनके समर्थकों ने तीन युवकों को पॉल्ट्री फार्म में बंद कर पीटा था

एजेंसी

**छपरा।** बिहार में छपरा के मांझी मुबारकपुर हत्याकांड में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। एसआईटी की टीम ने मुख्य आरोपी मुखिया प्रतिनिधि विजय यादव को गिरफ्तार कर लिया। विजय यादव की गिरफ्तारी सिताबदियारा इलाके से हुई है। सारण के एसपी गौरव मंगला ने इसकी पुष्टि की है। घटना के बाद से मुख्य आरोपी विजय यादव फरार चल रहा था। इस घटना में दो लोगों की पीट पीट कर हत्या कर दी गई थी, जबकि एक घायल है। इस मामले में अन्य आरोपियों को पुलिस ने पहले गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन मुख्य आरोपी विजय यादव पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। अब विजय यादव को छपरा की एसआईटी ने गिरफ्तार कर लिया है।

### मुबारकपुर कांड के बाद इलाके में तनाव की स्थिति



मुबारकपुर कांड के बाद इलाके में जातीय तनाव चरम पर पहुंच गया था। एकमा और मांझी में प्रशासन ने कर्फ्यू से लगाया था। इंटरनेट को भी कुछ दिनों के लिए बंद किया गया था। इस मामले में मुखिया प्रतिनिधि विजय यादव पर तीन युवकों की जबरन पिटाई का आरोप लगा था। विजय यादव ने मुर्गी फॉर्म में बांधकर तीन युवकों की जमकर पिटाई की थी। पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

### दो युवकों की मौत से पूरे इलाके में था तनाव

इस पिटाई से एक युवक अमितेश कुमार की छपरा में मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक राहुल कुमार सिंह की पटना में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पिटाई की घटना के बाद से ही इलाके में तनाव था। सारण जिले के मांझी थाना अंतर्गत ग्राम मुबारकपुर हत्या कांड में सात लोगों को आरोपी बनाया गया है। इसमें एसआईटी ने मुखिया विजय यादव के भाई अजय यादव को सिवान जिला अंतर्गत स्थित भागड़ दियारा से 12 फरवरी को गिरफ्तार किया था।

## सीवान : वार्ड पार्षद की गोली मारकर हत्या

**सीवान।** सीवान में शनिवार की देर रात वार्ड पार्षद की अपराधियों ने हत्या कर दी। शादी समारोह से पैदल घर लौटने के दौरान दरवाजे से कुछ ही दूरी पर अपराधियों ने वार्ड पार्षद नईम अशरफ (40) को गोली मार दी। घटना को अंजाम देकर अपराधी मौके से फरार हो गए। घटना हसनपुरा थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव की है। मृतक हसनपुरा के जलालपुर गांव के स्वर्गीय मकबूल हसन का 40 वर्षीय पुत्र नईम अशरफ थे। वह हसनपुरा नगर पंचायत के वार्ड 17 के पार्षद थे। इस संबंध में सीवान एसपी शैलेश कुमार सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि हत्या का कारण पूर्व से चल रहा जमीनी विवाद है। अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## टैंकर पलटते ही मची पेट्रोल की लूट पुलिस की भी नहीं सुन रहे थे लोग

**मुजफ्फरपुर।** रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को मुजफ्फरपुर के सर्फुद्दीनपुर गणेश लाइन होटल के पास हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़ी भारत पेट्रोलियम की लोडेड टैंकर में तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दूर तक आवाज सुनाई दी। ट्रक के परखच्चे उड़ गए और भारत पेट्रोलियम की टैंकर पलट गई। इसी बीच एक अखबार हॉकर भी उसी रास्ते से गुजर रहा था, वो भी ट्रक की चपेट में आकर घायल हो गए। उसकी पहचान स्थानीय गौरीकांत के रूप में हुई। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। आसपास के गांव से लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। ए

## डिफ्यूज करने के दौरान बम विस्फोट 5 पुलिसकर्मी घायल

**गया।** बिहार के गया शहर में एक बड़ी घटना हुई है। जहां बम डिफ्यूज करने के दौरान अचानक से विस्फोटक हो गया। जिस कारण पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। आनन-फानन में शहर के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस संबंध में सीटी एसपी अशोक प्रसाद ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कोतवाली थाना क्षेत्र के किरानी घाट मोहल्ला के पास नदी किनारे बम रखा गया हैं। जिसके बाद बीएमपी के बम स्क्वॉयड के जवान और कोतवाली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। जहां कुल 6 बम रखा हुआ पाया गया। बमों को डिफ्यूज करने के दौरान विस्फोट हो गया। जिस कारण पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि डॉग स्क्वायड के अर्जुन कुमार पंडित और शिव प्रसाद पासवान गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावा कोतवाली थाने के विद्या प्रसाद, यादव प्रमोद कुमार और दिलीप कुमार पुलिसकर्मी घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल पुलिसकर्मियों को शहर के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामूली रूप से घायल पुलिसकर्मियों का इलाज शहर के जयप्रकाश नारायण अस्पताल में कराया गया। उन्होंने कहा कि उक्त स्थल पर बम किसके द्वारा रखा गया और इसके पीछे क्या मंशा थी। इसकी पूरी छानबीन की जा रही है।

## पेज 1 का शेष...

### यूपीए ने बनायी विपक्ष की धार कुंद ....

इस बजट सत्र में भी झारखंड को बगैर नेता प्रतिपक्ष के कार्यवाही पूरी करनी होगी।

**यूपीए नेता बोले हम तैयार हैं :** सीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और मिथिलेश ठाकुर ने मीडिया से बात की और कहा कि बजट सत्र को लेकर सरकार पूरी तरह तैयार है। सत्ताधारी दल के नेताओं ने कहा कि बजट सत्र में सरकार हर माननीय विधायकों के सवाल का ठोस जवाब देगी। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि इस वर्ष का बजट, झारखंड के सवा तीन करोड़ लोगों के आकांक्षा के अनुरूप होगा। वहीं पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री ने इशारा किया कि इसी बजट सत्र में नयी नियोजन नीति सरकार सदन में लायेगी।

**संसदीय कार्यमंत्री का विपक्ष से आग्रह :** संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने बैठक के बाद कहा कि विपक्ष से आग्रह है कि वह सदन को बढ़िया से चलने दें ताकि जनता के मुद्दे सदन में उठ सके और उसका समाधान हो। उन्होंने कहा कि विधानसभा में सरकार आश्वासन देती है, कई बार वह लंबित रह जाता है। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा है कि बजट सत्र के दौरान अपने आचरण को मर्यादित बनाये रखने की अपील की। वहीं कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के विधायक प्रतिनिधि की हत्या के बाद पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और विधायक द्वारा लगाये गए आरोप पर आलमगीर ने चुप्पी साध ली। बन्ना गुप्ता ने कहा इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री खुद गंभीर हैं और हत्यारे शीघ्र गिरफ्त में होंगे।

**तैयारी पूरी, सुरक्षा कड़ी :** बजट सत्र को लेकर स्पीकर ने तमाम तैयारी पूरी करने का दावा किया है। सुरक्षा को लेकर बिरसा मुंडा राजपथ व कूटे इलाके में दंडाधिकारियों के नेतृत्व में आवश्यक सुरक्षा बल तैनात किया गया है। पूरे परिसर में चार लेयर की सुरक्षा चक्र की व्यस्था की गयी है। 500 जवानों की तैनाती के अलावा 20 इंस्पेक्टर और 10 डीएसपी रैंक के अधिकारी भी सुरक्षा में तैनात रहेंगे। विधानसभा के आस-पास कई जगहों पर बैरिकेडिंग की भी व्यवस्था की गयी है।

### कड़ी सुरक्षा के बीच आज रामगढ़ में.....

वोटिंग कराने के लिए महिला पोलिंग पार्टी में भी काफी उत्साह दिखा। मतदान प्रातः 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक लेगा। 233 भवनों में 405 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। इनमें रामगढ़ प्रखंड में 118, दुलमी प्रखंड में 64, चितरपुर प्रखंड में 70 एवं गोला प्रखंड में 153 मतदान केंद्र बनाए गए है। कुल 55 सेक्टर एवं 10 क्लस्टर बनाये गये हैं। स्ट्रॉग रूम एवं काउंटिंग हॉल रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में बनाया गया है।

**प्रतिबंध में कुछ छूट भी :** रामगढ़ एसडीओ ने जारी आदेश में यह भी कहा है कि यह आदेश 27 फरवरी को शादी, बारात पार्टी, शव यात्रा, अस्पताल ले जा रहे व्यक्तियों, स्कूल, महाविद्यालय जा रहे स्टूडेंट्स पर लागू नहीं होगा।

### कांग्रेस सत्याग्रही पर भाजपा....

अधिवेशन में राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा का अनुभव शेयर किया। उन्होंने मोदी अडानी के रिश्ते को लेकर सवाल उठाए. राहुल गांधी ने यह तक कहा कि आजादी की लड़ाई ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ हुई थी, अब इतिहास रिपीट हो रहा है। अब अडानी के खिलाफ लड़ाई लड़ी जायेगी।

### ई-संजीवनी मध्यम वर्ग के लिए.....

लता दीदी और बिस्मिल्लाह खान को याद किया : पीएम ने कहा कि एकता दिवस पर तीन कंपिटीशन की बात कही थी, जो देशभक्ति गीत, लोरी और रंगोली में थी। इस प्रतियोगिता में देश भर के 700 से अधिक जिलों के 5 लाख से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि आप सबमें हर कोई अपनी-अपनी विधा में चैंपियन है। दिवंगत गायिका लता मंगेशकर को याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'दोस्तों, आज इस अवसर पर मुझे लता मंगेशकर जी की याद आना बहुत स्वाभाविक है, क्योंकि जिस दिन यह प्रतियोगिता शुरू हुई थी उस दिन लता दीदी ने ट्वीट कर देशवासियों से आग्रह किया था कि वे इस प्रयास में जरूर शामिल हों। पीएम ने उस्ताद बिस्मिल्लाह खान का भी जिक्र किया।

**मैथिली गीत की क्लिपिंग सुनायी :** पीएम ने लोरी लेखन में कर्नाटक के बीएन मंजूनाथ के जीतने की जानकारी दी और कहा कि कन्नड़ में लिखी इस लोरी को सुनने में आपको भी आनंद आयेगा। असम के कामरूप जिले के दिनेश गोवाला ने दूसरा प्राइज जीता है। रंगोली की एक से बढ़कर एक प्रतिभागी और विजेता पंजाब, महाराष्ट्र, गोआ के प्रतिभागियों का जिक्र किया गया। मोदी ने देशभक्ति गीतों के विजेताओं का भी जिक्र किया। इस दौरान मैथिली में भेजी गयी एक गीत की क्लिपिंग देश वासियों को सुनायी गयी।

स्पीड न्यूज

## पाक में विस्फोट, चार लोगों की मौत

पेशावर । पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में रविवार सुबह एक बाजार में हुए विस्फोट में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई जबकि 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी बरखान के उपायुक्त अब्दुल्ला खोसो ने कहा कि धमाका राखनी बाजार इलाके में मोटरसाइकिल में लगा आईईडी फटने से हुआ। बरखान के थाना प्रभारी सज्जाद अफजाल ने कहा कि घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है और आगे की जांच के लिए इलाके की घेराबंदी की गई है। घटना के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिनकी पुष्टि नहीं की जा सकती। इन वीडियो में कार्यकर्ताओं को खून से लथपथ पीड़ितों को घटनास्थल से ले जाते हुए देखा जा सकता है और आसपास भारी भीड़ दिख रही है।

## उमेश पाल हत्याकांड में इस्तेमाल कार बरामद

प्रयागराज (उप्र)। प्रयागराज पुलिस ने जेल में बंद माफिया डॉन अतीक अहमद के आवास के पास से एक लावारिस केट्रा कार जब्त की है। बिना नंबर प्लेट वाली इस कार का इस्तेमाल जाहिर तौर पर बसपा विधायक राजू पाल की हत्या के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या में किया गया था। एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हत्या में अतीक अहमद और उसका भाई अशरफ आरोपी हैं। उमेश पाल की शुक्रवार शाम उनके घर के सामने गोली मारकर हत्या की गई थी।

## पुंछ से पूर्व आतंकवादी सहित तीन गिरफ्तार

**पुंछ/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास मादक पदार्थों के तीन कथित तस्करों को रविवार को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से तीन किलोग्राम संदिग्ध हेरोइन बरामद की गई। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। गिरफ्तार आरोपियों में से एक पूर्व आतंकवादी भी है। उन्होंने बताया कि एक-एक किलोग्राम के तीन पैकेट को सीमा पार से तस्करी कर लाया गया था और सेना एवं पुलिस ने संयुक्त अभियान चला कर इन पैकेट को देगवार सेक्टर में एक पूर्व आतंकवादी और उसके दो सहयोगियों से बरामद किया।

## कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू को धमकी

लुधियाना । पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते एवं कांग्रेस के लुधियाना से सांसद रवनीत सिंह बिट्टू ने रविवार को दावा किया कि उन्हें फोन पर यह धमकी मिली है कि यदि उन्होंने खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के खिलाफ बोलना बंद नहीं किया तो इसके गंभीर अंजाम भुगतने पड़ेंगे। बिट्टू तीन बार के सांसद हैं। वह बेअंत सिंह के पोते हैं, जिनकी 1995 में हत्या कर दी गई थी।

## जेना होंगे ओडिशा के नये मुख्य सचिव

**भुवनेश्वर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी प्रदीप कुमार जेना को रविवार को ओडिशा का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया। एक आधिकारिक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। वर्ष 1989 बैच के अधिकारी जेना अभी राज्य के विकास आयुक्त और विशेष राहत आयुक्त थे।

## मप्र में विषाक्त भोजन से 43 लोग बीमार

**खरगोन।** मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में एक विवाह समारोह में खाना खाने के बाद 43 लोग बीमार पड़ गये। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। विवाह समारोह शनिवार रात खरगोन के न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में आयोजित किया गया था ।जिला अस्पताल के डॉ बी एम चौहान ने बताया कि वहां फ्रूट कस्टर्ड खाने के बाद 43 लोगों को उल्टियां हुईं।

# अमीरों की सूची में 30वें स्थान पर फिसले अडाणी

### 10 कंपनियों के मूल्यांकन में 12.06 लाख करोड़ रुपये की गिरावट

**अडाणी टोटल गैस लिमिटेड में 80.68 प्रतिशत की गिरावट**

**रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी फिर से देश के सबसे धनी आदमी बने**



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** एक महीने पहले गौतम अडाणी की गिनती दुनिया के तीसरे सबसे अमीर शख्स के रूप में होती थी लेकिन अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च की नकारात्मक रिपोर्ट आने के बाद उनकी अगुवाई वाले समूह के शेयरों में इस कदर बिकवाली हुई कि अब वह सबसे अमीर लोगों की सूची में 30वें स्थान पर आ गए हैं।

बंदरगाह, हवाई अड्डा, खाद्य तेल, बिजली, सीमेंट और डेटा केंद्र जैसे तमाम क्षेत्रों में कारोबारी दखल रखने वाले अडाणी समूह के शेयरों में बीते एक महीने में भारी बिकवाली हुई है। आंकड़े बताते हैं कि अडाणी समूह की 10 कंपनियों के सम्मिलित बाजार मूल्यांकन में इस दौरान 12.06 लाख करोड़ रुपये की भारी-भरकम गिरावट आ चुकी है।

हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट 24 जनवरी को प्रकाशित हुई थी जिसमें अडाणी समूह पर शेयरों के दाम बढ़ाने में हेराफेरी और फर्जी विदेशी कंपनियों का इस्तेमाल करने के गंभीर आरोप लगाए गए थे। हालांकि, अडाणी समूह ने इन आरोपों को झूठा एवं आधारहीन बताते हुए उन्हें खारिज कर दिया था। अडाणी समूह की तरफ से दिए गए तमाम स्पष्टीकरण के बाद भी इसके शेयरों में गिरावट का सिलसिला लगातार जारी है। सर्वाधिक नुकसान अडाणी टोटल गैस लिमिटेड को हुआ है जिसके बाजार मूल्यांकन में 80.68 प्रतिशत की बड़ी गिरावट हो चुकी है। इसी तरह अडाणी ग्रीन एनर्जी का मूल्यांकन 74.62 प्रतिशत घट गया है। अडाणी ट्रांसमिशन के बाजार मूल्य में 24 जनवरी से अबतक 74.21 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं समूह की मुख्य कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का मूल्यांकन करीब 62 प्रतिशत तक गिर चुका है। अडाणी पावर और अडाणी विल्मर के अलावा इसकी सीमेंट कंपनियों अंबुजा सीमेंट्स एवं एसीसी के बाजार पूंजीकरण में भी इस दौरान गिरावट दर्ज की गई है।

इसके साथ ही मीडिया कंपनी एनडीटीवी और अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड को भी मूल्यांकन में खासा नुकसान हुआ है।

**व्यक्तिगत पूंजी 40 अरब डॉलर हुआ :** अडाणी की व्यक्तिगत पूंजी की बात करें तो उनका मूल्यांकन 120 अरब डॉलर से घटकर 40 अरब डॉलर से भी कम रह गया है। इस तरह उनके व्यक्तिगत मूल्यांकन में 80 अरब डॉलर यानी दो-तिहाई की गिरावट आ चुकी है। अडाणी की संपत्ति में गिरावट आने के साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी फिर से देश के सबसे धनी आदमी बन गए हैं। अंबानी 81.7 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दुनिया के 10वें सबसे अमीर शख्स हैं।

अमेरिका के पूर्व वित्त मंत्री और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के पूर्व अध्यक्ष लैरी समर्स ने हाल ही में अडाणी प्रकरण की तुलना एनरॉन मामले से करते हुए कहा था कि यह भारत का एनरॉन प्रकरण बन सकता है। 2001 में कंपनी एनरॉन कॉरपोरेशन पर राजस्व बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने के आरोप लगने के बाद उसके शेयरों में भारी गिरावट आई थी।

## आइइडी विस्फोट में सीएएफ का जवान शहीद

**नारायणपुर ।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी में विस्फोट होने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) का प्रधान आरक्षक शहीद हो गया। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। नारायणपुर के एएसपी हेमसागर सिदार ने कहा कि घटना ओरछा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बटुम गांव के निकट सुबह करीब सात बजे हुई। उन्होंने बताया कि इलाके में नक्सलियों द्वारा बैनर लगाए जाने की सूचना के बाद ओरछा थाना से सीएएफ की एक टीम को गश्त के लिए भेजा गया था। ओरछा राज्य की राजधानी रायपुर से करीब 300 किलोमीटर दूर है।

# मनीष सिसोदिया गिरफ्तार

### गिरफ्तारी से पहले आबकारी नीति घोटाले में दिल्ली के डिप्टी सीएम से हुई 8 घंटे की पूछताछ



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता एवं उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में सीबीआई ने 8 घंटे की लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। सिसोदिया की यह गिरफ्तारी सबूतों को नष्ट करने के आरोप में हुई है। सिसोदिया को सोमवार को दोपहर में अदालत में पेश किया जाएगा।

अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के अधिकारियों ने आबकारी नीति के विभिन्न पहलुओं, दिनेश अरोड़ा और अन्य आरोपियों के साथ उनके कथित संबंधों और कई फोन से संदेशों के आदान-प्रदान के विवरण सहित अन्य मुद्दों पर मंत्री से पूछताछ की। सीबीआई जांचकर्ता सिसोदिया के जवाब से संतुष्ट नहीं थे। उन्होंने आरोप लगाया कि सिसोदिया जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे जिसके परिणामस्वरूप उन्हें गिरफ्तार किया गया।

**दोपहर में लंच करने नहीं जाने दिया :** इससे पहले पूछताछ के दौरान दोपहर में सिसोदिया को घर जाने की अनुमति नहीं दी गई थी। उस समय ही सिसोदिया की गिरफ्तारी की आशंका जताई जाने लगी थी। सिसोदिया सुबह करीब 11.10 बजे सीबीआई कार्यालय में पूछताछ के लिए पेश हुए थे। इससे पहले भी सिसोदिया को पिछले रविवार को पूछताछ के लिए बुलाया था। लेकिन बजट की तैयारियों का हवाला देते हुए उन्होंने इसे टालने का अनुरोध किया था। इसके बाद, सीबीआई ने उन्हें 26 फरवरी को पेश होने को कहा था। वहीं पूछताछ से पहले खुद सिसोदिया ने भी खुद की गिरफ्तारी की आशंका जताई थी।

आप नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि यह तानाशाही की इंतेहा हैं। वहीं, बीजेपी की तरफ से इस पर प्रतिक्रिया आई है। बीजेपी नेता कपिल मिश्रा ने कहा कि सिसोदिया ने दिल्ली के हजारों लाखों परिवारों को शराब के नशे के जाल में धकेला था। मिश्रा ने कहा कि जब कोरोना के काल में जब लोगों को दवाइयां, ऑक्सिजन सिलेंडर उपलब्ध कराने थे तब शराब के ठेके खोलने का काम किया। इस पाप पर दिल्ली की माता-बहनों ने जो बद्दुआ दी है, उससे सिसोदिया गिरफ्तार हुए हैं।

**शराब नीति से डीलरों को हुआ फायदा :** इससे पहले सीबीआई ने सिसोदिया के 'करीबी सहयोगी' दिनेश अरोड़ा के इकबालिया बयान, साउथ लॉबी के कथित सदस्यों और नीति को अपने पक्ष में कराने वाले नेताओं व शराब कारोबारियों के समूह से मिली जानकारी के आधार पर उपमुख्यमंत्री से विस्तृत पूछताछ की। आरोप है कि शराब व्यापारियों को लाइसेंस देने की दिल्ली सरकार की नीति से कुछ डीलरों को फायदा पहुंचा। आरोप है कि इन लोगों ने इसके लिए कथित रूप से रिश्वत दी थी।

सीबीआई के अनुसार यह भी आरोप है कि आबकारी नीति में बदलाव, लाइसेंसधारकों को अनुचित लाभ देना, लाइसेंस शुल्क में छूट/कमी, अनुमोदन के बिना एल-1 लाइसेंस का विस्तार आदि सहित अनियमितताएं की गईं।

# पुलवामा में आतंकियों ने की कश्मीरी पंडित की हत्या

### एटीएम में सुरक्षा गार्ड था मृतक संजय शर्मा

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकवादियों ने रविवार को कश्मीरी पंडित समुदाय के एक व्यक्ति की उस वक्त गोली मारकर हत्या कर दी, जब वह स्थानीय बाजार जा रहे थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना पूर्वाह्न करीब 11 बजे हुई और गोली 40 वर्षीय व्यक्ति के सीने में लगी। मृतक की पहचान जिले के अचन इलाके के निवासी संजय शर्मा के तौर पर हुई है, जो एक एटीएम के सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत थे। कश्मीर जोन की पुलिस ने एक ट्वीट में कहा क आतंकवादियों ने पुलवामा में अल्पसंख्यक समुदाय से ताल्लुक रखने वाले एवं अचन इलाके के निवासी काशीनाथ शर्मा के बेटे संजय शर्मा पर उस वक्त गोली चलाई,जब वह स्थानीय बाजार जा रहे थे। उन्होंने कहा कि शर्मा को अस्पताल ले जाया गया, जहां चोटों के चलते उन्होंने दम तोड़ दिया। इस बीच, शर्मा के सहकर्मियों ने कहा कि वह एक बैंक में एटीएम के सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत थे, लेकिन अपने समुदाय के सदस्यों पर पूर्व में हुए आतंकी हमलों के बाद वह रात की ड्यूटी पर नहीं आ रहे थे। राजनीतिक दलों ने हत्या की निंदा करते हुए इसे मूर्खतापूर्णकरार दिया। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के नेता उमर अब्दुल्ला ने एक ट्वीट में कहा के दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के अचन के संजय पंडित की मौत के बारे में सुनकर गहरा दुख हुआ। संजय एक बैंक सुरक्षा गार्ड के रूप में काम कर रहे थे और आज सुबह एक आतंकवादी हमले में मारे गए। मैं इस हमले की निंदा करता हूं और उनके प्रियजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करता हूं। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कश्मीरी पंडितों की रक्षा करने में विफल रहने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को दोषी ठहराया।

# मूसेवाला हत्याकांड के दो आरोपियों की हत्या

**▸▸ पंजाब के गोइंदवाल जेल में गैंगवार, मनदीप सिंह तूफान और मनमोहन सिंह की मौत और एक घायल**

एजेंसी

**तरनतारन।** पंजाब के तरनतारन स्थित गोइंदवाल साहिब जेल में गैंगवार के दौरान दो की मौत हो गई। जेल में दो गैंग के बदमाशों के बीच हिंसक झड़प हुई जिसमें मनदीप सिंह तूफान और मनमोहन सिंह की हत्या कर दी गई। दोनों गैंगस्टर सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस के आरोपी हैं।

बठिंडा निवासी तीसरा गैंगस्टर केशव गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। उसे अमृतसर के अस्पताल पहुंचाया गया है।तीनों के सिर पर धारदार हथियार से हमला किया गया है। चिकित्सा अधिकारी डॉ. जगजीत सिंह ने बताया कि जेल से लाए गए तीन घायलों में से दो की मौक पहले ही हो चुकी थी। तीसरे की हालत गंभीर है और उसे भारी सुरक्षा के बीच अमृतसर के गुरु नानक देव अस्पताल रेफर कर दिया गया।गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के आरोपियों को जेल में कड़ी सुरक्षा में रखा गया था। ऐसे में दो गैंगस्टरों की मौत हो जाना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। बताया जा रहा है कि वारदात में आरोपियों ने लोहे की रॉड का इस्तेमाल किया। एसएसपी गुरमीत सिंह ने बताया कि मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी गई है। राई निवासी दुरान मनदीप सिंह तूफान को सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस में अरेस्ट किया गया था। पुलिस ने मनदीप तूफान को गैंगस्टर मणि रइया के साथ पकड़ा था। तूफान को तरनतारन के थाना वैरोवाल के एक गांव से दबोचा गया था। गैंगस्टर मनदीप तूफान जग्गू भगवानपुरिया गैंग का शार्प शूटर था। जग्गू से पूछताछ के बाद मूसेवाला हत्याकांड में नाम सामने आया था। बठिडा निवासी केशव व बादलादा निवासी मनमोहन सिंह मोहना को अस्पताल तरनतारन में भर्ती कराया गया था।

## सरकार की तानाशाही के खिलाफ मजबूती से लड़ना होगा : खड़गे

**रायपुर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर अलोकतांत्रिक होने का आरोप लगाया और कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए लोगों को सरकार की तानाशाही के खिलाफ मजबूती से लड़ना होगा। वह कांग्रेस के तीन दिवसीय 85वें पूर्ण अधिवेशन के समापन पर जोरा में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। खड़गे ने कहा कि केंद्र में मौजूदा सरकार लोकतांत्रिक नहीं है। यह सरकार जनता के लिए काम नहीं करती है। यह सरकार केवल अपनी तानाशाही चलाती है। उन्होंने कहा कि हम संसद में गरीबों, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और महिलाओं से संबंधित मुद्दों को उठाने के लिए स्वतंत्र नहीं हैं। हमने किसी अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल नहीं किया, हमने सिर्फ अडाणी के बारे में सवाल पूछा था।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि 2004 से पहले अडाणी की संपत्ति तीन हजार करोड़ रुपये थी जो 2014 में 50 हजार करोड़ रुपये हो गई।

# पाक में एक दर्जन आतंकी संगठन

**भारतीय मूल की हेली बोलीं राष्ट्रपति बनी तो बंद होगी मदद**



एजेंसी

वॉशिंगटन। भारतीय मूल की निक्की हेली साल 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी की उमीदवार हैं। निक्की ने 15 फरवरी से अपने चुनावी अभियान की शुरूआत भी कर दी। अब उन्होंने एक वादा देश और दुनिया से किया है कि अगर वह राष्ट्रपति बनती हैं तो फिर अमेरिका के दुश्मनों जैसे चीन और पाकिस्तान के साथ कोई नरमी नहीं बरतेंगी। निक्की ने कहा है अमेरिका के दुश्मनों को मिलने वाली विदेशी मदद को बंद कर दिया जाएगा। उनकी मानें तो जो देश अमेरिका से नफरत करते हैं उन्हें एक फीसदी भी राहत नहीं मिलेगी। निक्की, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत रह चुकी हैं। इसके अलावा उन्हें दक्षिणी कैरोलिना की गर्वनर रहकर इस पद पर काम करने का भी अनुभव मिला हुआ है। निक्की ने न्यूयॉर्क पोस्ट में एक ओपिनियन लिखा है। इसी ओपिनियन में उन्होंने लिखा, 'मैं हर उस देश को मिलने वाली विदेशी मदद को बंद करूंगी जो हमसे नफरत करते हैं। एक मजबूत अमेरिका को बुरे लोगों के लिए कुछ भी करने का अधिकार नहीं है। एक गौरवशाली अमेरिका हमारी जनता की गाढ़ी कमाई को ऐसे बर्बाद नहीं होने देगा। और सिर्फ ऐसे नेता हमारे विश्वास के अधिकारी हैं जो देश के दुश्मनों के खिलाफ खड़े हो सकें और हमारे दोस्तों के साथ खड़े रहें। निक्की ने आगे लिखा कि हमनें इराक को एक अरब डॉलर से भी ज्यादा की मदद पिछले कुछ सालों में दी है और इसके बाद भी सरकार ईरान में बैठे हत्यारों के करीब आ रही है। वह देश जो हमेशा अमेरिका को मौत के नारे लगाता है और हमार सैनिकों पर हमला करता है। बाइडेन प्रशासन ने पाकिस्तान के लिए भी सैन्य मदद बहाल कर दी है। जबकि यह देश कम से कम एक दर्जन आतंकी संगठनों का गढ़ है और इसकी सरकार पूरी तरह से चीन के लिए समर्पित है।'

**अमेरिका के दोस्तों के खिलाफ प्रपोगैंडा :** निक्की के मुताबिक राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनकी टीम ने करीब आधे अरब डॉलर एक भ्रष्ट संयुक्त राष्ट्र एजेंसी को दिए हैं जो फलस्तीन के लोगों की मदद के लिए है। उनका आरोप है कि इस रकम से अमेरिका के साथी इजरायल के खिलाफ एक प्रपोगैंडा चलाया जा रहा है। हेली ने साल 2024 के लिए अभियान की शुरूआत कर दी है। वह खुद को नई पीढ़ी के रिपब्लिकन नेताओं की लीग में वोटर्स के सामने पेश कर रही हैं। हेली भारतीय मूल की पहली अमेरिकी महिला हैं जिन्हें रिपब्किलन पार्टी की उम्मीदवारी मिली है।

## प्रधानमंत्री आज जारी करेंगे पीएम किसान योजना की 13वीं किस्त

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पीएम-किसान योजना की 13वीं किस्त के रूप में सोमवार को आठ करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में 16,800 करोड़ रुपये की राशि जारी करेंगे।प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत पात्र किसानों को हर चार महीने पर 2,000 रुपये की तीन समान किस्तों में प्रतिवर्ष 6,000 रुपये का वित्तीय लाभ दिया जाता है। यह राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जाती है। यह योजना फरवरी, 2019 में पेश की गई थी लेकिन इसे दिसंबर 2018 से प्रभावी माना गया था। प्रधानमंत्री मोदी कर्नाटक के बेलगावी में आयोजित एक कार्यक्रम में पीएम-किसान योजना की 13वीं किस्त जारी करेंगे। इस कार्यक्रम में पीएम किसान और जल जीवन मिशन के लाभार्थियों समेत लगभग एक लाख लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और कृषि सचिव मनोज आहूजा भी इस दौरान मौजूद रहेंगे।

# सिंधिया के बेटे महाआर्यमन कृषि स्टार्टअप में अजमा रहे हाथ

**माईमंडी को डेढ़ साल के भीतर लाभदायक उद्यम के रूप में तब्दील करने की मुहिम में जुटे**



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ग्वालियर के सिंधिया राजघराने के वारिस महाआर्यमन सिंधिया ने अपनी विरासत से इतर जाकर उद्यमशीलता के क्षेत्र में कदम रखा है। वह अपने स्टार्टअप माईमंडी को डेढ़ साल के भीतर लाभदायक उद्यम के रूप में तब्दील करने की मुहिम में जुट गए हैं। समाज सेवा एवं राजनीति के क्षेत्र में परिवार से मिली विरासत के अलावा 27 साल के महाआर्यमन के पास बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप और सॉफ्टबैंक जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ काम करने का भी अनुभव है। उन्होंने सूर्यांश राणा के साथ मिलकर कृषि स्टार्टअप माईमंडी की वर्ष 2022 में बुनियाद रखी। इसके जरिये कृषि उपज के अवशिष्ट और लॉजिस्टिक लागत में कटौती करने का लक्ष्य है। इस स्टार्टअप ने ग्वालियर से काम करना शुरू किया। यहां पर खुद सिंधिया अपनी पहचान छिपाने के लिए चेहरा ढंककर स्थानीय मंडियों में जाते हैं और ताजा फसलों को खरीदते हैं। फिर उस कृषि उत्पाद को फर्म के आपूर्ति साझेदारों- गली मोहल्ले के दुकानदारों और ठेले वालों तक पहुंचा दिया जाता है।

सिंधिया ने कहा कि परिचालन शुरू होने के छह महीनों में ही माईमंडी के कारोबार में चार गुना बढ़ोतरी हो चुकी है। इसका राजस्व जुलाई, 2022 में 11 लाख रुपये था जो जनवरी, 2023 में बढ़कर करीब 60 लाख रुपये हो गया। उन्होंने कहा कि मार्च के अंत तक इसका कारोबार बढ़ाकर 1.5-2 करोड़ रुपये पहुंचाने का हमारा इरादा है। इस तरह वित्त वर्ष का अंत हम 4.5-5 करोड़ रुपये के कारोबार के साथ करना चाहते हैं। अगले वित्त वर्ष में दिसंबर तक हमारी योजना पांच करोड़ रुपये मासिक कारोबार की है। हमें दिसंबर तक लाभ की स्थिति में पहुंचने की भी उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महाआर्यमन सिंधिया ने कहा कि इस साल की पहली छमाही में कंपनी की निवेशकों से आठ करोड़ रुपये जुटाने की भी योजना है। इसके लिए माईमंडी का उद्यमिता मूल्य करीब 150 करोड़ रुपये आंका जा रहा है। उन्होंने कहा कि निवेशकों से मिलने वाली पूंजी का इस्तेमाल बेहतर डेटा जुटाने और कारोबार वाले शहरों के बारे में समझ पैदा करने वाली प्रौद्योगिकी में किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से हमारा मार्जिन 15 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक सुधर जाएगा। इससे हमें दिसंबर तक लाभपरक होने में मदद मिलेगी। माईमंडी के सह-संस्थापक 25 वर्षीय राणा ने कहा कि फर्म का नकद प्रवाह अच्छा है और नए शहरों में कारोबार विस्तार के लिए ही कंपनी को नई पूंजी की जरूरत है। कंपनी ने अभी तक निवेशकों से 4.2 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

## हेराफेरी 3 में काम करेंगे संजय दत्त



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त हेराफेरी 3 में काम करते नजर आ सकते हैं। अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल की तिकड़ी 'हेरा फेरी 3' में नजर आयेगी। कहा जा रहा है कि हेरा फेरी 3 में संजय दत्त की भी एंट्री हो गई है। बताया जा रहा है कि फिल्म में संजय नेगेटिव रोल में नजर आने वाले है। संजय दत फिल्म में एक विलेन की भूमिका निभाएंगे। फिल्म में वह विलेन के साथ-साथ एक अंधे व्यक्ति के किरदार में नजर आएंगे। उनका किरदार काफी विचित्र होने वाला है। फिल्म के निर्माताओं को लगा कि वह इस भूमिका के लिए संजय दत्त परफेक्ट साबित होंगे।

